CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :27°C
न्यूनतम: 12°C

लखनऊ, बुधवार 12 नवम्बर 2025 लखनऊ संस्करण: वर्ष 17 अंक 7 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | मार्गशीर्ष कृष्ण पक्ष 7 विक्रमी सम्वत् 2082 | 20 जमादिउल उला1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित





महाभारत सर्किट के विकास के लिए दो करोड़ का बजट स्वीकृत पेज 2



सम्राट राणा ने आईएसएसएफ विश्व चैंपियनशिप में जीता स्वर्ण पदक खेल टाइम्स



बिहार में चुनाव और दिल्ली में विस्फोट सम्पादकीय



इस्लामाबाद कोर्ट कैंपस ब्लास्ट में 12 की मौत, 36 लोग घायल पेज 12

## संक्षिप्त समाचार

### आजम खां भड़काऊ भाषण केस में बरी नहीं मिल पाए साक्ष्य

**रामपुर।** सिविल लाइंस थाने में छह साल पहले सपा नेता आजम खां पर दर्ज भड़काऊ भाषण के मामले में कोर्ट ने फैसला सुनाया है। मंगलवार को हुई सुनवाई में साक्ष्य के अभाव में आजम खां को बरी कर दिया है। 2019 के लोकसभा चुनाव में तत्कालीन एसडीएम सदर पीपी तिवारी की ओर से सपा नेता आजम खां के खिलाफ भड़काऊ भाषण का मामला दर्ज कराया गया था। यह मामला कोर्ट में विचाराधीन था। इस मामले में अभियोजन और बचाव पक्ष की ओर से अंतिम बहस पूरी हो चुकी थी। मंगलवार को इस मामले की सुनवाई हुई। सुनवाई के लिए सपा नेता आजम खां दोपहर में कोर्ट पहुंचे, जहां पर मामले की सुनवाई हुई। सुनवाई के बाद एमपी-एमएलए मजिस्ट्रेट कोर्ट शोभित बंसल ने साक्ष्य के अभाव में सपा नेता को बरी कर दिया।

### बीजापुर में मुठभेड़ छह माओवादी ढेर हथियार बरामद

**बीजापुर।** बीजापुर जिले के नेशनल पार्क क्षेत्र में सुबह 10 बजे से सुरक्षाबलों और माओवादियों के बीच रुक-रुक कर मुठभेड़ हुई। जानकारी के अनुसार अब तक 6 माओवादियों के शव बरामद किए गए हैं। मौके से ऑटोमैटिक हथियार, इंसॉस राइफल, स्टेनगन, .303 राइफल, विस्फोटक सामग्री सहित भारी मात्रा में माओवादी सामग्री भी जब्त की गई है। माओवादियों की मौजूदगी की सूचना पर डीआरजी बीजापुर, डीआरजी दंतेवाड़ा और एसटीएफ की संयुक्त टीम ने मंगलवार सुबह सर्च ऑपरेशन शुरू किया। इसी दौरान नेशनल पार्क क्षेत्र में माओवादियों से मुठभेड़ शुरू हुई, जो सुबह 10 बजे से रुक-रुक कर जारी है।

### दिल्ली कार धमाके के बाद पाकिस्तानी वायुसेना अलर्ट

**नई दिल्ली।** दिल्ली धमाके के बाद पाकिस्तान ने घबराहट में राजस्थान से लगी सीमा पर वायु सेना की पेट्रोलिंग शुरू करा दी। उसकी तीनों सेनाओं के प्रमुखों ने एक इमरजेंसी बैठक की। पीएम शहबाज शरीफ भी एनएसए और डीजी आईएसआई के साथ देर रात तक बैठकें करते रहे। इसी बीच जैसलमेर के बाड़मेर में सेना का युद्धाभ्यास ऑपरेशन त्रिशूल चल रहा है। इसमें पाकिस्तानी सीमा के पास हाईवे पर जगुआर फाइटर जेट उतारा गया। ऑपरेशन सिंदूर के बाद यह सबसे बड़ा युद्धाभ्यास है।

### तमिलनाडु- बंगाल में SIR, सुप्रीम कोर्ट ने ईसी से जवाब मांगा

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल में स्पेशल इंटेंसिव रिविजन (एसआईआर) प्रक्रिया को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर चुनाव आयोग (ईसी) से अलग-अलग जवाब मांगे हैं। सुप्रीम कोर्ट ने ईसी से दो सप्ताह में जवाब दाखिल करने को कहा है। दोनों राज्यों में एसआईआर प्रक्रिया के खिलाफ डीएमके, सीपीआई (एम), पश्चिम बंगाल कांग्रेस इकाई और टीएमसी नेताओं ने याचिकाएं दाखिल की थीं। कोर्ट ने तमिलनाडु में एसआईआर का समर्थन करने वाली एआईएडीएमके पार्टी की याचिका को भी सुनवाई में शामिल करने की परमिशन दी।

# 16 एग्जिट पोल में बिहार में एनडीए सरकार

पटना/नई दिल्ली, वार्ता

- 154 सीटों के साथ एनडीए को बहुमत, महागठबंधन 83 सीटों पर सिमट रहा, पीके की जन सुराज बेअसर
- पिछले दो चुनावों में गलत साबित हुए थे एग्जिट पोल, बिहार में एग्जिट पोल पूरी तरह भरोसेमंद नहीं रहे



**बिहार चुनाव** के एग्जिट पोल में एनडीए की बड़ी बढ़त के संकेत मिले हैं। 16 एजेंसियों के पोल ऑफ पोल्स में एनडीए को 154 सीटें मिलने का अनुमान है। महागठबंधन 83 सीटों पर सिमटता दिख रहा है, जबकि अन्य के खाते में 5 सीटें जा सकती हैं। पहली बार चुनाव में उतरी प्रशांत किशोर की जन सुराज पार्टी बेअसर नजर आ रही है। उसे 3-5 सीटें मिलने का अनुमान है।

पिछले चुनाव में एनडीए को 125, महागठबंधन को 110 और अन्य को 8 सीटें मिली थीं। यानी इस बार एनडीए को करीब 29 सीटों का फायदा, जबकि महागठबंधन को 28 सीटों का नुकसान होता दिख रहा है। राज्य में 243 सीटों पर 2 फेज में चुनाव हुआ। पहले फेज में 121 सीटों पर 65 फीसदी वोटिंग हुई है। वहीं दूसरी फेज में रिकॉर्ड 68.5 फीसदी मतदान हुआ है। रिजल्ट 14 नवम्बर को आएगा। पिछले 3 विधानसभा चुनावों (2010, 2015, 2020) के एग्जिट -**शेष पृष्ठ दो पर**



### आजादी के बाद पहली बार 68.55% मतदान

**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण में 20 जिलों की 122 सीटों पर बंपर वोटिंग हुई है। शाम पांच बजे तक ही मतदाताओं ने सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए थे। मतदान खत्म होने के बाद 68.55 फीसदी वोटिंग हुई। आजादी के बाद पहली बार इतना मतदान हुआ है। गया के नक्सल प्रभावित इलाके में भी सफल मतदान संपन्न हुआ। एक समय यहां नक्सल दस्ते की सक्रियता इतनी थी कि वर्ष 2016 में डुमरी नाला ब्लास्ट में 10 कोबरा जवान शहीद हुए थे। लेकिन अब यह इलाका नक्सल मुक्त घोषित किया जा चुका है। इस क्षेत्र के मतदान केन्द्रों पर उल्लेखनीय मतदान हुआ।

### दिल्ली में ग्रैप-3 लागू, 5वीं तक के स्कूल होंगे ऑनलाइन/ऑफलाइन

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार ने ग्रैप- 3 लागू होने के बाद दिल्ली में पांचवीं कक्षा तक के स्कूलों को ऑनलाइन/ऑफलाइन करने का निर्णय लिया है। सीएक्यूएम ने दिल्ली में बढ़ते प्रदूषण के मद्देनजर ग्रैप- 3 लागू कर दिया है। सीएक्यूएम ने कहा कि राजधानी दिल्ली और आस-पास के क्षेत्रों में हवा की गुणवत्ता को और बिगड़ने से रोकने के प्रयास में ग्रैप-3 के सभी उपायों को तुरंत लागू करने का फैसला किया है। दिल्ली शिक्षा निदेशालय ने सीएक्यूएम के आदेश का हवाला देते हुए 5वीं कक्षा के स्कूलों को ऑनलाइन/ऑफलाइन रूप से संचालित करने का निर्णय लिया है।

# डा.उमर का दोस्त डा. सज्जाद गिरफ्तार

## करीब 20 घंटे बाद एनआईए को सौंपी जांच, मृतक संख्या बढ़कर 12 हुई, दो महिलाएं भी शामिल

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** दिल्ली में सोमवार शाम हुए कार ब्लास्ट की जांच करीब 20 घंटे बाद एनआईए को सौंप दी गई। इस बीच ब्लास्ट में मरने वालों की संख्या मंगलवार को बढ़कर 12 हो गई। इनमें 2 महिलाएं हैं। 20 घायलों का इलाज जारी है। लाल किला मेट्रो स्टेशन के गेट नंबर-1 के पास सोमवार शाम करीब 6.52 बजे हुए ब्लास्ट में जिस सफेद आई-20 कार का इस्तेमाल हुआ, उसका सीसीटीवी फुटेज मंगलवार को सामने आया। मेट्रो स्टेशन की पार्किंग से निकल रही कार में काला मास्क पहने एक शख्स बैठा दिखाई दिया।

पुलिस के मुताबिक कार में बैठे शख्स का नाम डा. मोहम्मद उमर नबी है। वह पुलवामा का रहने वाला है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक उसने विस्फोटकों से खुद को उड़ा लिया था। उसके डीएनए टेस्ट के लिए जम्मू-कश्मीर पुलिस ने पुलवामा में उसके माता-पिता और दो भाइयों को हिरासत में लिया है। पुलवामा से ही उमर के दोस्त डा. सज्जाद को भी हिरासत में लिया गया। उसकी एक दिन पहले ही शादी हुई है। इधर हरियाणा के फरीदाबाद से एक महिला डा. शाहीन शाहिद की गिरफ्तारी हुई है। पुलिस के मुताबिक शाहीन भारत में जैश-ए-मोहम्मद की महिला विंग जमात-उल-मोमीनात की हेड थी। पाकिस्तान में आतंकी अजहर मसूद की बहन सादिया इसकी चीफ है। फोरेंसिक एक्सपर्ट की टीमों ने ब्लास्ट वाली जगह से सबूत जुटाए हैं। यहां से कई सैंपल लिए गए हैं। ब्लास्ट के वाहनों के हिस्से कई मीटर दूर जाकर गिरे थे। ब्लास्ट की तीव्रता इतनी तेज थी कि धमाके वाली जगह से काफी दूर खड़ी एक कार के दोनों एयर बैग ऑटोमैटिक खुल गए थे। कार की विंडशील्ड भी क्षतिग्रस्त हुई थी। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, लालकिले के पास ब्लास्ट को अंजाम देने वाला डा. मोहम्मद उमर नबी 3 दिन से अंडरग्राउंड था। तब से उसे पता चला था कि जम्मू-कश्मीर पुलिस ने फरीदाबाद में डा. मुजम्मिल को गिरफ्तार किया है। तब से ही वो गायब था। उसने अपना मोबाइल भी ऑफ कर लिया था। परिवार से भी उसका कोई संपर्क नहीं हुआ था। दिल्ली विस्फोट के बाद उत्तर प्रदेश के बहराइच में भारत-नेपाल सीमा पर सुरक्षा कड़ी कर दी गई है। इंडो-नेपाल बॉर्डर पर एसएसबी ने व्यापक तलाशी अभियान शुरू किया है। दिल्ली में बम ब्लास्ट के बाद राजस्थान में भारत- पाकिस्तान बॉर्डर से सटे सीमावर्ती जिलों में बीएसएफ (बॉर्डर सिक्योरिटी फोर्स) ने चौकसी बढ़ा दी है।

### दिल्ली ब्लास्ट: डीएनए टेस्ट के लिए भाई व मां-बाप हिरासत में, फरीदाबाद से डा. शाहीन जैश महिला विंग की हेड गिरफ्तार



### सीसीटीवी में पुलवामा का डाक्टर कार चलाते दिखा

- दावा: फरीदाबाद आतंकी मॉड्यूल से जुड़ा था, तीन डाक्टरों की गिरफ्तारी के बाद किया धमाका

**नई दिल्ली।** दिल्ली में सोमवार शाम लालकिला मेट्रो स्टेशन के गेट नंबर-1 के पास सफेद रंग की जिस हुंडई आई-20 कार में धमाका हुआ, उसका एक सीसीटीवी फुटेज सामने आया है। सीसीटीवी फुटेज में काले रंग का मास्क पहने एक शख्स पार्किंग एरिया से कार लेकर निकलता दिखाई दिया।

सूत्रों के अनुसार, कार में बैठे संदिग्ध व्यक्ति का चेहरा पेशे से डा. मोहम्मद उमर नबी से मेल खाता है। डाक्टर उमर पुलवामा का रहने वाला है। उस पर जैश-ए-मोहम्मद आतंकी मॉड्यूल से जुड़े होने का आरोप है। सुरक्षा एजेंसियों को शक है वह फरीदाबाद आतंकी मॉड्यूल से जुड़ा था।

### दिल्ली धमाके में यूपी के पांच लोगों की मौत

**लखनऊ।** लालकिला मेट्रो स्टेशन के नजदीक कार में हुए धमाके में 12 लोगों की मौत हुई, जिसमें से पांच लोग उत्तर प्रदेश के रहने वाले थे। इन पांच लोगों में दो अमरोहा जिले के अशोक, लोकेश, मेरठ के मोहसिन, श्रावस्ती के दिनेश और शामली के नोमान हैं। शामली के झिंझाना निवासी 22 वर्षीय नोमान अंसारी कस्बे में कास्मेटिक की दुकान करता था। सोमवार शाम वह अमन के साथ सामान खरीदने दिल्ली गया था। पार्किंग में गाड़ी खड़ी करने के बाद वहां से निकल रहे थे कि इस दौरान तेज धमाका हुआ, जिसमें नोमान की मौत हो गई, जबकि उसका भाई अमन गंभीर घायल हो गया। सूचना मिलने पर सीओ कैराना, झिंझाना पुलिस भी नोमान के घर पहुंची और मामले की जानकारी ली। वहीं, मेरठ के न्यू इस्लामनगर गली नंबर-28 निवासी मोहसिन पुत्र रफीक दो साल पहले पत्नी सुलताना दो बच्चों के साथ दिल्ली में जामा मस्जिद स्थित पत्ता मोहल्ले में किराये के मकान में रहता था। रोजाना की यह सोमवार को ई रिक्शा चलाने के लिए गया था। शाम को एक कार में धमका हुआ, जिसकी चपेट में मोहसिन भी आ गया था और उसकी मौत हो गई। मोहसिन के भाई का कहना है कि करीब तीन घंटे तक तलाश के बाद भाई का शव मिला। अमरोहा के हसनपुर निवासी खाद विक्रेता लोकेश अग्रवाल अपनी समधन शशि अग्रवाल का कुशलक्षेम जानने दिल्ली पहुंचे थे।

# दिल्ली धमाके के दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा: मोदी



- इसकी तह तक जाएंगे, भूटान में बोले प्रधानमंत्री

**थिम्फू।** भूटान के दो दिवसीय दौरे पर गए प्रधानमंत्री मोदी ने दिल्ली में हुई कार विस्फोट की घटना पर दुख व्यक्त किया और साथ ही ये भी कहा कि इस घटना के जिम्मेदार लोगों को बख्शा नहीं जाएगा। प्रधानमंत्री ने दिल्ली विस्फोट की घटना को साजिश करार दिया।

उन्होंने ये भी कहा कि वे बीती रात जांच एजेंसियों के संपर्क में रहे और धमाके से जुड़ी जानकारी लेते रहे। सोमवार शाम दिल्ली में बम धमाका हुआ और पीएम मोदी तय कार्यक्रम के अनुसार, मंगलवार सुबह भूटान पहुंचे। यहीं उन्होंने दिल्ली विस्फोट की घटना पर बयान दिया। पीएम मोदी ने थिम्फू में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान कहा कि आज मैं यहां बहुत भारी मन से आया हूं। सोमवार शाम दिल्ली में हुई भयावह घटना ने सभी के मन को व्यथित कर दिया है। मैं पीड़ित परिवारों का दुख समझता हूं। आज पूरा देश उनके साथ खड़ा है। मैं सोमवार रातभर इस घटना की जांच में जुटी सभी एजेंसियों के साथ, सभी महत्वपूर्ण लोगों के साथ संपर्क में था। हमारी एजेंसियां इस षड्यंत्र की तह तक जाएंगी। इसके पीछे के षड्यंत्रकारियों को बख्शा नहीं जाएगा।

### दिल्ली ब्लास्ट की जांच तीन एंगल पर कर रही पुलिस

**नई दिल्ली।** दिल्ली में लाल किला मेट्रो स्टेशन के पास धमाके से जुड़ा एक सीसीटीवी फुटेज मंगलवार को सामने आने के बाद पुलिस की जांच 3 एंगल (डा. उमर के मूवमेंट, फरीदाबाद टेरर मॉड्यूल और विस्फोटक) पर फोकस हो गई है। दरअसल, ब्लास्ट में जिस सफेद आई-20 कार का इस्तेमाल हुआ था, उसके एक सीसीटीवी फुटेज में डा. मो. उमर नबी नजर आया है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, उमर ने आत्मघाती धमाका किया। विस्फोट में अमोनियम नाइट्रेट, फ्यूल और डेटोनेटर का इस्तेमाल किया गया था। दिल्ली में धमाके से एक दिन पहले, जम्मू-कश्मीर पुलिस ने फरीदाबाद में एक आतंकी मॉड्यूल से जुड़े 3 तीन डाक्टरों सहित 8 लोगों को गिरफ्तार किया था। उनके पास से 2,900िह विस्फोटक बरामद हुआ था।

# निठारी कांड का दोषी सुरेंद्र कोली बरी

शाह टाइम्स ब्यूरो



- सुप्रीम कोर्ट ने कोली की क्यूरेटिव याचिका स्वीकारी, 18 साल बाद रिहाई का रास्ता हुआ साफ

**नई दिल्ली।** निठारी हत्याकांड के दोषी ठहराए गए सुरेंद्र कोली को सुप्रीम कोर्ट से बड़ी राहत मिली है। मंगलवार को उच्चतम न्यायालय ने कोली की क्यूरेटिव याचिका स्वीकार कर ली, जिसके बाद अब वह जेल से बाहर आ सकेगा, क्योंकि बाकी सभी मामलों में वह पहले ही बरी हो चुका है।

यह आदेश मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई, न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति विक्रम नाथ की पीठ ने दिया, जिसने कोली की याचिका पर खुले कोर्ट में सुनवाई की थी। अदालत ने कोली की सजा को रद्द करते हुए कहा कि अगर वह किसी और मामले में वांछित नहीं हैं, तो उसे तुरंत रिहा किया जाए। यह फैसला उन परिवारों और कानूनी हलकों के लिए अहम है, जो पिछले 18 वर्षों से इस मामले पर नजर रखे हुए थे। सुप्रीम कोर्ट की बेंच ने कहा कि अभियोजन पक्ष सुरेंद्र कोली के खिलाफ ठोस और विश्वसनीय सबूत पेश नहीं कर पाया। अदालत ने माना कि जांच के दौरान कई गंभीर प्रक्रियागत खामियां रहीं, जिसके चलते दोषसिद्धि बरकरार नहीं रखी जा सकती। कोर्ट ने अपने आदेश में यह भी कहा कि किसी व्यक्ति को सिर्फ परिस्थितिजन्य साक्ष्यों के आधार पर उम्रकैद या फांसी नहीं दी जा सकती, जब तक कि आरोप बिना किसी संदेह के साबित न हों। सुरेंद्र कोली 2006 के नोएडा निठारी कांड में मुख्य आरोपी था। उस वक्त निठारी गांव में बच्चों के गायब होने और फिर उनके शवों के मिलने से पूरे देश में सनसनी फैल गई थी।

# ट्रम्प भारत पर धीरे-धीरे टैरिफ घटाएंगे

वाशिंगटन, वार्ता

- कहा: नई ट्रेड डील जल्द, भारतीयों को मुझसे अभी प्यार नहीं, लेकिन फिर से करने लगेंगे, मोदी के साथ मेरे शानदार संबंध



**अमेरिकी राष्ट्रपति** डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा कि भारत और अमेरिका एक नए व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने के करीब पहुंच गए हैं। उन्होंने कहा कि अमेरिका भारत पर लगे टैरिफ को धीरे-धीरे कम करेगा।

यह बयान भारत में नए अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर के शपथ ग्रहण समारोह के दौरान ओवल आफिस में दिया गया। ट्रम्प ने कहा कि वे मुझसे अभी प्यार नहीं करते, लेकिन वे मुझसे फिर प्यार करेंगे। हमें एक अच्छा सौदा मिल रहा है। भारत पर टैरिफ कम करने के सवाल पर ट्रम्प ने कहा कि भारत पर ऊंचे टैरिफ रूसी तेल खरीदने की वजह से लगाए गए थे, लेकिन अब भारत ने रूसी तेल की खरीद बहुत कम कर दी है। उन्होंने कहा कि हां, हम टैरिफ कम करेंगे। ट्रम्प ने कहा कि भारत दुनिया की सबसे पुरानी सभ्यताओं में से एक है, दुनिया का सबसे बड़ा देश है और इसकी आबादी 1.5 अरब से ज्यादा है। साथ ही प्रधानमंत्री मोदी के साथ हमारे शानदार संबंध हैं और सर्जियो ने इसे और बढ़ाया है। ट्रम्प ने आगे कहा कि भारत सबसे तेजी से बढ़ने वाला वर्ग भी है, और यह हिंद-प्रशांत क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण आर्थिक और रणनीतिक सुरक्षा साझेदार है। राजदूत के रूप में सर्जियो हमारे देश के बंधन को मजबूत करने, प्रमुख अमेरिकी उद्योगों में निवेश को बढ़ावा देने, अमेरिकी ऊर्जा निर्यात को बढ़ाने और हमारे सुरक्षा सहयोग का विस्तार करने के लिए काम करेंगे। भारत के कामर्स मिनिस्टर पीयूष गोयल ने 5 नवम्बर को कहा था कि दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय व्यापार समझौते की बातचीत बहुत अच्छी चल रही है। हालांकि उन्होंने कहा था कि कुछ संवेदनशील मुद्दे अभी बाकी हैं, इसलिए समय लग रहा है। फरवरी 2025 में शुरू हुए इस समझौते का लक्ष्य है कि 2030 तक दोनों देशों के बीच व्यापार 191 अरब डॉलर से बढ़कर 500 अरब डॉलर हो जाए।

## संक्षिप्त समाचार

### महाभारत सर्किट के विकास को दो करोड़ का बजट स्वीकृत

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग ने महाभारत सर्किट के अंतर्गत मेरठ जिला स्थित परीक्षितगढ़ के श्रृंगी ऋषि आश्रम के समेकित पर्यटन विकास की महत्वाकांक्षी योजना को मंजूरी दी है। इसके लिए राज्य सरकार ने वित्त वर्ष 2025-26 के लिए इस परियोजना के लिए दो करोड़ रुपये की धनराशि स्वीकृत की है। श्रृंगी ऋषि आश्रम के संबंध में यह मान्यता है कि यहीं से कलियुग की शुरुआत हुई थी। महाभारत काल की कई प्रमुख घटनाएं इसी क्षेत्र से जुड़ी मानी जाती हैं। यह स्थल ऐतिहासिक एवं धार्मिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि मेरठ के इस प्राचीन स्थल पर ऋषि श्रृंगी और ऋषि शमीक की प्रतिमाएं स्थापित हैं, जो पर्यटकों में विशेष आकर्षण का केंद्र हैं।

### चीनी उत्पादन में दर्ज हो सकती है दो प्रतिशत की बढ़ोतरी

**लखनऊ।** गन्ने के रकबे में मामूली गिरावट के बावजूद उत्तर प्रदेश में चीनी उत्पादन लगभग स्थिर रहने की संभावना है। भारतीय चीनी मिल संघ के शुरुआती अनुमानों के अनुसार, 2025-26 में राज्य में चीनी उत्पादन में करीब दो प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज हो सकती है। अधिकारियों के मुताबिक हालांकि यह वृद्धि यूपी को देश का शीर्ष उत्पादक राज्य बनाए रखने के लिए पर्याप्त नहीं होगी, क्योंकि महाराष्ट्र में उत्पादन में भारी उछाल का अनुमान लगाया गया है। आईएसएमए ने देशभर में चीनी उत्पादन में 18-5 प्रतिशत की वृद्धि का अनुमान जताया है। रिपोर्ट के मुताबिक, महाराष्ट्र में चीनी उत्पादन 39 प्रतिशत तक बढ़ सकता है, जो पिछले साल की तुलना में जयादा है।

# लेसा में 5600 पद खत्म योगी से हस्तक्षेप की मांग

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ रिस्ट्रक्चरिंग के नाम पर समाप्त कर दिए पद

**लखनऊ।** लखनऊ की बिजली व्यवस्था को बचाने के लिए विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति, यूपी के केंद्रीय पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से तत्काल हस्तक्षेप की अपील की है।

समिति ने आरोप लगाया है कि रिस्ट्रक्चरिंग के नाम पर लेसा (लखनऊ इलेक्ट्रिसिटी सप्लाई एडमिनिस्ट्रेशन) में 5606 पद समाप्त कर दिए गए हैं, जिससे सभी वर्गों के बिजली कर्मियों में गहरा असंतोष व्याप्त है। संघर्ष समिति के संयोजक शैलेन्द्र दुबे ने कहा कि प्रबंधन द्वारा जारी आदेशों के अनुसार, लेसा में कुल 5606 पद खत्म किए गए हैं, जिनमें 3305 संविदा कर्मियों और 2301 नियमित कर्मचारियों के पद शामिल हैं। उन्होंने कहा कि रिस्ट्रक्चरिंग के नाम पर यह कदम निजीकरण की तैयारी जैसा है, जो राजधानी की बिजली व्यवस्था को पूरी तरह पटरी से उतार देगा। उन्होंने कहा कि इस आदेश का सबसे बड़ा असर संविदा कर्मियों पर पड़ा है। 15 मई 2017 के शासनादेश के अनुसार शहरी क्षेत्र के प्रत्येक विद्युत उपकेंद्र पर 36 कर्मचारी होने चाहिए, जबकि लखनऊ में 154 उपकेंद्र हैं। इस आधार पर 5544 संविदा कर्मियों की आवश्यकता है, लेकिन नई व्यवस्था में यह संख्या घटाकर केवल 2239 कर दी गई है।

## शाह इस्तीफा देकर घर चले जाएं: राय

**लखनऊ।** दिल्ली के लाल किले के सामने हुए धमाके के बाद यूपी कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने गृहमंत्री अमित शाह पर निशाना साधते हुए कहा कि वो तो कहते हैं कि कोई घुसपैठिया नहीं घुस रहा, तो ये घटनाएं कैसे हो रही हैं।

कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि कुछ दिन पहले पहलगाम में हमारे बच्चों की हत्या कर दी गई। वो देख रहे हैं कि क्या हो रहा है, फिर भी कहते रहते हैं कि वो सब ठीक कर देंगे। इससे पहले 2019 के चुनावों से ठीक पहले पुलवामा में घटना हुई थी, इस हमले की भी कोई जांच नहीं हुई। पूरा देश तनाव में है, कई निर्दोष लोग मारे गए हैं। अब इस घटना की जिम्मेदारी कौन लेगा? इसके लिए सीधे तौर पर अमित शाह जिम्मेदार हैं, उन्हें तुरंत इस्तीफा देकर घर जाना चाहिए। ये सीधे तौर पर सरकार की विफलता है।

# दिल्ली धमाका: सुरक्षा व्यवस्था पर प्रश्नचिह्न

## लाल किला मेट्रो स्टेशन के पास विस्फोट की घटना अति-दुखद : मायावती

शाह टाइम्स ब्यूरो



**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी अध्यक्ष मायावती ने दिल्ली में लाल किला मेट्रो स्टेशन के पास हुए विस्फोट की घटना को अत्यंत दुखद और निदनीय बताया है।

उन्होंने कहा कि यह घटना देश की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर प्रश्नचिह्न खड़ा करती है। मायावती ने इस हमले में मारे गए लोगों के परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए सरकार से घायलों के समुचित इलाज और पीड़ित परिवारों की हरसंभव मदद की मांग की है। मंगलवार को लखनऊ में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में मायावती ने पंजाब, हरियाणा, पश्चिम बंगाल और उड़ीसा राज्यों में पार्टी संगठन की समीक्षा बैठक की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इन राज्यों में संगठन को मजबूत करने के साथ-साथ जमीनी स्तर पर पार्टी के जनाधार के विस्तार के लिए कार्यकर्ताओं को नई जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। मायावती ने कहा कि इन राज्यों में गरीब, किसान और आम जनता की स्थिति चिताजनक है। भाजपा शासित प्रदेशों में लोगों की समस्याएं जस की तस बनी हुई हैं, जिससे साबित होता है कि सरकारें बदलने से भी जनता की स्थिति में कोई ठोस सुधार नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि बीएसपी अपने सिद्धांतों और डा. भीमराव अंबेडकर के मिशन पर अडिग है और समाज के कमजोर वर्गों, गरीबों और किसानों की आवाज उठाती रहेगी। मायावती ने बताया कि आगामी छह दिसम्बर को पार्टी डा. भीमराव अंबेडकर के परिनिर्वाण पर विशेष कार्यक्रम आयोजित करेगी। जो देशभर में समान रूप से मनाया जाएगा, ताकि समाज में समानता और बंधुत्व के मूल्यों को सशक्त किया जा सके। मायावती ने कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे जनकल्याणकारी कार्यों को प्राथमिकता दें और संविधान की भावना के अनुरूप देश सेवा में समर्पित रहें।

### बम धमाके की घटना दुखद: फारूक

**श्रीनगर।** मीरवाइज उमर फारूक ने सोमवार शाम दिल्ली के लाल किला मेट्रो स्टेशन के पास कार बम विस्फोट पर गहरा दुख व्यक्त किया है। उन्होंने शोक संतप्त परिवारों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की तथा घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना की। मीरवाइज ने मंगलवार को 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि दिल्ली में हुए कार बम विस्फोट से दुखी हूं, जिसमें कई लोगों की जान चली गई और कई लोग घायल हो गए।' शोक संतप्त परिवारों के प्रति मेरी संवेदना है और मैं घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूं। ईश्वर इस त्रासदी के सभी पीड़ितों को धैर्य प्रदान करें।

## बाराबंकी में परियोजनाओं के शिलान्यास पर बोले योगी

# वंदे मातरम के विरोधियों को पहचानें

बाराबंकी, वार्ता

लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बाराबंकी के फतेहपुर तहसील क्षेत्र के झांसापुरवा गांव पहुंचे। यहां सीएम योगी ने 1734 करोड़ रुपये की 254 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास कर जिले को बड़ी सौगात दी।

सीएम ने कहा कि आज भी कुछ लोग हैं, जो रहेंगे हिंदुस्तान में, खाएंगे हिंदुस्तान में, लेकिन वंदे मातरमनहीं गाएंगे, हम उनकी मंशा को समझें। जो लोग वंदे मातरम का विरोध कर रहे हैं, वे भारत माता का विरोध कर रहे हैं। कार्यक्रम स्थल पर पहुंचने से



पहले सीएम योगी आदित्यनाथ ने डा. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया, फिर जनसभा स्थल पर सरदार पटेल के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि डबल इंजन की सरकार काशी विश्वनाथ की तर्ज पर महादेवा कॉरिडोर बनाने का कार्य कर रही है। योगी ने कहा कि जो लोग वंदे मातरम का विरोध करते हैं, वे भारत माता का विरोध कर रहे हैं। ऐसे लोगों के लिए इस देश में कोई स्थान नहीं होना चाहिए. जो योजनाओं के लाभ लेने के लिए पहली लाइन में खड़े होते हैं, वही वंदे मातरम गाने से इन्कार करते हैं। हमें ऐसे चेहरों को पहचानने की जरूरत है। योगी ने कहा कि डबल इंजन की सरकार सभी धर्मस्थलों के विकास के लिए कार्य कर रही है।

### पटेल ने रियासतों को एकसूत्र में बांधा

सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि एक ओर भारत की अखंडता के शिल्पकार सरदार पटेल की जयंती के 150 वर्ष पूरे हुए हैं, वहीं वंदे मातरम गीत की रचना के भी 150 वर्ष पूरे हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारत की एकता को अंग्रेजों ने तोड़ने की साजिश रची थी, लेकिन सरदार पटेल की सूझबूझ से देश की रियासतें एक धागे में बंध सकीं।

### राष्ट्रीय एकता के लिए एकजुट हों

सीएम ने कहा कि बाराबंकी के प्रगतिशील किसान इतिहास रच रहे हैं, औद्योगिक विकास की गति तेज हुई है। उन्होंने केडी सिंह बाबू की हवेली को म्यूजियम के रूप में विकसित करने की जानकारी दी। सीएम योगी ने आगे कहा कि राष्ट्रीय एकता के लिए सबको अपने मनमुटाव छोड़कर एकजुट होना होगा, जब देश एक होगा, तभी विकास की गति और तीव्र होगी।

## जल पुरस्कार घोषित, राष्ट्रपति मुर्मू करेंगी सम्मानित

**नई दिल्ली।** केंद्रीय जल शक्ति मंत्रालय में राष्ट्रीय जल पुरस्कार तथा जल संचयन में उल्लेखनीय योगदान के लिए 2024 के पुरस्कारों की घोषणा की है। जल शक्ति मंत्री सीआर पाटील ने इन पुरस्कारों की घोषणा की। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 18 नवम्बर को राष्ट्रीय राजधानी के विज्ञान भवन में विजेताओं को एक समारोह में पुरस्कार प्रदान करेंगी। जलशक्ति मंत्री ने बताया कि इस वर्ष, राष्ट्रीय जल पुरस्कारों के साथ-साथ, जल संचय जन भागीदारी के विजेताओं को भी पुरस्कार प्रदान करेंगी। जल संचय के क्षेत्र में पुरस्कारों का पहला संस्करण है। मंत्रालय का मानना है कि पुरस्कार विजेताओं के प्रयास नागरिकों को जल संरक्षण और प्रबंधन में योगदान देने के लिए और प्रोत्साहित करेंगे।

# बिहार चुनाव में भाजपा हार की ओर : अखिलेश

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ दिल्ली धमाके की जांच सामने आनी चाहिए

**लखनऊ।** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर भारतीय जनता पार्टी पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि पहले चरण के मतदान से ही यह स्पष्ट हो गया है कि भाजपा बिहार में चुनाव हार रही है।

मंगलवार को पार्टी कार्यालय पर पत्रकारों से बात. चीत में अखिलेश यादव ने कहा कि पहले चरण में लगभग आधा मतदान हुआ था, जिसमें जनता ने अपना रुख साफ कर दिया है। बिहार की जनता बदलाव चाहती है और महागठबंधन बहुमत से आगे निकल जाएगा। सपा अध्यक्ष ने कहा कि पार्टी विभाजन की राजनीति के खिलाफ है और वह एकजुटता, विकास और समावेशी सोच की राजनीति करती है। उन्होंने बताया कि पार्टी अपने कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण दे रही है ताकि वे अपने-अपने क्षेत्रों में मतदाता सूची में पात्र लोगों के नाम जुड़वाने और संगठन को मजबूत करने का काम करें। दिल्ली विस्फोट पर प्रतिक्रिया देते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री ने जांच का भरोसा दिया है, अब पूरे देश को इंतजार है कि सच्चाई सामने आए।

---

सेंसेक्स 83535.35
निफ्टी 25574.35

सोना रु. 122494
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार

चांदी रु. 150660
प्रति किलो

# ट्रम्प के बयान से चढ़ा शेयर बाजार

मुंबई, वार्ता



अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के भारत के साथ व्यापार समझौता जल्द होने के बयान से मंगलवार को घरेलू शेयर बाजारों में लगातार दूसरे दिन तेजी रही।

शुरुआती कारोबार में गिरावट में रहने के बाद बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 335.97 अंक (0.40 प्रतिशत) की बढ़त के साथ बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक भी 120.60 अंक यानी 0.47 प्रतिशत उछलकर 25,694.95 अंक पर पहुंच गया। आईटी और ऑटो सेक्टरों में सबसे अधिक लिवाली देखी गई। धातु, एफएमसीजी और निजी बैंकों के समूहों के सूचकांक भी हरे निशान में रहे। वित्तीय सेवाओं, सार्वजनिक बैंकों और रियलिटी सेक्टरों के सूचकांक गिरावट के साथ बंद हुए। ट्रम्प ने सोमवार को कहा था कि भारत और अमेरिका के बीच व्यापार समझौता जल्द होने की उम्मीद है। इससे शेयर बाजारों में निवेश धारणा मजबूत हुई। हालांकि छोटी कंपनियों में निवेशक बिकवाल रहे। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 0.58 प्रतिशत मजबूत हुआ जबकि निफ्टी स्मॉलकैप-100 सूचकांक 0.21 प्रतिशत टूट गया। एनएसई में जिन 3,203 कंपनियों के शेयरों में तेजी रही उनमें 1,562 में गिरावट और 1,561 में तेजी रही। वहीं, 80 कंपनियों के शेयर अंततः अपरिवर्तित बंद हुए। सेंसेक्स की 30 में से 24 कंपनियों के शेयरों में तेजी और शेष छह में गिरावट रही। बीईएल का शेयर सबसे अधिक 2.52 प्रतिशत की बढ़त में रहा। महिंद्रा एंड महिंद्रा का शेयर 2.40 फीसदी, अडानी पोर्ट्स का 2.11 प्रतिशत और एचसीएल टेक्नोलॉजीज का 1.89 प्रतिशत चढ़ा।

इटरनल का शेयर 1.44 फीसदी, इंफोसिस का 1.06, भारती एयरटेल का 1.06 और सनफार्मा का 1.01 प्रतिशत मजबूत हुआ। एलएंडटी, हिंदुस्तान यूनीलिवर, अल्ट्राटेक सीमेंट ट्रेंट, टेक महिंद्रा, एचडीएफसी बैंक, टीसीएस और आईसीआईसीआई बैंक के शेयर भी हरे निशान में रहे। एशियाई बाजारों में मिलाजुला रुख रहा। जापान का निक्केई 0.14 प्रतिशत और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.39 प्रतिशत टूट गया। वहीं, हांगकांग का हैंगसेंग 0.18 प्रतिशत की बढ़त में बंद हुआ।

यूरोप में शुरुआती कारोबार में जर्मनी का डैक्स 0.11 प्रतिशत और ब्रिटेन का एफटीएसई 0.83 प्रतिशत की बढ़त में था।

## सोना 1.24 लाख प्रति 10 ग्राम , चांदी भी महंगी

**नई दिल्ली।** सोने-चांदी के दाम में मंगलवार को बढ़त देखी गई । इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के अनुसार 10 ग्राम सोना 1,688 रुपए बढ़कर 1,24,129 रुपए पर पहुंच गया है। चांदी 3,117 रुपए बढ़कर 1,54,760 रुपए प्रति किलोग्राम पहुंच गई है।

इस साल अब तक सोने की कीमत 47,967 रुपए बढ़ी है। 31 दिसंबर 2024 को 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 76,162 रुपए का था, जो अब 1,24,129 रुपए हो गया है। चांदी का भाव भी इस दौरान 68,743 रुपए बढ़ गया है। 31 दिसंबर 2024 को एक किलो चांदी की कीमत 86,017 रुपए थी, जो अब 1,54,760 रुपए प्रति किलो हो गई है। एक्सपर्ट्स के अनुसार आने वाले दिनों में सोने के दामों में उतार-चढ़ाव देखने को मिल सकता है। हालांकि शादियों का सीजन चालू हो चुका है इससे सोने को सपोर्ट मिलेगा। इससे आने वाले दिनों में इसकी कीमत फिर एक बार 1.25 लाख रुपए तक जा सकती है। ब्यूरो आफ इंडियन स्टैंडर्ड का हॉलमार्क लगा हुआ सर्टिफाइड गोल्ड ही खरीदें।

# अमेरिका में 15 प्रतिशत घटी भारतीय कपड़ों की मांग

■ भारत टेक्स ट्रेड के को-चेयरमैन भद्रेश डोढ़िया ने दी जानकारी

**नई दिल्ली।** अमेरिका में भारतीय उत्पादों पर अगस्त में दो बार में उत्पाद शुल्क बढ़ाकर 50 प्रतिशत करने के कारण जुलाई-सितम्बर की तिमाही में कपड़ों के निर्यात में 15 प्रतिशत की गिरावट देखी गई।

भारत टेक्स ट्रेड फेडरेशन के को-चेयरमैन भद्रेश डोढ़िया ने बताया कि पिछली तिमाही जुलाई-सितम्बर में अमेरिका को किया जाने वाला कपड़ा निर्यात 15 प्रतिशत घटा है। अक्टूबर-दिसम्बर तिमाही में इसमें और गिरावट की आशंका है। उन्होंने उम्मीद जताई कि जनवरी तक अमेरिका और भारत के बीच व्यापार समझौता हो जाएगा और भारत की बाजार हिस्सेदारी पहले की तरह कायम रहेगी। यूरोपीय बाजार के बारे में श्री डोढ़िया ने कहा कि यूरोपीय संघ के साथ मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) पर बात चल रही है। यह समझौता होने के बाद भारतीय उत्पाद बांग्लादेश के उत्पादों से प्रतिस्पर्धा कर सकेंगे। इसके साथ ही बांग्लादेश में जारी राजनीतिक अशांति का लाभ भी भारत को मिलेगा और कुल मिलाकर 20 से 25 प्रतिशत मांग बांग्लादेश से भारत की तरफ स्थानांतरित होने की उम्मीद है। वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) में कपड़ों पर करों में कमी के बारे में उन्होंने कहा कि कपड़ा उद्योग के लिए जीएसटी के दो पहलू हैं - एक है कपास और दूसरा मानव निर्मित फाइबर (एमएमएफ)।

### भारत मंडपम में होगा भारत टेक्स 2026 का आयोजन

**नई दिल्ली।** वैश्विक टेक्सटाइल प्रदर्शनी 'भारत टेक्स 2026' का आयोजन अगले साल जुलाई में दिल्ली के भारत मंडपम में किया जाएगा। प्रदर्शनी के आयोजक भारत टेक्स ट्रेड फेडरेशन के को-चेयरमैन भद्रेश डोढ़िया ने बताया कि 'भारत टेक्स 2026 का आयोजन 14 से 17 जुलाई तक होगा। यह इसका तीसरा संस्करण होगा। उन्होने बताया कि इस आयोजन का सबसे बड़ा कार्यक्रम वैश्विक टेक्सटाइल परिचर्चा 2026 जिसमें अन्य लोगों के साथ उद्योग के शीर्ष अधिकारी, नीति निर्माता और सतत विकास के विशेषज्ञ शामिल होंगे।

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

**16 एग्जिट...**

पोल्स के रुझान बताते हैं कि सर्वे एजेंसियां वोटर्स का मूड ठीक से पकड़ नहीं पाईं। 2015 में ज्यादातर एग्जिट पोल्स ने एनडीए यानी भाजपा+ को बढ़त दी थी, जबकि नतीजों में महागठबंधन (राजद-जेडीयू-कांग्रेस) ने स्पष्ट बहुमत हासिल किया। वहीं, 2020 में तस्वीर उलटी रही। इस बार कई एजेंसियों ने महागठबंधन की जीत का अनुमान लगाया, लेकिन परिणामों में एनडीए ने 125 सीटें जीतकर सरकार बनाई। यानी ज्यादातर पोल्स फिर गलत साबित हुए। सर्वे में एनडीए को 145-160 सीटें मिलने का अनुमान है। वहीं, महागठबंधन को 73-91 और अन्य को 5-10 सीटें मिलने का अनुमान है। इस पोल के मुताबिक, बीजेपी को 72-82 सीटें, जेडीयू को 59-68 सीटें, एलजेपी को 4-5 सीटें और हम 5-5 सीटें मिल सकती हैं। महागठबंधन में आरजेडी को 51-63, कांग्रेस को 12-15, सीपीआईएमएल को 6-9, वीआईपी को 0, सीपीआई को 2, सीपीएम को 1, आईआईपी को 0-1 सीटें मिलने का अनुमान है। चाणक्य के एग्जिट पोल में बिहार में एनडीए को 130-138 सीटें दी गई हैं। महागठबंधन को 100 से 108 सीटें मिलती दिखाई गई हैं। अन्य को 3 से 5 सीटें मिल सकती हैं। पीपुल पल्स के एग्जिट पोल में बिहार में एनडीए की सरकार बनती नजर आ रही है। यहां इसे 133 से 159 सीटें मिलती दिख रही हैं। महागठबंधन 75-101 सीटों पर सिमटता नजर आ रहा है। अन्य को 2 से 13 सीटें मिल सकती हैं। बिहार में एग्जिट-पोल्स पूरी तरह भरोसेमंद कभी नहीं रहे। सीटों को लेकर हर बार इनका गणित बिगड़ा है। हालांकि कुछ एग्जिट पोल में वोट प्रतिशत अनुमान करीब रहा है, लेकिन कितनी सीटें किस गठबंधन को मिलेंगी, ये बताने में नाकाम रहे। बिहार से बाहर काम करने वाले लाखों प्रवासी वोट देने के बाद लौटने की जल्दबाजी में होते हैं। ऐसे में उन्हें एग्जिट पोल सैंपल में शामिल करना मुश्किल होता है। बिहार में जातीय समीकरण जटिल है और एग्जिट पोलर्स अक्सर छोटे सैंपल साइज के कारण निचली जातियों के शिफ्ट को मिस कर देते हैं।

### पंडित नेहरू ने दोस्ती मजबूत करने को जानवरों से भूटान की यात्रा की थी : कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के भूटान दौरे से प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू की 1958 की वह ऐतिहासिक यात्रा फिर केन्द्र बिन्दु में आ गई है जब पंडित नेहरू ने दोस्ती मजबूत करने के लिए जानवरों से भूटान की यात्रा की थी ।

कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने 67 साल पहले तत्कालीन प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की भूटान यात्रा की याद दिलाते हुए कहा कि उनकी पांच दिन तक चली 50 किलोमीटर की भूटान यात्रा अत्यंत चुनौतीपूर्ण थी। यही यात्रा भारत और भूटान के बीच विशेष राजनयिक संबंधों की आधारशिला बनी।

# यूपी एससीआर में बनेगा नैमिष धाम विशेष कॉरिडोर

■ सड़क व जलमार्ग से जुड़ेगा चंद्रिका देवी मंदिर

**लखनऊ।** यूपी की राज्य राजधानी क्षेत्र (एससीआर) परियोजना के तहत एक बड़ा और महत्वपूर्ण फैसला लिया गया है। अब नैमिष धाम से चंद्रिका देवी मंदिर तक एक विशेष कॉरिडोर बनाया जाएगा। यह कॉरिडोर दोनों प्रमुख तीर्थ स्थलों को सड़क और जलमार्ग से जोड़ेगा।

इससे श्रद्धालुओं को आने-जाने में आसानी होगी और धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। यह जानकारी लखनऊ विकास प्राधिकरण की ओर से दी गई है। गौरतलब है कि नैमिष धाम सीतापुर जिले में स्थित है। यह हिंदू धर्म में बहुत पवित्र स्थान माना जाता है। यहां भगवान विष्णु का प्राचीन मंदिर है और वेदों की रचना यहीं हुई थी। हर साल लाखों यात्री यहां आते हैं। दूसरी ओर चंद्रिका देवी मंदिर लखनऊ शहर में है। यह मां दुर्गा का प्रसिद्ध शक्तिपीठ है। दोनों जगहों की दूरी करीब 100 किलोमीटर है। अभी तक नैमिष धाम से चंद्रिका देवी मंदिर तक सड़क से जाना पड़ता है। ट्रैफिक और खराब रास्ते की वजह से मुश्किल होता है। इस कॉरिडोर की योजना बनाने के लिए सरकार ने एक कंसल्टेंट नियुक्त किया था। कंसल्टेंट ने विस्तृत प्लान तैयार किया, जिसमें सड़क और जलमार्ग दोनों को शामिल किया गया। सड़क मार्ग को चौड़ा और मजबूत बनाया जाएगा, हाईवे की तरह सुविधाएं होंगी, जैसे टोल फ्री रोड, सर्विस सेंटर और सुरक्षा व्यवस्था। जलमार्ग के लिए गोमती नदी का उपयोग होगा। लखनऊ विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने बताया कि राज्य राजधानी क्षेत्र को लेकर अलग-अलग प्रस्ताव कंसलटेंट दे रहे हैं, जिसमें यह भी एक बड़ा प्रस्ताव है। अब जल्द ही नैमिष धाम से चंद्रिका देवी मंदिर तक एक कॉरिडोर बनाने का काम शुरू हो जाएगा। यह कॉरिडोर लखनऊ को आसपास के जिलों से जोड़ेगा। इससे न सिर्फ धार्मिक महत्व बढ़ेगा, बल्कि आर्थिक विकास भी होगा और स्थानीय लोगों को रोजगार मिलेगा। पर्यटक ज्यादा आएंगे, तो व्यापार बढ़ेगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार धार्मिक स्थलों के विकास पर विशेष ध्यान दे रही है।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काशीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहजमी जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिजीज आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# एसआईआर के जरिये साजिश पर तुली है भाजपाः अखिलेश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा एसआईआर के माध्यम से मतदाता सूची में साजिश कर रही है, ताकि पात्र मतदाताओंख्र विशेषकर समाजवादी पार्टी समर्थकोंख्रको मतदान से वंचित किया जा सके। उन्होंने पार्टी विधायकों और विधान परिषद सदस्यों की बैठक में यह बात कही,

बैठक का आयोजन आज लखनऊ स्थित डॉ. राममनोहर लोहिया सभागार में किया गया। अखिलेश यादव ने कहा कि लो. कतंत्र बचाने की जिम्मेदारी समा. जवादी पार्टी की है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपील की कि नए मतदाताओं को जोड़ने के कार्य में गंभीरता से जुटें और समाजवादी सरकार की उपलब्धियों को जनता तक पहुँचाएं।



उन्होंने कहा कि 2027 का विधानसभा चुनाव केवल सत्ता परिवर्तन का नहीं, बल्कि संविधान और आरक्षण की रक्षा का भी चुनाव होगा। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा शासन में उत्तर प्रदेश 'जंगलराज' में बदल गया है। कानून व्यवस्था ध्वस्त है, महंगाई चरम पर है, व्यापार जीएसटी से चौपट हो गया है, महिलाएं असुरक्षित हैं और शिक्षा-स्वास्थ्य व्यवस्था बदहाल है। उन्होंने कहा कि जब तक प्रदेश से भाजपा सरकार नहीं जाएगी, तब तक जनता की खुशहाली संभव नहीं है। किसान और नौजवान तभी राहत की सांस लेंगे, जब भ्रष्टाचार से मुक्ति मिलेगी।

## अखिलेश यादव ने रखा 'विजन इंडिया' का प्रारूप, कहा, प्रगतिशील सोच से आगे बढ़ेगा नया भारत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने सोमवार को 'विजन इंडिया' का प्रारूप जारी करते हुए कहा कि देश को विभाजनकारी और पुरातनपंथी ताकतों से बचाने के लिए नई सोच और प्रगतिशील विचारों वाले युवा भारत को आगे लाना होगा। उन्होंने कहा कि नई पीढ़ी में सहिष्णुता, प्रेम और सम्मान की भावना है,

जो भारत को विकास और प्रगति की राह पर ले जा सकती है। अखिलेश यादव ने घोषणा की कि 'विजन इंडिया, स्टार्टअप समिट' की पहली बैठक 16 नवम्बर 2025 को ताज बेंगलुरु, कर्नाटक में होगी। इसके मुख्य समन्वयक सांसद राजीव राय और मुख्य संयोजक पूर्व मंत्री अभिषेक मिश्रा होंगे। उन्होंने बताया कि 'विजन इंडिया : प्लान, डेवलप और एसेंट' अभियान नवाचार, साझेदारी और प्रगति का प्रतीक है, जिसका उद्देश्य देश के विकास की नई दिशा तय करना है। उन्होंने कहा कि 'प्लान' के अंतर्गत भारत के भविष्य की योजना तैयार की जाएगी, 'डेवलप' के तहत संवाद और साझेदारी को प्रोत्साहन मिलेगा, जबकि 'एसेंट' के जरिए इनोवेशन व टेक्नोलॉजी की मदद से भारत को वैश्विक नेतृत्व की ओर अग्रसर किया जाएगा। अखिलेश ने कहा कि इस अभियान के माध्यम से सामाजिक न्याय, समानता और गरिमा पर आधारित समावेशी विकास का लक्ष्य रखा गया है। पत्रकारों से बातचीत में अखिलेश यादव ने कहा कि उत्तर प्रदेश में समाजवादी सरकार के दौरान ही स्टार्टअप योजना की शुरुआत हुई थी। उनके कार्यकाल में बीस लाख लैपटॉप बांटे गए, एचसीएल जैसी कंपनियां आईं, डेयरी और सोलर प्लांट लगे, और लखनऊ सहित प्रदेश में आधुनिक खेल सुविधाएं विकसित की गईं।

# हवन- पूजन, भण्डारे के साथ भागवत कथा संपन्न

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** मानव कल्याण ट्रस्ट द्वारा संचालित चिनहट, मल्हौर रोड स्थित स्वपनेश्वर महादेव मंदिर में चल रही श्रीमद भागवत कथा में सोमवार को आठवें एवं अंतिम दिन हवन पूजन एवं भण्डारे का आयोजन किया गया। इस अवसर पर हरिद्वार से अपनी टीम के साथ पधारे कथा वाचक प्रेम शंकर दुबे ने आज सुबह परिसर में बनी सभी बेदियों पर प्रमुख यजमानों के साथ विधि विधान से पूजा कराई। इसके उपरांत करीब 51 किलो का शकल दीप का हवन हुआ कई घंटे तक चलता रहा।

हवन पूजन के उपरांत आरती का आयोजन कर 108 कन्याओं को भोजन कराने के साथ ही भण्डारे का शुभारंभ हुआ। जो देर रात तक चलता रहा। भण्डारे में हजारों भक्तों ने पूड़ी सब्जी एवं खीर को प्रसाद को रूप में ग्रहण किया। इस मंदिर में गत 3 नवम्बर से चल रही भागवत कथा का सोमवार को विधिवत समापन हो गया। साथ ही पण्डित सुनील तिवारी द्वारा भगवत पुराण कथा के बीच 18 हजार स्लोकों का पाठ भी आज पूर्ण कर लिया गया। कार्यक्रम में मंदिर के प्रबंधक एवं मुख्य पुजारी वीरेन्द्र सिंह भोलेबाबा, अतुल सिन्हा, अधिवक्ता सुनील श्रीवास्तव, धरनीधर चक्रवती, अशोक शुक्ला, अर्चना सुनील तिवारी, योगेन्द्र अवस्थी, विजय यादव, हरिकेश मौर्य, महेश श्रीवास्तव, संजय कुमार, सुमन सिंह, मिश्रीलाल, मीरा त्रिपाठी, पूनम, ज्योति, प्रियंका, राम गोपाल, शैलेन्द्र, रंजीता, सत्येन्द्र सहित सैकड़ों भक्त मौजूद रहे।

# लखनऊ नगर निगम सदन की बैठक 14 नवम्बर को

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** लंबे समय से नगर निगम में मेयर सुषमा खर्कवाल और नगर आयुक्त के बीच चल रही खींचतान के बीच आखिरकार मेयर ने खुद सदन की बैठक बुला ली है। यह बैठक चौदह नवम्बर को प्रस्तावित की गई है। मेयर ने कहा है कि उन्हें शहर के विकास की चिंता है और निगम के कार्य ठप नहीं होने चाहिए, इसलिए उन्होंने अपने दायित्व का निर्वाह करते हुए बैठक आहूत की है। गौरतलब है कि कुछ समय पहले मेयर ने कहा था कि सदन की बैठक नगर आयुक्त को बुलानी चाहिए, लेकिन नगर आयुक्त की ओर से इस पर कोई कदम नहीं उठाया गया।

इसके बाद मेयर ने स्वयं यह पहल की। बताया जा रहा है कि बैठक में विकास योजनाओं, लंबित प्रस्तावों और नगर के बजट प्रावधानों पर चर्चा होगी। नगर निगम में मेयर और आयुक्त के बीच लंबे समय से मनमुटाव चला आ रहा है। दोनों के बीच दस्तावेजों पर हस्ताक्षर न




करने और निर्णयों को रोकने जैसी परिस्थितियों ने नगर निगम के कार्यों को प्रभावित किया है। अब जब मेयर ने स्वयं बैठक बुलाई है, तो माना जा रहा है कि सदन में इस बार तीखा हंगामा हो सकता है। वहीं नागरिकों और पार्षदों के बीच भी यह चर्चा का विषय बना हुआ है कि आखिर विकास कार्यों पर इस टकराव का क्या असर पड़ेगा। मेयर ने कहा है कि नगर के विकास को बाधित नहीं होने दिया जाएगा।

## 20 क्वार्टर देशी शराब के साथ एक आरोपी को पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में चलाए जा रहे अवैध शराब के निर्माण और बिक्री की रोकथाम अभियान के तहत थाना राजापुर पुलिस ने एक व्यक्ति को 20 क्वार्टर देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष लाखन सिंह के मार्गदर्शन में उपनि. रीक्षक नरेंद्र यादव व उनकी टीम ने रगौली निवासी धीरज निषाद पुत्र कल्लू निषाद को पकड़ा। उसके कब्जे से 20 क्वार्टर देशी शराब बरामद की गई। आरोपी के खिलाफ थाना राजापुर में धारा 60 आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।

# दिल्ली ब्लास्ट कनेक्शन से लखनऊ में खुफिया हलचल तेज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** दिल्ली के लालकिला मेट्रो स्टेशन के पास सोमवार शाम हुए धमाके के बाद राजधानी लखनऊ में खुफिया एजेंसियों की हलचल बढ़ गई है।

ब्लास्ट में पुलवामा के डॉक्टर उमर की मौत और उसके साथी डॉक्टर सज्जाद की गिरफ्तारी के बाद जांच एजेंसियों को लखनऊ से अहम सुराग मिले हैं। इसी कड़ी में मंगलवार तड़के मड़ियांव थाना क्षेत्र के मुट्टकीपुर में डॉक्टर परवेज़ अंसारी के मकान पर एटीएस और लखनऊ पुलिस की संयुक्त टीम ने छापा मारा। पुलिस ने घर का ताला तोड़कर इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, डायरियां और कई दस्तावेज जब्त किए हैं। बताया जा रहा है कि डॉक्टर अंसारी का संपर्क फरीदाबाद में गिरफ्तार महिला डॉक्टर से था, जिसके कब्जे से ए-चारसात राइफल, गोला-बारूद और कई आपत्तिजनक दस्तावेज बरामद हुए हैं। यह महिला डॉक्टर लखनऊ की रहने वाली बताई जा रही है और कुछ समय से फरीदाबाद में कार्यरत थी। जांच एजेंसियों के सूत्रों के अनुसार दोनों डॉक्टरों के बीच लगातार संपर्क और डिजिटल ट्रांजैक्शन के साक्ष्य मिले हैं। इससे यह आशंका बलवती हुई है कि यह एक संगठित नेटवर्क का हिस्सा है जो आतंकी गति. विधियों को आर्थिक और तकनीकी सहायता प्रदान कर रहा था। पुलिस इस पूरे नेटवर्क को सुलझाने में लगी है और बरामद किए गए मोबाइल फोन व लैपटॉप से डेटा रिकवरी की जा रही है। दिल्ली में हुए विस्फोट के बाद गृह मंत्रालय ने मामला राष्ट्रीय जांच एजेंसी को सौंप दिया है। मंगलवार को उत्तर प्रदेश पुलिस महानिदेशक ने सभी जोनल और रेंज अधिकारियों के साथ उच्चस्तरीय बैठक की। बैठक में राजधानी में सुरक्षा व्यवस्था को और सख्त करने, सार्वजनिक स्थलों, मेट्रो स्टेशनों, रेलवे प्लेटफार्मों, बस अढों और अस्पतालों पर अतिरिक्त निगरानी रखने के निर्देश दिए गए हैं। लखनऊ पुलिस ने सभी संवे. दनशील इलाकों में चेकिग अभियान तेज कर दिया है और सायबर टीम को संदिग्ध मोबाइल नंबरों और कॉल डिटेल्स की जांच सौंपी गई है। लखनऊ में एटीएस और पुलिस का संयुक्त ऑपरेशन फिलहाल जारी है। खुफिया विभाग ने निजी अस्पतालों, मेडिकल कॉलेजों, छात्रावासों और किराए के मकानों पर निगरानी बढ़ा दी है। पुलिस सूत्रों के अनुसार बरामद डिवाइस और हथियारों से मिली जानकारी के आधार पर आने वाले दिनों में कुछ और स्थानों पर छापेमारी की संभावना है। राजधानी में बढ़ी सुरक्षा चौकसी और मड़ियांव में हुई कार्रवाई इस बात का संकेत है कि जांच एजेंसियां अब किसी बड़े नेटवर्क के करीब पहुंच रही हैं।

# देश की सुरक्षा में लगातार चूक, गृह मंत्री नैतिक रूप से असफलः लोकदल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** लोकदल ने देश में बढ़ती आतंकी घटनाओं पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए कहा है कि पुलवामा के बाद दिल्ली में हुआ धमाका यह साबित करता है कि देश की सुरक्षा व्यवस्था लगातार कमजोर होती जा रही है।

पार्टी ने इसे गंभीर इंटेलिजेंस फेल्योर और गृह मंत्रालय की लापरवाही का परिणाम बताया है।,?> लोकदल अध्यक्ष सुनील सिंह ने कहा कि जब देश की जनता अपनी सुरक्षा को लेकर चिंतित है, तब गृह मंत्री अपनी जिम्मेदारियों से भटककर चुनावी रणनीतियों में व्यस्त रहे। उन्होंने कहा कि यह अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है कि देश की राजधानी और संवे. दनशील क्षेत्रों में सुरक्षा चूक होती रही,

जबकि गृह मंत्री राजनीति में उलझे रहे। लोकदल ने कहा कि राष्ट्र की सुरक्षा गृह मंत्री की सर्वोच्च जिम्मेदारी है, जिसे निभाने में वे पूरी तरह असफल रहे हैं। पार्टी ने गृह मंत्री से तत्काल इस्तीफे की मांग की है, ताकि देश को -नई दिशा और जिम्मेदार नेतृत्व मिल सके।

# विधानमंडलों के बीच संवाद लोकतंत्र की शक्ति का प्रतीक : सतीश महाना

### हरियाणा विधानसभा की लोक उपक्रम समिति का उत्तर प्रदेश अध्ययन दौरा, विधानसभा अध्यक्ष से की शिष्टाचार भेंट

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** हरियाणा विधानसभा की लोक उपक्रम समिति के सदस्यों ने आज उत्तर प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष सतीश महाना से शिष्टाचार भेंट की।

विधानसभा अध्यक्ष ने समिति का स्वागत पुष्पगुच्छ, अंगवस्त्र और स्मृति चिन्ह भेंट कर किया। सतीश महाना ने कहा कि विधानमंडलों के बीच अध्ययन और संवाद लो. कतांत्रिक संस्थाओं की मजबूती का प्रतीक हैं। इस प्रकार के दौरे न केवल अनुभवों के आदान-प्रदान का अवसर प्रदान करते हैं, बल्कि सुशासन और पारदर्लशता के क्षेत्र में बेहतर नीतियों के निर्माण में भी सहायक सिद्ध होते हैं। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश विधानसभा ने भी सार्वजनिक उपक्रमों की कार्यप्रणाली को अधिक प्रभावी और जवाबदेह बनाने की दिशा में कई ठोस कदम उठाए हैं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि हरियाणा विधानसभा की समिति का यह अध्ययन दौरा दोनों राज्यों की समितियों के बीच सहयोग और संवाद को और सुदृढ़ करेगा। हरियाणा विधानसभा की लोक उपक्रम समिति के सभापति राम कुमार गौतम के नेतृत्व में आए इस दल में गीता भ्रुल और बलवान सिंह दौलतपुरिया सदस्य के रूप में शामिल हैं।

समिति ने उत्तर प्रदेश विधानसभा की समकक्ष समिति के साथ सार्वजनिक उपक्रमों की कार्यप्रणाली और सुशासन से संबंधित विषयों पर विस्तृत विचार-विमर्श किया। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश सार्वजनिक उपक्रम एवं निगम संयुक्त समिति के सभापति मेजर सुनील दत्त द्विवेदी भी उपस्थित रहे। इसके उपरांत समिति ने उत्तर प्रदेश विधानसभा भवन का भ्रमण किया। चार दिवसीय दौरे पर आए समिति के सदस्य अपने प्रवास के दौरान अयोध्या और वाराणसी का भी भ्रमण करेंगे। उल्लेखनीय है कि यह समिति राज्य के सभी सार्वजनिक उपक्रमों और निगमों की आय-व्यय, वित्तीय लेखा-विवरण, संतुलन पत्र तथा लाभ-हानि विवरण की जांच करती है और यह सुनिश्चित करती है।

# 18 नवम्बर को होगा शुक्ल बाजार में एक दिवसीय नि:शुल्क रोजगार मेला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमेठी।** जिला सेवायोजन अधिकारी अनुपमा रानी ने जानक. ारी देते हुए बताया कि जिला सेवायोजन कार्यालय, अमेठी एवं राम कुमार स्मारक शिक्षण प्रशिक्षण बालिका महाविद्यालय, शुकुलबा. जार, अमेठी के संयुक्त तत्वावधान में आकांक्षात्मक ब्लॉक स्तर पर एक दिवसीय नि:शुल्क रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है।

यह मेला दिनांक 18 नवम्बर 2025 (मंगलवार) को पूर्वान्ह 10:30 बजे से राम कुमार स्मारक शिक्षण प्रशिक्षण बालिका महाविद्यालय, शुकुलबाजार, अमेठी में आयोजित होगा। उन्होंने बताया कि इस रोजगार मेले में लगभग 10 निजी क्षेत्र की प्रतिष्ठित कंपनियां प्रतिभाग करेंगी। मेला 12वीं, स्नातक, आई.टी.आई. उत्तीर्ण एवं अन्य तकनीकी योग्यता रखने वाले अभ्यर्थियों के लिए रोजगार का एक उत्दृष्ट अवसर प्रदान करेगा। साथ ही रोजगार मेले के दिन अपने फोटो एवं बायोडाटा के साथ उपस्थित होकर प्रतिभाग कर सकते हैं। इस अवसर पर अभ्यलथयों को किसी भी प्रकार का यात्रा व्यय देय नहीं होगा।

# डीएम ने कम्पोजिट विद्यालय धनी जलालपुर का किया निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमेठी।** डीएम/जिला निर्वाचन अधिकारी संजय चौहान ने मंगलवार को विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान (एस.आई. आर) के तहत तहसील गौरीगंज अंतर्गत कम्पोजिट विद्यालय धनी जलालपुर का निरीक्षण किया।

इस दौरान उनके साथ अपर जिलाधिकारी (वि/रा) अल्पत गुप्ता तथा उपजिलाधिकारी गौरीगंज प्रीति तिवारी व तहसीलदार गौरीगंज भी मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने विद्यालय में उपस्थित बीएलओ (बीएलओ) से घर-घर जाकर किए जा रहे गणना



प्रपत्र वितरण की जानकारी ली और अभियान को प्रभावी रूप से संचा. लित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक पात्र मतदाता तक गणना प्रपत्र अवश्य पहुंचे ताकि कोई भी व्यक्ति मतदाता सूची से वंचित न रह जाए। इसके पश्चात जिलाधिकारी ने मेंदन मवई गांव पहुंचकर गणना प्रपत्र वितरण की स्थलीय स्थिति का सत्यापन किया। उन्होंने ग्रामीणों से संवाद करते हुए अपील की कि वे समय पर अपना गणना प्रपत्र भरकर संबंधित बीएलओ को सौंपें। उन्होंने कहा कि यह अभियान प्रत्येक मतदाता की सहभागिता से ही सफल होगा। डीएम ने बताया कि इस विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान का मुख्य उद्देश्य मतदाता सूची को सटीक, त्रुटिरहित और अद्यतन बनाना है, जिससे कोई भी पात्र मतदाता छूटे नहीं और कोई अपात्र व्यक्ति सूची में शामिल न रह जाए। उन्होंने कहा कि यह अभियान लोकतंत्र को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

## दिल्ली विस्फोट के बाद चित्रकूट में रेलवे स्टेशन पर सघन चेकिंग

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**चित्रकूट।** राजधानी दिल्ली में हुई विस्फोट की घटना के मद्देनज़र जनपद में सुरक्षा व्यवस्था को सुख्रढ़ करने के लिए पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के नेतृत्व में रेलवे स्टेशन कर्वी पर सघन चेकिग अभियान चलाया गया। डॉग स्क्वाड, एलआईयू, जीआरपी व कोतवाली कर्वी पुलिस की संयुक्त टीम ने स्टेशन परिसर, प्लेटफार्म और प्रतीक्षालय में संदिग्ध व्यक्तियों व सामान की जांच की। यात्रियों को सतर्क रहने और किसी भी संदिग्ध सूचना पर तुरंत पुलिस को सूचित करने की अपील की गई।

# कांग्रेस कमेटी ने मजिस्ट्रेटी जांच कराने को लेकर डीएम को सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमेठी।** ब्लाक अध्यक्ष कांग्रेस कमेटी शुकुलबा. जार एवं प्रतिनिधि मण्डल जिला कांग्रेस कमेटी के माध्यम से एक ज्ञापन जिलाधिकारी संजय चौहान को सौंपा गया। कांग्रेसियों का कहना था है कि 22.10. 2025 को हुयी घटना से सम्बन्धित प्रार्थना पत्र इस ज्ञापन के साथ संलग्न किया जा रहा है।

जिसमे पुलिस अधीक्षक अमेठी को विधिक कार्यवाही हेतु प्रार्थना पत्र दिया गया था जिस पर उनके द्वारा पुलिस क्षेत्राधिकारी मुद्दखाना को जांच सौंपी गयी थी जिनके द्वारा गलत तरीके से विभागीय हमवार होकर थाना निरीक्षक अभिनेष कुमार को अपनी रिपोर्ट में क्लीनट चिट दे दी गयी और दोषी के विरूद्ध किसी प्रकार की कोई कार्यवाही न करते हुए पूरी तरह से बचाने का प्रयास किया जा रहा है इसलिए उक्त मामले की मजिस्ट्रेटिव जांच निष्पक्ष रूप से करवाया जाना नितान्त आवश्यक है जिससे वास्तविक तथ्यो को सामने लाया जा सके। तथा उक्त दोषी शुक्ल बाजार थानाध्यक्ष



अभिनेष कुमार के विरूद्ध मजिस्ट्रेटिव जांच करवाते हुए निष्पक्ष कार्यवाही किए जाने की मांग गई है। कांग्रेस पार्टी कार्यकर्ताओं का कहना है कि निष्पक्ष जांच नही कराई जाती है तो वे लोग धरने पर बैठने के लिए बाध्य होगे। जिसका जिम्मेदार स्वंय प्रशासन होगा।

# भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती पर भाजपा मनाएगी जनजातीय गौरव अभियानः भूपेंद्र

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने कहा कि भाजपा भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती समारोह के तहत प्रदेशभर में विविध कार्यक्रम आयोजित करेगी।

उन्होंने मंगलवार को प्रदेश मुख्यालय में पत्रकारों से बात. चीत में कहा कि भगवान बिरसा मुंडा केवल एक व्यक्ति नहीं, बल्कि आदिवासी समाज की आत्मा और संघर्ष का प्रतीक थे। श्री चौधरी ने बताया कि पार्टी 15 नवम्बर तक प्रदेश के सभी कमिश्नरी मुख्यालयों पर जनजातीय गौरव स्वाभिमान सम्मेलन आयोजित करेगी, जिनमें केंद्र और राज्य सरकार के मंत्री एवं पार्टी पदाधिकारी शामिल होंगे। इन सम्मेलनों के माध्यम से भगवान बिरसा मुंडा के स्वराज, स्वदेशी और ग्राम स्वावलंबन के विचारों को जन-जन तक पहुंचाया जाएगा। उन्होंने कहा कि 12 से 15 नवम्बर तक प्रदेश के सभी जिलों में जनजातीय स्मारकों पर स्वच्छता अभियान, दीपोत्सव और पुष्पार्चन कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। वहीं, 15 नवम्बर को सोनभद्र में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जनजातीय स्वाभिमान सम्मेलन को संबो. धित करेंगे। इस अवसर पर जनजातीय कला, संस्कृति, नृत्य और युद्ध कौशल का प्रदर्शन किया जाएगा। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने बताया कि इस अभियान के प्रभारी प्रदेश महामंत्री सुभाष यदुवंश होंगे, जबकि संयोजक अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. संजय गोंड होंगे। सह-संयोजक की जिम्मेदारी विद्या भूषण गोंड और सूरज सिंह सोमवंशी को सौंपी गई है।

# जिलाधिकारी ने किया औद्योगिक क्षेत्र का निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सीतापुर।** जिला उद्योग केन्द्र सीतापुर एवं औद्योगिक आस्थान सीतापुर का जिलाधिकारी डा राजागणपति आर ने औचक निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान उद्यमियों द्वारा औद्योगिक आस्थान की जल निकासी की समस्या का निस्तारण कराये जाने का अनुरोध किया गया। इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसियेशन चेयरमैन महेंद्र अग्रवाल द्वारा बिजवार रेलवे क्रासिग पर बने ओव. रब्रिज के दोनों और सर्विस रोड को चौड़ा कराने एवं इंडस्ट्रीयल जल निकासी हेतु नाला बनाए जाने का अनुरोध किया गया। इस दौरान जिलाधिकारी ने ओवरब्रिज के पास बने सर्विस रोड एवं नाली को देखा तथा समस्या के निस्तारण हेतु



उ0प्र0 सेतु निगत एवं लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों से जानक. ारी प्राप्त की। निरीक्षण के समय उपायुक्त उद्योग संजय सिंह, औद्योगिक आस्थान सरायं मलुही में उच्चीकरण/सुदृढ़ीकरण का कार्य करा रही कार्यदायी संस्था यूपीएसआईसी कानपुर के अधिशासी अभियन्ता, पूर्वात्तर रेलवे के सहायक मण्डलीय अभियन्ता, विद्युत विभाग के अधिशासी अभियन्ता, सेतु निगम एवं पीडब्लूडी के अधिशासी अभियन्ता, आईआईए के चेयरमैन महेन्द्र अग्रवाल, उद्यमीगण सुधीर मेहरोत्रा, संजय बंसत सहित अन्य उद्यमीगण तथा संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। उक्त के अतिरिक्त जिलाधिकारी द्वारा बिसवां में एक जनपद एक उत्पाद योजनान्तर्गत स्थापित कॉमन फैसिलटी सेंटर (सीएफसी) का औचक निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिक. ारी द्वारा डिस्प्ले सेंटर, कॉमन प्रोसे. सिग सेंटर, रॉ मटेरियल बैंक, डिजाईन एवं सैम्पलिग सेंटर का अवलोकन किया गया। जिलाधिक. ारी महोदय द्वारा सी0एफ0सी0 के अध्यक्ष/सचिव एवं सदस्यों तथा निर्यातकों के साथ बैठक कर सामान्य जानकारी प्राप्त की गयी। जिलाधिकारी ने ओडीओपी कंसल्टेंट को सीएफसी के सफल संचालन हेतु कार्ययोजना प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया गया।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 21, स्टेशन रोड, शाह टावर लखनऊ-226001 (उप्र) से प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0522-4041004
**मुख्यालयः**
मोबाइल-9720007290
RNI No. UPHIN/2009/31463
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# शादी समारोह में खाने को लेकर मारपीट

### चार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जोया।** डिडौली थाना क्षेत्र के पांयती खुर्द गांव में शादी समारोह के दौरान खाने-पीने की बात को लेकर कहासुनी के बाद दो पक्षों में विवाद हो गया। बात बढ़ने पर मारपीट और गाली-गलौज तक नौबत आ गई। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर चार लोगों के प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। एक सप्ताह पूर्व मुस्तकीम की बेटी के शादी समारोह में वाजिद का पुत्र जाहिद और पुत्री फूलजहां शामिल हुए थे। इसी दौरान खाने-पीने को लेकर गांव के ही महफूज, महमूद, महबूब और जाबिर से कहा. सुनी हो गई। आरोप है कि चारों ने मिलकर जाहिद और फूलजहां के साथ मारपीट की तथा गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी।ग्रामीणों के बीच-बचाव के बाद आरोपी वहां से फरार हो गए। घटना के बाद पीड़ित जाहिद ने सोमवार को डिडौली थाने पहुंचकर चारों आरो. पियों के खिलाफ तहरीर दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर महफूज, महमूद, महबूब और जाबिर के खिलाफ संबंधित धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।



गजरौला। श्री वेंक्टेश्वरा विवि में संगोष्ठी का शुभारंभ करते अतिथि।

# शिक्षा के बिना नहीं होगा देश का विकास

### राष्ट्रीय शिक्षा दिवस पर वेंक्टेश्वरा में संगोष्ठी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** वेंक्टेश्वरा विश्वविद्यालय के संस्थापक अध्यक्ष शिक्षा देश की तरक्की का सबसे बड़ा माध्यम है, इतिहास गवाह है जिस देश के नागरिक शिक्षित हुए उसने तरक्की में सभी को पीछे छोड़ दिया।

विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय शिक्षा दिवस तथा मौलाना अबुल कलाम आजाद की जयंती पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें संस्थान के संस्थापक अध्यक्ष सुधीर गिरी ने कहा कि बिना शिक्षा के समाज में तरक्की की बात करना बेईमानी है। इतिहास गवाह है जिन देश के नागरिक शिक्षित हुए उसने तरक्की में सभी को पीछे छोड़ दिया। प्रतिकुलाधिपति डा. राजीव त्यागी ने कहा कि शिक्षा व्यक्तिगत विकास के

**■ देशप्रेम की भावना से ओतप्रोत हो शिक्षा**

लिये ही नहीं बल्कि देश की उन्नति के लिये भी जरूरी है। डा. मधु चर्तुवेदी ने कहा कि शिक्षित भारत से ही देश के विकास की परिकल्पना साकार होगी। डा. राहुल अवस्थी ने कहा कि शिक्षा में यदि संस्कार, मूल्य व राष्ट्रप्रेम की भावना न हो तो उसका कोई औचत्य नहीं रहता। उन्होंने कहा कि हमें अपने बच्चों को संस्कारवान शिक्षा दिलानी चाहिये, ताकि वह देश के विकास में योगदान दे सके। इससे पूर्व कार्यक्रम की शुरूआत मां सरस्वती के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वल्लित कर की गई। संगोष्ठी में प्रो. कृष्ण कान्त दवे, डा. पीयूष कुमार पांडेय, डा. राजेश सिंह, डा. नीतू पंवार, डा. सुमन कश्यप, डा. स्नेहलता गोस्वामी, डा. ज्योति सिंह, डा. योगेश्वर शर्मा, डा. अंजलि भारद्वाज, डा. आशुतोष, डा. दर्पण कौशिक, डा. राजवर्द्धन सिंह, डा. मो. हित शर्मा, डा. आरती गुप्ता, डा. ओमप्रकाश गोसाई, डा. अश्विन सक्सेना, डा. प्रताप, विश्वास राणा आदि मौजूद रहे।

# रजिस्ट्री कार्यालय पर स्टाम्प वेंडरों का प्रदर्शन

### नौ सूत्रीय मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** आल यूपी स्टांप वेंडर्स एसोसिएशन के बैनर तले मंगलवार को नगर के स्टांप वेंडर्स सब-रजिस्टार कार्यालय पर एकत्र हुए और अपनी मांगों को लेकर जोरदार प्रदर्शन किया। जिलाध्यक्ष विवेक अग्रवाल के नेतृत्व में वेंडर्स ने स्टांप एवं निबंधन शुल्क एवं पंजीयन विभाग मंत्री रविंद्र जायसवाल को संबोधित 9 सूत्रीय ज्ञापन सब-रजिस्टार को सौंपा।

ज्ञापन में यह भी मांग रखी गई कि प्रदेश में हेल्पडेस्क से 100 रुपये से अधिक मूल्य के ई-स्टांप की बिक्री बंद की जाए, ताकि स्टांप वेंडर्स को सीधे लाभ मिल सके। इसके अलावा हर माह के एक रविवार को स्टॉक होल्डिंग द्वारा सभी वेंडर्स को मैन्युअल ट्रेनिंग देने की व्यवस्था की जाए। वेंडर्स ने यह भी कहा कि हेल्पडेस्क और शाखा प्रबंधक वेंडर्स के फोन समय पर उठाएं और समस्याओं का तुरंत समाधान करें। साथ ही एग्रीमेंट रिन्यूअल की जानकारी पीडीएफ फॉर्मेट में एक माह पूर्व जारी की जाए, ताकि कोई वेंडर समय पर रिन्यूअल से वंचित न रह जाए और सरकार को राजस्व हानि न हो। वेंडर्स ने ई-स्टांप वापसी प्रक्रिया को सरल करने, सर्वर डाउन की समस्या पर तत्काल सूचना देने, नगद लेनदेन के लिए स्पष्ट निर्देश देने और स्टॉक होल्डिंग उत्पादों की बिक्री के लिए किसी भी तरह के दबाव को समाप्त करने की भी मांग की। इस दौरान जिलाध्यक्ष विवेक अग्रवाल ने कहा हमारी सभी मांगें व्यावहारिक और विभागीय व्यवस्था सुधारने वाली हैं। यदि इन्हें जल्द लागू नहीं किया गया तो स्टांप वेंडर्स को भारी आर्थिक नुकसान झेलना पड़ेगा। हम चाहते हैं कि सरकार हमारी समस्याओं को गंभीरता से लेकर शीघ्र समाधान करे। प्रदर्शन के दौरान विशाल कुमार, बाबूराम, मनोज कुमार, वीरेंद्र कुमार, पवन कुमार, हिमांशु अग्रवाल समेत अनेक स्टांप वेंडर्स मौजूद रहे।

# भाकियू के आगे झुका वेब मिल प्रबंधतंत्र

### गन्ना प्रजाति 05009 को माना अगौती

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** गन्ना प्रजाति 05009 को लेकर चल रहा विवाद आखिरकार किसानों के हक में झुकता नजर आ रहा है। भारतीय किसान यूनियन (असली) के तीव्र विरोध और आंदोलन की चेता. वनी के बाद वेव शुगर मिल प्रबंधन ने इस प्रजाति को अब अगौती प्रजाति के रूप में खरीदने पर सहमति जता दी है।

भारतीय किसान यूनियन (असली) पिछले सीजन 2024ख्25 से लगातार वेव शुगर मिल द्वारा गन्ना वैरायटी 05009 को सामान्य प्रजाति में शामिल किए जाने के विरोध में संघर्षरत थी। संगठन ने कई बार आंदोलन और धरना प्रदर्शन कर अपनी मांगें रखीं। डूंगर सिंह ने कहा यह किसानों की एकजुटता और भाकियू असली के संघर्ष की जीत है। अगर वेव शुगर मिल अपने वादे से पीछे हटी तो हम फिर से आंदोलन के लिए तैयार हैं। किसानों में इस निर्णय को लेकर संतोष और उत्साह है, वहीं अब सभी की निगाहें इस बात पर टिकी हैं कि वेव शुगर मिल अपने वादे पर कितनी ईमानदारी से अमल करती है।

### उमराह कर लौटे महबूब का स्वागत



**शाह टाइम्स संवाददाता अमरोहा।** उमराह से वापस लौटने पर लोक लेखा समिति के सभापति एवं सदर विधायक महबूब अली का स्वागत किया। बताते चलें कि दस दिन पहले सदर विधायक महबूब अली परिवार के साथ उमराह की यात्रा पर गये थे। आज उनके घर लोटने पर उन्हें तमाम लोग बधाई देने पहुंचे। चूंकि इस समय एसआईआर का कार्य चुनाव आयोग द्वारा किया जा रहा है इसलिए सभी लोग अपने वोट बनवायें तथा यह भी चैक कर लें कि उनके वोट बने या नहीं। इस अवसर पर पूर्व चेयरमैन जोया जाहिद हुसैन, मुख्तार नकवी, लतीफ आदि मौजूद रहे।

# जनपद भर में 14 हजार विद्यार्थियों ने दी संस्कृति ज्ञान परीक्षा



**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** शान्ति कुन्ज हरिद्वार द्वारा आयोजित भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा का आयोजन

**■ शांति कुंज हरिद्वार की ओर से किया गया आयोजन**

मंगलवार को नगर के विभिन्न स्कूलों में किया गया। नगर में जहां चार हजार छात्र-छात्राओं ने परीक्षा दी तो वहीं पूरे जनपद में परीक्षार्थियों का आंकड़ा 14 हजार रहा।

मंगलवार को शान्ति कुन्ज हरिद्वार से जुड़े पदाधिकारियों ने गजरौला क्षेत्र में स्थित 25 विद्यालयों में पहुंचकर परीक्षा आयोजित कराई। परीक्षा में चार हजार छात्र-छात्राएं सम्मिलित रहे। जिला परीक्षा प्रभारी संजय गोयल ने कहा कि, बच्चों में नैतिक मूल्यों, भारतीय संस्कृति, भारतीय दर्शन, महापुरुषों के जीवन से प्रेरणा, श्रेष्ठ आचरण एवं उच्च आदर्शों को अपनाने के लिए यह परीक्षा आयोजित की जाती है। प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पाने वाले विद्यार्थियों को पुरुस्कृत किया जाता है। अमरोहा जनपद में 135 विद्यालयों ने परीक्षा कराई, जिसमे 14000 बच्चों ने भाग लिया। इस मौके पर राकेश शर्मा, सतीश त्यागी, राकेश परिहार, भारत भूषण अग्रवाल, डीएन शर्मा, निकिता शर्मा, गायत्री गोस्वामी आदि मौजूद रहे।

# नियमानुसार कम दूरी पर बना एक टोल समाप्त किया जाए



**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** भारतीय किसान यूनियन संयुक्त मोर्चा की बैठक में टोल प्लॉजा और मुरादाबाद विकास प्राधिकरण के सम्बंध में मुद्दे उठाए गए।

कार्यालय पर हुई राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेश चौधरी ने कहा कि,

**■ एमडीए का हस्तक्षेप भी नगर में हो बंद: नरेश चौधरी**

कोई भी टोल प्लॉजा 60 किलोमीटर से अधिक दूरी से पहले स्थापित नहीं हो सकता, मगर छजारसी से ब्रजघाट टोल की दूरी 50 किलोमीटर तो वहीं ब्रजघाट से जोया टोल प्लॉजा की दूरी मात्र 37 किलोमीटर है। इसलिए नियम विरूद्ध आ रहे एक टोल को बंद कराया जाए, वहीं मुरादाबाद विकास प्राधिकरण द्वारा गजरौला में हस्तक्षेप बंद कराया जाए, आरोप लगाया कि एमडीए द्वारा नगर क्षेत्र में अवैध वसूली की जा रही है और ऊपर से एमडीए द्वारा नगर क्षेत्र में कोई विकास कार्य नहीं कराया जा रहा है। इसलिए अविलंब एमडीए के हस्तक्षेप बंद किया जाएगा। यदि मांगे पूरी न हुई तो 20 नवंबर को एक बड़ा आन्दोलन किया जाएगा। इस अवसर पर राष्ट्र कार्यकारी के सदस्य अरुण सिद्धू, चंद्रपाल सिंह, ओमप्रकाश सिंह, राहुल सिद्धू, नितिन चौधरी, जितेंद्र सिंह, अंकुर चौधरी, तेजपाल सिंह, जगदेव सिंह उपस्थित रहे।

# अधिकारियों की मेहरबान से व्यायाम शिक्षक की मौज

### सरकार से हर माह वेतन लेने के बाद भी काम नहीं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सैदनगली।** विकास खंड गंगेश्व. री में नियुक्त ब्लॉक व्यायाम शिक्षक वैभव गुप्ता ने बताया कि उनकी नियुक्ति वर्ष 2010 में ब्लॉक व्यायाम शिक्षक गंगेश्वरी के पद पर हुई थी,उस समय वे विकास खंड जोया के स्कूल में सहायक अध्यापक के पद पर कार्यरत थे। तब से लगातार पद पर कार्य कर रहे हैं ,अब वर्तमान में वे कंपोजिट विद्यालय सैद नंगली प्रथम में सहायक अध्यापक के पद पर कार्यरत हैं। दिनांक 06/11/25 को कार्यालय खण्ड शिक्षा अधिकारी गंगेश्वरी से न्याय पंचायत स्तरीय क्रीडा प्रतियोगिता आयोजित हेतू पत्र जारी किया गया जिसमें खेलकूद को वैभव गुप्ता ब्लॉक व्यायाम शिक्षक गंगेश्वरी की देखरेख में होने का निर्देश दिया गया । परंतु चार दिन पश्चात ही संशोधित पत्र जारी किया गया जिसमें से वैभव गुप्ता ब्लॉक व्यायाम शिक्षक गंगेश्वरी को हटा दिया गया। वैभव गुप्ता ने जिला अधिकारी का पत्र भेज कर मामले की जांच की मांग की है, साथ ही अपना ब्लॉक व्यायाम शिक्षक का नियुक्ति पत्र, दिनांक 06/11/25को तथा 10/11/25 को जारी पत्र भी संलग्न किया है।

# गंदगी व जलभराव की समस्या दूर की जाए

### ग्रामीणों ने प्रदर्शन कर उठाई मांग



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ढवारसी।** गंगेश्वरी ब्लाक के ग्राम पंचायत ढवारसी में मुख्य मार्ग के किनारे बने नालों की सफाई ना होने से सड़कों पर जलभराव की समस्या पैदा हो गई है। ग्राम पंचायत द्वारा सफाई ना कराने से परेशान ग्रामीणों ने जन सहयोग से जेसीबी मशीन द्वारा नालों की सफाई कराई है। ग्रामीणों ने ग्राम पंचायत के विरोध प्रदर्शन करते हुए विकास कार्यों व सफाई कार्य पर खर्च हुई धनराशि की जांच कराने की मांग की है।

ग्राम पंचायत में पिछले एक माह से ग्रामीण व राहगीर सड़क पर जलभराव होने से परेशान हैं। ग्रामीणों का आरोप है ग्राम पंचायत से अनेक बार नालों की सफाई कराने का अनुरोध किया है लेकिन ग्राम पंचायत द्वारा सफाई कार्य नहीं किया गया है। ग्राम पंचायत में वृहस्पतिवार को लगने वाले साप्ताहिक बाजार व ग्राम पंचायत निधि के खातों से प्रत्येक माह सफाई कराने के नाम धनराशि निक. ाली जाती है लेकिन धरातल पर कार्य नहीं हो रहा है। ग्रामीणों ने जन सहयोग से जेसीबी मशीन द्वारा नालों की सफाई कराई तब जाकर सड़कों पर जमा पानी नालों में होकर निकला। ग्रामीणों ने ग्राम पंचायत के विरोध में प्रदर्शन करते हुए गांव में हुए विकास कार्यों की जांच कराने की मांग की है। प्रदर्शन करने वालों में आशीष त्यागी,रफीक सैफी,नारायन चतुर्वेदी, ध्यान सिंह, गजेन्द्र शर्मा,मोहित कुमार आदि मौजूद रहे।

### रजनीश ने अपने लिए मांगे वोट



**शाह टाइम्स संवाददाता मंडी धनौरा।** बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश के चुनाव को लेकर अधिवक्ताओं के बीच जनसंपर्क अभियान जोर पकड़ने लगा है। इसी क्रम में प्रदेश अध्यक्ष लीगल सेल (आसपा) एवं बार काउंसिल प्रत्याशी रजनीश गौतम एडवोकेट का सोमवार को धनौरा तहसील पहुंचने पर अधिवक्ताओं ने गर्मजोशी से स्वागत किया। उन्होंने अपने जनपद अमरोहा की लीगल सेल टीम के साथ तहसील परिसर के प्रत्येक चौंबर में जाकर अधिवक्ताओं से मुलाकात की और अपने पक्ष में प्रथम वरीयता का वोट देने की अपील की। इस मौके पर योगेंद्र कुमार सिंह एडवोकेट, हरिओम एडवोकेट, डॉली एडवोकेट, मुकेश कुमार एडवोकेट, दिनेश कुमार एडवोकेट, भगवानदास एडवोकेट, सुरेंद्र सिंह मौजूद रहे।

### प्रदर्शनी से दर्शाए दूषित वातावरण के प्रभाव



**शाह टाइम्स संवाददाता जोया।** विज्ञान प्रदर्शनी के माध्यम से छात्र-छात्राओं ने पेड़ों के कटान से दूषित होते वातावरण के प्रति लोगों को जागरूक किया। डिडौली स्थित एसएस इंटर कालेज में विज्ञान प्रदर्शनी मेले का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा पांच से 12 तक के बच्चों ने प्रतिभाग किया। कक्षा पांच के छात्र शान व छात्रा मिनश ने ट्रैफिक के बढ़ते भार को देखते रोड मेप मॉडल तैयार किया। जिसे सभी ने खूब सराहा। उन्होंने संदेश दिया कि जिस तरह पेड़ों का कटान कर आबादी बसाई जा रही है वह आने वाली पीढ़ी के लिये गंभीर खतरा है। जिला पंचायत सदस्य पति हाजी अब्दुल सत्तार ने छात्र छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित करते कहा कि बिना शिक्षा के तरक्की नहीं मिल सकती। परिजन अपने बच्चों को संस्कारवान व अच्छी शिक्षा दिलायें। ताकि वह समाज में नाम रौशन करें। इस मौके पर प्रबंधक शहजाद शाह, शमीम अहमद, मौ. उमर, रवि कुमार, मनोज कुमार, सुमायला शहजाद, फौजिया, रियाज, हाजी अब्दुल सत्तार, चौधरी कल्लू, मौ. दानिश, रईस सैफी आदि मौजूद रहे।

# गुजरात में हसनपुर के ट्रक चालक की मौत

### परिजन शव लेने के लिए रवाना



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** गुजरात में ट्रक चालक की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। कंडक्टर गंभीर रूप से घायल हो गया। चालक की मौत होने से परिवार में कोहराम मचा हुआ है। पोस्टमार्टम होने के बाद परिजन शव को लेकर रवाना हो गये हैं।

नगर के मोहल्ला कंकर वाला कुआं निवासी फिरोज पुत्र शफीउल्ला किसी कंपनी में ट्रक चालक थे। रविवार को वह गुजरात के अहमदाबाद नागपुर मार्ग पर ट्रक को लेकर जा रहे थे। उनके ट्रक में पंचर हो गया था वह सड़क के किनारे उसे खड़ा करके कंडक्टर आरिफ निवासी रहरा संभल बाईपास मार्ग के साथ स्टेपनी को बदल रहे थे। इस दौरान पीछे से अनियंत्रित होकर तेज गति से आ रहे वाहन ने पीछे से खड़े हुए ट्रक में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे फिरोज आयु 50 वर्ष की ट्रक के नीचे दबकर दर्दनाक मौत हो गई। बताया जा रहा है कि फिरोज ट्रक चलाने के लिए एक महीना पहले घर से गये थे। फोन पर ही परिजनों से बात हो रही थी। फिरोज अपने पीछे दो बेटी एक बेटा व पत्नी को छोड़ गये है। सड़क दुर्घटना में फिरोज की मौत होने के बारे में अभी परिवार के लोगों को नहीं बताया गया है। कंडक्टर आरिफ की हालत गंभीर बनी हुई है। सड़क दुर्घटना में ट्रक चालक की मौत की सूचना मिलने पर परिजन रवाना हो गये थे। परिजन पोस्टमार्टम कराने के बाद फिरोज के शव को लेकर घर के लिए रवाना हो गये थे।

# किराना दुकानदार की गंगा में डूबकर मौत

### 14 किलोमीटर दूर मिला शव



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नौगांवा सादात।** गंगा नहाने गये किराना दुकानदार की पानी में डूबकर मौत हो गयी। उसका शव 14 किलोमीटर दूर बरामद हुआ। घटना से घर में कोहराम मच गया।

जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के गांव जमना खास निवासी अक्षय गुप्ता पुत्र नरेश गुप्ता ने गांव में ही परचून की दुकान कर रखी थी। नौ नवम्बर को वह स्कूटी से ब्रजघाट गंगा नहाने गया था। उन्होंने अमरोहा से सामान खरीदा तथा ब्रजघाट पहुंच गये। इस दौरान घाट पर स्कूटी व कपड़े उतारकर नाव की मदद से व गंगा पार पहुंचे तथा वापस नहीं आये। उधर उनकी मां रजनी गुप्ता ने जब फोन किया तो मोबाइल भी किसी ने नहीं उठाया। जिस पर उनका शक गहरा गया। वह अक्षय गुप्ता को ढूंढते ही ब्रजघाट पहुंच गयी। मौके पर स्कूटी व कपड़े रखे थे। आसपास पूछने पर बताया कि काफी देर पहले स्कूटी खड़ी कर युवक गंगा स्नान को गया था परन्तु वापस नहीं लोटा। तलाश करने पर 14 किलोमीटर दूर अक्षय (28) का शव बरामद हुआ। जिससे घर में कोहराम मच गया। मृतक के बहनोई मध्य प्रदेश में जज बताये जा रहे हैं।

### छात्राओं ने खेलों में दिखाए जौहर

**हसनपुर।** विद्या भारती पश्चिम उत्तर प्रदेश क्षेत्र द्वारा आयोजित त्रिदिवसीय क्षेत्रीय एथलेटिक्स एवं खेलकूद समारोह 2025-26 का सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज सैद नगली में 9 से 11 नवंबर तक भव्य आयोजन किया गया। इस समारोह में उत्तरांचल, ब्रज प्रदेश, और मेरठ प्रांत के 451 भैया-बहनों ने प्रतिभाग किया। प्रतिभागियों ने लंबी कूद, ऊंची कूद, भाला फेंक, गोला फेंक, चक्का फेंक, हैमर थ्रो, बैडमिंटन, दौड़, कुश्ती, कबड्डी, और शतरंज सहित विभिन्न एथलेटिक्स और दलीय खेलों में अपना कौशल प्रदर्शित किया। प्रतियोगिता का शुभारंभ क्षेत्रीय खेल संयोजक सत्यपाल सिंह और प्रांत संगठन मंत्री प्रदीप गुप्ता सहित अन्य पदाधिकारियों ने माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया। समापन सत्र में विद्या भारती प० उ०प्र० क्षेत्र के क्षेत्रीय संगठन मंत्री श्री डोमेश्वर साहू ने भैया-बहनों को संबोधित किया। उन्होंने सफलता के लिए निरंतर अभ्यास और प्रयास को आवश्यक बताते हुए सभी को शुभकामनाएं दीं। विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विजयी प्रतिभागियों को श्री डोमेश्वर साहू जी, सत्यपाल सिंह और अन्य प्रांतीय पदाधिकारियों द्वारा पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्रबंध समिति के पदाधिकारियों और शिक्षाविदों की उपस्थिति ने खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया

**सम्बन्ध-विच्छेद**

मैने परिवार समेत अपने बेटे शाहरूख व पुत्रवधू अफसा के गलत व्यवहार के कारण संबंध विच्छेद कर अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में अपने किसी भी कृत्य के लिए स्वयं जिम्मेदार होंगे।

मौ. इदरीश अहमद पुत्र नजीर अहमद
निवासी मोहल्ला कटरा कस्बा व थाना
मंडी धनौरा जिला अमरोहा।
मो. नं. 844923252

**सम्बन्ध-विच्छेद**

मेरा बड़ा बेटा राहुल गलत संगत में पड़ गया है। जब उसकी पत्नी मंजू देवी उसे समझाती है तो वह उसके साथ भी मारपीट करता है। जिस कारण मैं इन दोनों से सभी तरह के संबंध विच्छेद कर अपनी चल अचल सम्पत्ति से इन्हें बेदखल करता हूं। इन दोनों के द्वारा किये गये गलत कृत्य के लिए मैं व मेरा परिवार जिम्मेदार नहीं होगा।

महाराज सिंह पुत्र कुंदन सिंह निवासी
मौहल्ला मुंशियान, जोया थाना
डिडौली जनपद अमरोहा

### मेले से युवक की बाइक चोरी

**शाह टाइम्स संवाददाता गजरौला।** कार्तिक पूर्णिमा के दिन तिगरी गंगा मेले से बाइक चोरी की रिपोर्ट पुलिस ने दर्ज कर ली है। नगर के मोहल्ला फाजलपुर निवासी हरिओम के मुताबिक कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर गंगा स्नान के लिए तिगरी मेले में उसका डेरा लगा था। डेरे के पास में ही उसकी बाइक खड़ी थी। वहां से बाइक चोरी हो गई। काफी तलाश किया मगर बाइक का कुछ पता न चला, जिसके बाद पुलिस को तहरीर दी गयी। मंगलवार को पुलिस ने बाइक चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# लोकतंत्र की यही पहचान, पहले करें मतदान, फिर करें जलपान: केशव

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** बिहार विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण की वोटिंग को लेकर उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने मतदाताओं से लोकतंत्र के इस महापर्व में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने की अपील की है।

उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की यही पहचान है, पहले करें मतदान फिर करें जलपान। मंगलवार को अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर पोस्ट करते हुए उपमुख्यमंत्री ने कहा कि हर नागरिक का मत न केवल उसका अधिकार है,



बल्कि देश और राज्य के उज्जवल भविष्य की नींव भी है। उन्होंने कहा कि आज का मतदान आने वाले पांच वर्षों की दिशा तय करेगा, इसलिए हर मतदाता को अपने घर से निकलकर मतदान केंद्र तक जरूर पहुंचना चाहिए। उपमुख्यमंत्री ने कहां कि बिहार के विकास, सुशासन और स्थिरता के लिए एनडीए सरकार का बनना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में बिहार ने नई ऊंचाइयां छुई हैं और यह विकास यात्रा तभी जारी रह सकती है जब जनता पुन: एनडीए को आशीर्वाद दे। केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि बिहार का हर नागरिक अपने मत के माध्यम से परिवर्तन और प्रगति का मार्ग प्रशस्त कर सकता है। उन्होंने युवाओं, महिलाओं और प्रथम बार वोट देने वालों से विशेष रूप से अपील की कि वे पूरे जोश और जिम्मेदारी के साथ मतदान करें। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की असली ताकत जनता के मत में है। बिहार के विकास, सुशासन और हर घर की खुशहाली के लिए मतदान अवश्य करें।

## आतंकवादियों पर इजरायल की तर्ज पर हो कार्रवाई: रामानुजाचार्य

**प्रयागराज।** लाल किले के पास बम धमाके की कड़ी निदा करते हुए श्रृंगवेरपुर पीठाधीश्वर जगतगुरु नारायणाचार्य स्वामी रामानुजाचार्य शांडिल्य जी महाराज ने विस्फोट में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित की है। उन्होंने कहा ब्लास्ट में शामिल आरोपियों के खिलाफ इजरायल की तर्ज पर कार्रवाई करने की मांग की है। रामानुजाचार्य शांडिल्य जी महाराज ने कहा कि जिस तरह से गाजा को मिटा दिया गया। उसी तरह से अब समय आ गया है कि पाकिस्तान और बांग्लादेश को भी विश्व के मानचित्र से मिटा देना चाहिए। स्वामी शांडिल्य जी महाराज ने कहा है कि इस आतंकी हमले के पीछे पाकिस्तान और बांग्लादेश का हाथ हो सकता है। केंद्र सरकार से इस पूरे मामले की जांच के बाद तत्काल कार्रवाई किए जाने की मांग की और कहा कि पूरा देश केंद्र सरकार के साथ मजबूती खड़ा है।

# हरगांव क्षेत्र में गांव-गांव घूमे भाजपाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सीतापुर।** देश के प्रथम गृहमंत्री लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जन्म जयंती अभियान के अंतर्गत हरगांव विधानसभा में एकता पदयात्रा का आयोजन किया गया।

यात्रा मुख्यत भाजपा प्रदेश महामंत्री एवं अवध क्षेत्र के प्रभारी संजय राय, कारागार राज्य मंत्री सुरेश राही, जिला प्रभारी नीरज सिंह व जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला के नेतृत्व में निकाली गई। इस अवसर पर प्रदेश महामंत्री/ अवध क्षेत्र प्रभारी संजय राय ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी देश के पहले गृहमंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल की 150 वीं जन्म जयंती श्रद्धा केसाथ मना रही है। ऐसे में देश अपने लौह पुरुष को श्रद्धांजलि समर्पित कर रहा है। साथ ही महापुरुषों के सम्मान की सांस्कृतिक विरासत आगे बढ़ रही है। जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की



इच्छा के अनुरूप देश में सभी महापुरुषों के सम्मान और उनके बताए मार्ग पर चलकर देश को विश्व गुरु बनाने का कार्य निरंतर गतिशील है।

जिसमें भारत का बच्चा-बच्चा जुड़ता जा रहा है। कारागार राज्य मंत्री सुरेश राही ने बताया कि एकता पदयात्रा देश व प्रदेश की प्रत्येक विधानसभा में निकाली जा रही है। आज मेरी कर्मभूमि हरगांव विधानसभा में यह यात्रा निकाली गई है यहां के लोगों ने इसे सफल बनाया है इसके लिए मैं सभी को धन्यवाद देता हूं। कार्यक्रम को पूर्व जिला अध्यक्ष अजय गुप्ता, निवर्तमान जिलाअध्यक्ष अचिन मेहरोत्रा, नगर पालिका परिषद खैराबाद अध्यक्ष प्रतिनिधि अभिषेक गुप्ता, सचिन मिश्रा, सुनील मिश्रा, कौशलेंद्र सिंह आदि ने संबोधित किया।

# वाराणसी में हाई अलर्ट धार्मिक स्थलों और गंगा घाटों पर विशेष निगरानी

**वाराणसी।** दिल्ली में लाल किले के पास कार में ब्लास्ट के बाद काशी में हाई अलर्ट घोषित कर दिया गया है। काशी विश्वनाथ मंदिर, संकट मोचन मंदिर और गंगा घाटों पर विशेष निगरानी रखी जा रही है। साथ ही काशी के अन्य धार्मिक स्थलों पर तमाम एजेंसियों की खास नजर है। वाराणसी जंक्शन, बनारस रेलवे स्टेशन और बस अड्डों पर पुलिस द्वारा संदिग्धों की जांच की जा रही है। पुलिस आयुक्त मोहित अग्रवाल ने बताया कि भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर चेकिग अभियान और फ्रिस्किग करने के निर्देश दिए गए हैं।

सभी थानाध्यक्षों को अपने क्षेत्र में सघन चेकिग के साथ गश्त बढ़ाने के निर्देश दिए गए हैं। गंगा घाटों पर बम निरोधक दस्ता (बीडीएस) और डॉग स्क्वॉड तैनात किया गया है। साथ ही लोगों से अपील की गई है कि कोई भी संदिग्ध व्यक्ति या वस्तु दिखे तो तत्काल पुलिस को सूचित करें। जांच एजेंसियां और पुलिस टीम द्वारा होटलों, गेस्ट हाउस तथा धर्मशालाओं की जांच और चेकिग की जा रही है। एयरपोर्ट पर सुरक्षा के विशेष इंतजाम किए गए हैं। पार्किंग स्थलों और कचहरी परिसर में भी चेकिग अभियान चलाया जाएगा।

# खोए हुए मोबाइल पाकर खिल उठे फोन मालिकों के चेहरे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सीतापुर।** नैमिषारण्य थाना पुलिस ने खोए हुए मोबाइल फोन बरामद कर फोन स्वामियों को सौपे हैं।

राजस्थान के जनपद नागौर के कुचामन शहर थाना क्षेत्र के ग्राम हरितपुरा निवासी महावीर प्रसाद पुत्र कैसाराम का मोबाइल फोन गत 23 अगस्त को नेमिषारण्य के राजघाट गोमती तट पर खो गया था। 4 अक्टूबर को हरदोई जनपद के पिहानी चुंगी रुद्धेपुरवा मोहल्ला प्रेम नगर निवासी उर्मिला देवी का मोबाइल फोन भी नैमिषारण्य के गोमती तट पर खो गया था। नैमिषारण्य के ग्राम भैरमपुर निवासी अखिलेश



कुमार पुत्र शिव गोपाल का मोबाइल फोन 30 जुलाई को देव देवेश्वर मंदिर के करीब से खो गया था। इसी तरह से नैमिषारण्य के ग्राम कीरतपुर लखनपुर निवासी चंद्रपाल पुत्र बालक राम का मोबाइल फोन भी 30 जुलाई को बीबीपुर जाते समय रास्ते में गिर गया था। नैमिषारण्य के उत्तर वार्ड निवासी पप्पू पुत्र घुरई का मोबाइल फोन 7 नवंबर को ललिता देवी मंदिर मार्ग पर खो गया था। मिश्रित कोतवाली क्षेत्र के ग्राम अजगरा निवासी द्वारिका यादव पुत्र नरेंद्र कुमार का मोबाइल फोन 28 फरवरी को नैमिषारण्य के माता ललिता देवी मंदिर मार्ग पर कहीं खो गया था।

मोबाइल स्वामियों इन मोबाइल के खोने की शिकायत सीईआईआर पोर्टल पर की थी। नैमिषारण्य थाना पुलिस ने इन सभी खोए हुए मोबाइल फोन को बरामद किया इसके बाद उन फोन को मोबाइल स्वामियों को सुपुर्द कर दिया।

## संक्षिप्त समाचार

### मिशन शक्ति अभियान के पांचवें चरण में महिलाओं एवं बालिकाओं को किया जागरूक

**अमेठी।** महिला कल्याण विभाग द्वारा मिशन शक्ति विशेष अभियान फेज-5.0 के अंतर्गत जनपद में व्यापक स्तर पर जनजागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में आज दिनांक 11 नवंबर 2025 को जिलाधिकारी संजय चौहान के निर्देशन एवं उपजिलाधिकारी/ प्रभारी जिला प्रोबेशन अधिकारी सात्विक श्रीवास्तव के नेतृत्व में 'हक की बात जिलाधिकारी के साथ' थीम के तहत विकास खण्ड तिलोई के ग्राम पंचायत सिजनी तथा गौरीगंज के ग्राम पंचायत अमिया में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं एवं बालिकाओं को महिला एवं बाल कल्याण से संबंधित विभिन्न योजनाओं बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, मिशन शक्ति, वन स्टॉप सेंटर, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (सामान्य/कोविड), स्पॉन्सरशिप योजना, तथा पति की मृत्यु के उपरांत निराश्रित महिला पेंशन योजना आदि की विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान संबंधित योजनाओं के पम्पलेट एवं फोल्डर वितरित कर प्रचार-प्रसार किया गया। इसके साथ ही महिलाओं को घरेलू हिसा अधिनियम 2005, कार्यस्थल पर महिलाओं के लैंगिक उत्पीड़न से संरक्षण अधिनियम 2013, दहेज प्रतिषेध अधिनियम 1961 एवं अनैतिक व्यापार निवारण अधिनियम 1956 सहित ऑनलाइन सुरक्षा के प्रति भी जागरूक किया गया। अभियान के दौरान उपस्थित बालिकाओं और महिलाओं को महिला हेल्पलाइन 181, एम्बुलेंस सेवा 108, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, साइबर हेल्पलाइन 1930, वूमेन पावर हेल्पलाइन 1090, एवं आपातकालीन सेवा 112 की जानकारी दी गई तथा इनसे जुड़ने के तरीके बताए गए। कार्यक्रम में मिशन वात्सल्य योजना एवं चाइल्ड हेल्पलाइन अमेठी की टीम भी उपस्थित रही।

### मासूम से दुष्कर्म के मामले में 20 वर्ष की कठोर कारावास की सजा

**सोनभद्र।** प्रदेश में सोनभद्र जिले की एक अदालत ने करीब साढे चार वर्ष पूर्व पीड़िता के घर के समीप नाले के पास सात वर्षीय नाबालिग लघ्की के साथ हुए दुष्कर्म के मामले में मंगलवार को दोषी को 20 वर्ष के कठोर कारावास और 20 हजार रुपए जुर्माने की सजा सुनाई। अभियोजन पक्ष के मुताबिक रामपुर बरकोनिया थाना क्षेत्र निवासी पीघ्तिा की मां ने दी तहरीर में आरोप लगाया था कि 21 मई 2021 को छोटे पुत्र जंगाली निवासी दरमा, थाना रामपुर बरकोनिया, जिला सोनभद्र ने उसकी छह वर्षीय बेटी के साथ दुष्कर्म किया और शिकायत करने पर जान मारने की धमकी देते हुए भाग गया। इस मामले में कोर्ट में धारा 156(3) सीआरपीसी के तहत प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई गई थी। कोर्ट के 2 जुलाई 2021 के आदेश के अनुपालन में रामपुर बरकोनिया पुलिस ने सात जुलाई 2021 को एफआईआर दर्ज कर मामले की विवेचना शुरू कर दिया। मेडिकल जांच में पीघ्तिा की उम्र 7 वर्ष के आसपास बताई गई।पर्याप्त सबूत मिलने पर विवेचक ने छोटे के विरुद्ध कोर्ट में चार्जशीट दाखिल किया था। मामले की सुनवाई करते हुए अपर सत्र न्यायाधीश/ विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट अमित वीर सिह की अदालत ने दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं के तर्कों को सुनने, 7 गवाहों के बयान एवं पत्रावली का अवलोकन करने पर दोषसि( पाकर दोषी छोटे (25) वर्ष को 20 वर्ष की कठोर कैद एवं 20 हजार रूपए अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड न देने पर एक माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। वही अर्थदंड की धनराशि में से 15 हजार रूपए पीघ्तिा को मिलेगी। अभियोजन पक्ष की ओर ले सरकारी वकील दिनेश प्रसाद अग्रहरि, सत्यप्रकाश त्रिपाठी और नीरज कुमार सिह ने बहस की।

### आजमगढ़ में हाई अलर्ट, सुरक्षा व्यवस्था की पुर्नसमीक्षा

**आजमगढ़।** दिल्ली में कार विस्फोट के बाद आजमगढ़ में भी हाई अलर्ट घोषित कर दिया गया है। उत्तर प्रदेश के आजमगढ़ परिक्षेत्र के पुलिस उप महानिरीक्षक सुनील कुमार सिह व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ अनिल कुमार द्वारा दिल्ली में हुए विस्फोट की घटना के मद्देनज़र कल देर रात ही सुरक्षा व्यवस्था की आजमगढ़ में व्यापक समीक्षा की गई। इस दौरान उन्होंने आजमगढ़ रेलवे स्टेशन पर पैदल भ्रमण कर कानून-व्यवस्था, शांति एवं सुरक्षा की स्थिति का जायजा लिया और अधिकारियों को पूर्ण सतर्कता एवं सक्रियता के साथ ड्यूटी करने के निर्देश दिए। पुलिस उप महानिरीक्षक आजमगढ़ व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने सभी अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में निरंतर भ्रमणशील रहकर सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने, संदिग्ध व्यक्तियों एवं वस्तुओं की सघन चेकिग करने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना पर तुरंत कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड, बाजारों व भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में लावारिस वस्तुओं जैसे बैग या वाहन की जांच के लिए विशेष सतर्कता बरतने को कहा गया।

# शिक्षक की मौत, इलाज में लापरवाही पर भड़के शिक्षक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बहराइच।** उत्तर प्रदेश में बहराइच जिले के विकासखंड मिहींपुरवा के प्राथमिक विद्यालय सेमई बेली में तैनात शिक्षक की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई।

मृतक शिक्षक की पहचान अजीत कुमार चंद्रा के रूप में हुई है, जो मूल रूप से हरदोई के निवासी थे। प्राप्त जानकारी के अनुसार, रात में सड़क दुर्घटना के बाद पुलिस कर्मियों ने घायल अवस्था में अजीत कुमार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) मोतीपुर पहुंचाया था, जहां उनका उपचार चल रहा था। परिजनों और शिक्षकों का आरोप है कि ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक की लापरवाही और कथित रूप से नशे की हालत में इलाज करने के कारण शिक्षक की जान नहीं बच सकी। मृतक शिक्षक की पत्नी आस्था द्वारा मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) बहराइच एवं थानाध्यक्ष मोतीपुर को दिए गए प्रार्थना पत्र में कहा गया है कि रात करीब दो बजे पुलिस उनके पति को घायल अवस्था में अस्पताल छोड़कर चली गई थी। सुबह करीब छह बजे तक वे जीवित थे, लेकिन सही उपचार न मिलने के कारण उनकी मृत्यु हो गई।

घटना की जानकारी मिलते ही बड़ी संख्या में शिक्षक साथी सीएचसी मोतीपुर पहुंचे और वहां तैनात चिकित्सक डा. आर-पी- सिह पर कार्रवाई की मांग करते हुए धरना-प्रदर्शन किया।

प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष राजेश गुप्ता एवं राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के जिला कोषाध्यक्ष सगीर अंसारी के नेतृत्व में शिक्षकों ने चेतावनी दी कि जब तक दोषी चिकित्सक पर कार्रवाई नहीं होगी, वे शांत नहीं बैठेंगे। मामले की गंभीरता को देखते हुए मुख्य चिकित्सा अधिकारी संजय शर्मा ने तत्काल संज्ञान लिया और सीएचसी प्रभारी को निर्देश दिए कि रात के समय ड्यूटी पर रहे चिकित्सक डा. आर-पी- सिह का मेडिकल परीक्षण कराया जाए। शिक्षक संगठन कार्रवाई की मांग पर अड़े रहे और उन्होंने पोस्टमार्टम प्रक्रिया रोक दी। बाद में अधिकारियों के समझाने-बुझाने पर शिक्षक शांत हुए और मृतक शिक्षक का पोस्टमार्टम कराया गया।

# मिर्जापुर में विध्यवासिनी धाम की सुरक्षा सख्त

**मिर्जापुर।** दिल्ली में लाल किले के पास सोमवार को हुए धमाके के बाद उत्तर प्रदेश में विध्य क्षेत्र की अधिष्ठात्री देवी मां विध्यवासिनी देवी के धाम में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। सोमवार रात में ही कमिश्नर राजेश प्रकाश एवं पुलिस महानिरीक्षक आर पी सिह सहित जिले के सारे आला अधिकारियों ने धाम में पहुंच कर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर मीटिग कर अति संवेदनशील एवं संवेदनशील स्थानों पर सुरक्षा कड़े इंतजाम किए। जिला कलेक्टर पवन कुमार गंगवार ने बताया कि संवेदनशील स्थानों पर निगरानी बढ़ा दी गई है।

साथ ही साथ खुफिया एजेंसी को भी लगाया गया है। उन्होंने बताया कि किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए आपात व्यवस्था की गई है। रेलवे स्टेशन सहित अन्य स्थानों पर चेकिग अभियान भी चलाया जा रहा है।


## उप्र में जनजाति गौरव सम्मेलनों का आयोजन करेगी भाजपा

**लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के अवसर पर राज्य भर में 15 नवम्बर तक विशेष कार्यक्रमों और जनजाति गौरव सम्मेलनों का आयोजन किया जाएगा। श्री चौधरी ने मंगलवार को यहां पार्टी मुख्यालय में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि इन आयोजनों में केंद्र और राज्य सरकार के मंत्री शामिल होकर जनजातीय नायकों के योगदान को याद करेंगे। चौधरी ने कहा कि 12, 13, 14 और 15 नवम्बर को पूरे प्रदेश में महापुरुषों के स्थलों पर सफाई अभियान चलाया जाएगा।

# पेयजल परियोजना में लापरवाही नहीं होगी बर्दाश्त: डीएम चौहान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गौरीगंज अमेठी।** जिलाधिकारी संजय चौहान की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिले में जल जीवन मिशन के अंतर्गत चल रही ग्रामीण पाइप पेयजल परियोजना की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी सचिन कुमार सिंह, जल निगम विभाग के अधिकारी, कार्यदायी संस्थाओं के प्रतिनिधि सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।



बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि जल जीवन मिशन भारत सरकार की प्राथमिकता वाली योजना है, जिसका उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों के प्रत्येक घर तक सुरक्षित और शुद्ध पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करना है। इसके उपरांत जिलाधिकारी ने कार्यदाई संस्थावार परियोजना की प्रगति रिपोर्ट की समीक्षा करते हुए कार्यों की गुणवत्ता, सामग्री की उपलब्धता, ठेकेदारों की कार्यशैली, पाइपलाइन बिछाने की तकनीकी प्रक्रिया, जलस्रोतों की स्थिति, पानी की गुणवत्ता जांच और लाभाल्थयों तक जल कनेक्शन की वर्तमान स्थिति के बारे में विस्तृत जानकारी ली एवं संबंधित को आवश्यक निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने स्पष्ट रूप से कहा कि किसी भी स्तर पर लापरवाही या कार्य में अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि कार्यों में पारदल्शता, गुणवत्ता और समयब)ता सर्वोपरि होनी चाहिए। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि जिन क्षेत्रों में परियोजना का कार्य धीमी गति से चल रहा है, वहां संबंधित कार्यदायी संस्थाएं कार्यों में तेजी लाएं। जिलाधिकारी ने पेयजल योजनाओं की स्थिति की जमीनी हकीकत जानने के लिए स्वयं गांवों का दौरा करने को कहा।

## बस की चपेट में आने से बाइक सवार दो युवकों की मौत

**जौनपुर।** उत्तर प्रदेश में जौनपुर जिले के तेजी बाजार थाना क्षेत्र में रसिकापुर बाजार में मंगलवार सुबह प्राइवेट बस की चपेट में आने से बाइक सवार दो युवकों की मौत हो गई। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार आज सुबह लगभग नौ बजे एक बाइक से मनोज मिश्रा (30) तथा पीछे बैठा इस्लाम (28) तेजी बाजार किसी काम से घर से पांच किमी दूर रसिकापुर जा रहे थे कि रसिकापुर बाजार में सामने से आ रही प्राइवेट बस ने बाइक को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे बाइक चला रहे मनोज मिश्रा की मौके पर मौत हो गई।

# नगरीय क्षेत्रों में संगठन का विस्तार करेगा रालोद: अनुपम मिश्रा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** राष्ट्रीय लोक दल (रालोद) के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) जयंत चौधरी के निर्देश पर गठित रालोद नगरीय निकाय (अर्बन बॉडी) की पहली बैठक मंगलवार को लखनऊ स्थित प्रदेश कार्यालय में आयोजित की गई।

बैठक की शुरुआत में दिल्ली के लालकिले के निकट हुए धमाके में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि दी गई तथा इस कायरतापूर्ण हमले की कड़ी निदा की गई। तत्पश्चात बैठक की अध्यक्षता करते हुए पार्टी के राष्ट्रीय सचिव अनुपम मिश्रा ने नवगठित निकाय के उद्देश्य एवं कार्यप्रणाली की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस निकाय के गठन का मुख्य उद्देश्य नगरीय क्षेत्रों में संगठन का विस्तार करना और आगामी नगर निकाय चुनावों में पार्टी की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करना है। श्री मिश्रा ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष द्वारा सौंपा गया यह लक्ष्य चुनौतीपूर्ण है, मगर रालोद कार्यकर्ता इसे पूरी निष्ठा और ऊर्जा के साथ पूरा करेंगे। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश देश का ऐसा राज्य है जहां 17 नगर निगम, 200 नगर पालिका परिषदें और 545 नगर पंचायतें हैं, यानी कुल 762 नगरीय स्थानीय निकाय जो संगठन के विस्तार के लिए बड़े अवसर प्रदान करते हैं। बैठक में नगर निकाय सदस्य इंद्रजीत सिह टीटू की सलाह पर कार्यों को समयबद्ध रूप से करने और सदस्यों के बीच नगरवार जिम्मेदारी बांटने पर सहमति बनी। वहीं, महेश जाटव ने प्रस्ताव रखा कि 16 नवम्बर को मथुरा में होने वाले राष्ट्रीय अधिवेशन के उपरांत अगली बैठक आगरा में आयोजित की जाएगी। बैठक में शालिनी सिह (राष्ट्रीय महासचिव, महिला प्रकोष्ठ), शैलेश सिह (प्रदेश महासचिव), विकास सिह, सरताज अहमद मलिक (नगर अध्यक्ष) सहित अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# जिला अधिकारी ने किया तहसील सिधौली का निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सीतापुर।** जिलाधिकारी डा राजागणपति आर ने मंगलवार को तहसील सिधौली का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने फौजदारी कक्ष, अभिलेखागार, संग्रह अनुभाग आदि पटलों का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखीं एवं आवश्यक दिशा निर्देश संबंधित अधिकारियों को प्रदान किए।

जिलाधिकारी ने उपजिलाधिकारी न्यायालय, तहसीलदार न्यायालय, नायब तहसीलदार न्यायालय का निरीक्षण करते हुए सभी पुराने आवश्यक दस्तावेजों को गहनतापूर्वक अवलोकन किया। उन्होंने निर्देशित किया कि तहसीलदार के न्यायालय में जो भी कब्जा संबंधी लम्बित वाद चल रहे हैं, उनका निस्तारण जल्द से जल्द किया जाये। जिलाधिकारी ने कहा कि कोई भी कब्जा संबंधी वाद अधिक समय लम्बित न रखा जाये। इसका मौके पर जाकर निस्तारण सुनिश्चित किया जाये। उन्होंने उपजिलाधिकारी को निर्देश दिए कि निरन्तर न्यायालय में बैठें, जिससे कोई भी वाद लम्बित न रहे।

# सूर्य महोत्सव का खाका तैयार

**महोबा।** उत्तर प्रदेश में ऐतिहासिक ओर पुरातात्विक दृष्टि से महत्वपूर्ण वीरभूमि महोबा में पर्यटन विकास के मद्देनजर सूर्य महोत्सव एवं बर्ड फेस्टिवल के आयोजन की रूपरेखा तैयार की गई है।

जिलाधिकारी गजल भारद्वाज की अध्यक्षता में मंगलवार को इस आशय से कलेक्ट्रेट में एक बैठक आयोजित करके महोत्सव के लिए विस्तृत रूपरेखा का निर्धारण करने के लिए विचार विमर्श किया गया। उन्होंने बताया कि महोबा में सूर्य मंदिर अत्यंत प्राचीन चंदेल कालीन स्मारक है। मान्यता है कि प्राचीन समय में इसके धार्मिक महत्व के कारण दूर-दूर से पर्यटक एवं श्रद्धालु यहां पहुंचते थे। सूर्य मंदिर के महत्व को देखते हुए पर्यटन मंत्रालय भारत सरकार एवं उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग द्वारा यहां सन इंटरप्रिटेशन सेंटर एवं सन प्लेनिटोरियम की कार्ययोजना लाई गई। सन इंटरप्रिटेशन सेंटर का निर्माण कार्य शुरू हो रहा है, परिणाम स्वरुप इसी धारणा एवं मान्यता के प्रचार प्रसार के लिए जिले में सूर्य महोत्सव आयोजित किया जा सकता है, जिसे आगामी माह जनवरी अथवा फरवरी 2026 में आयोजित किए जाने की बात रखी गई। जिलाधिकारी द्वारा इसी के साथ ही विजय सागर पक्षी विहार में देशी-विदेशी पक्षियों के आगमन को प्रचारित प्रसारित करने के लिए वर्ड फेस्टिवल कराए जाने के लिए उत्तर प्रदेश वन विभाग को प्रस्ताव पहुंचाने के लिए निर्देश वन विभाग महोबा को दिए गए। जिलाधिकारी द्वारा बैठक में अवगत कराया गया कि सूर्य महोत्सव एवं बर्ड फेस्टिवल से संबंधित जन सामान्य की राय एवं सुझावों को लिया जाएगा। इस आयोजन के माध्यम से पर्यटको को आकर्षित करके उनके समक्ष यहां के ऐतिहासिक व पुरातात्विक समारको को प्रदर्शित करना प्रमुख मंशा है। उम्मीद है की सूर्य महोत्सव ओर बर्ड फेस्टिविल यहां आगे चलकर देशी विदेशी पर्यटको के आकर्षण का केंद्र बनेगा- बैठक में जिले के वरिष्ठ अधिकारी ओर पर्यटन विभाग के अधिकारी एवं समाज सेवी ओर पर्यटन प्रेमी मौजूद रहे।

# नशे की लत ने युवक को बनाया चोर

**■ लाखों के जेवरात समेत गिरफ्तार**




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नोएडा।** नोएडा के थाना सेक्टर-63 क्षेत्र के एक कॉलोनी में रहने वाले एक व्यक्ति के घर से लाखों रुपए कीमत के जेवरात और अन्य कीमती सामान चोरी करने वाले एक शख्स को आज पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पकड़ा गया बदमाश नशे का आदी है।

एडीसीपी सेन्ट्रल नोएडा शैव्या गोयल ने बताया कि थाना सेक्टर-63 क्षेत्र में रहने वाला एक शख्स अपने घर का दरवाजा बंद करके बाजार में खरीदारी करने चले गए थे। जब वह वापस आए तो उसने देखा कि अज्ञात बदमाशों ने उसके घर से लाखों रुपए कीमत के जेव. रात, नकदी और अन्य कीमती सामान चोरी कर लिया है।

उन्होंने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर घटना की रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच कर रही पुलिस ने आज एक सूचना के आधार पर घरों में चोरी करने वाला एक शातिर चोर दीपक गंगवार पुत्र संतोष गंगवार को एफएनजी सर्विस रोड़ ग्रीन बेल्ट गेट के पास से गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि अभियुक्त के कब्जे से एक अवैध चाकू तथा चोरी की हुई एक चौन सोने की, एक मंगलसूत्र सोने का, एक लोकेट सोने का माला सहित, 2 जोडी कान की झुमकी आर्टीफिशियल, 4 कंगन आर्टीफिशियल, तीन जोडी बिछुवां चाँदी के, दो कलाई घड़ी बरामद किया गया है। उन्होने बताया कि अभियुक्त नशे का आदी है। जो नशे के हालत में खाली मकान व फ्लैट आदि में चुपके से घुसकर चोरी करके फरार हो जाता है।

## नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी को जमानत

**नोएडा।** विशेष न्यायाधीश पॉक्सो अदालत ने दुष्कर्म के एक मामले में आरोपी अमरजीत उर्फ सुरजीत को जमानत दी है। अदालत ने गौर किया कि पीड़िता ने अपने किसी भी बयान में यह नहीं कहा कि आरोपी ने उसके साथ जबरदस्ती या जबरन यौन उत्पीड़न किया। मामला 17 सितंबर 2025 का है। जब शिकायतकर्ता की 16 वर्षीय पुत्री कुछ काम से घर से बाहर गई और वापस नहीं लौटी। परिवार द्वारा खोजबीन के बाद भी जब लड़की नहीं मिली तो 20 सितंबर को देर रात अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई। अदालत ने मामले की डायरी और पीड़िता के बयानों का अवलोकन किया। पीड़िता की जन्मतिथि 23 सितंबर 2009 पाई गई, जो घटना के दिन उसकी उम्र 16 वर्ष की है। अदालत ने पीड़िता के बयान को देखने के बाद कहा कि वह आरोपी के साथ रिश्ते में थी और उसके साथ स्वेच्छा से गुरुग्राम गई थी।

# ग्रेनो में अतिक्रमण रोकने व भूमि प्रबंधन के लिए प्राधिकरण की खास पहल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण ने भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन के नेशनल रिमोट सेंसिंग सेंटर के साथ मिलकर एआई आधारित अतिक्रमण मॉनिटरिंग सिस्टम विकसित करने की पहल की है। प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी एनजी रवि कुमार के निर्देश पर एमओयू शीघ्र साइन करने की तैयारी चल रही है। इस पर कार्य भी जल्द शुरू हो जाएगा। ट्रायल के तौर पर पहला फेज का डाटा दिसंबर तक तैयार हो जाएगा और मार्च 2026 तक पूरा सिस्टम विकसित करने का लक्ष्य है। इसका उद्देश्य भूमि प्रबंधन में पारदर्शिता, वैज्ञानिकता और अतिक्मण को रोकने के लिए प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करना है। यह पहल देश में किसी भी विकास प्राधिकरण की तरफ से पहली बार की जा रही है। इसके अंतर्गत आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (कृत्रिम बुद्धिमत्ता) को हाई-रिजोल्यूशन उपग्रह चित्रों के साथ एकीकृत कर अतिक्रमण की पहचान करने में मदद मिलेगी। लैंड की उपलब्धता की सटीक जानकारी भी मिल सकेगी। इसके जरिए ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण को लैंड के बारे में समयबद्ध जानकारी मिल सकेगी।

जीआईएस आधारित इमेज प्राप्त होने से निर्णय लेने में आसानी होगी। एमओयू के तहत एनआरएससी एआई आधारित मॉडल, मॉनिटरिंग डैशबोर्ड और अलर्ट सिस्टम विकसित करेगा। साथ ही ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के स्टाफ को प्रशिक्षित करेगा, ताकि भविष्य में यह सिस्टम प्राधिकरण को हैंडओवर होने के बाद किसी प्रकार की दिक्कत न हो। इस बारे में मुख्य कार्यपालक अधिकारी एनजी रवि कुमार ने कहा है कि यह पहल तकनीक आधारित गवर्नेंस की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इसरो के सहयोग से भूमि संरक्षित करने, सार्वजनिक परिसंपत्तियों के प्रबंधन में अधिक पारदर्शिता, सटीकता और जवाबदेही आएगी। इस परियोजना का नेतृत्व कर रहे प्राधिकरण के एसीईओ सुमित यादव ने कहा कि एआई और उपग्रह आधारित मॉनिटरिंग से अतिक्रमण रोकथाम और कार्रवाई की क्षमता कई गुना बढ़ेगी। यह परियोजना स्मार्ट, डेटा-ड्रिवन और प्रो-ऐक्टिव प्रवर्तन व्यवस्था स्थापित करने की दिशा में अहम कदम है। प्राधिकरण की तरफ से तकनीक आधारित शहरी प्रबंधन की दिशा में उठाया गया दूरदर्शी, नवोन्मेषी और परिवर्तनकारी कदम है। इसरो के सहयोग से विकसित यह मॉडल न केवल ग्रेटर नोएडा में भूमि संरक्षण को नई दिशा देगा, बल्कि अन्य विकास प्राधिकरणों और शहरी निकायों के लिए भी एक उत्कृष्ट उदाहरण और भविष्य की रूपरेखा प्रस्तुत करेगा।

# धान की तुलाई नहीं होने के विरोध में मंडी इंस्पेक्टर को बनाया बंधक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** किसान एकता संघ के कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को रीलखा रोड स्थित राजकीय धान क्रय केंद्र मंडी पर किसानों के धान की तुलाई न होने के विरोध में दूसरे दिन भी धरना जारी रखा। धरने का नेतृत्व जोरा भाटी ने किया और संच. ालन पप्पे नागर ने किया। इस दौरान नाराज किसानों ने मंडी इंस्पेक्टर को काफी देर तक बंधक बनाकर रखा। बाद में मौके पर पहुंचे डिप्टी आरएमओ और मंडी सचिव ने किसानों से वार्ता की। इसके बाद ही गुस्साए किसानों ने धरना स्थगित किया।

संगठन के प्रदेश अध्यक्ष प्रमोद शर्मा ने बताया कि सरकारी धान क्रय केंद्र पर किसानों का धान पिछले पंद्रह दिनों से पड़ा हुआ है, लेकिन अभी तक उसकी तुलाई नहीं की गई है। इस लापरवाही से नाराज किसानों ने मंडी के इंस्पेक्टर चंद्रभान शर्मा को पंचायत में बंधक बनाकर बैठा लिया। इससे पुलिस और प्रशासन के हाथ-पांव फूल गए। लंबी बातचीत के बाद किसानों और अधिकारियों के बीच शाम को आपसी सहमति बनी। निर्णय लिया गया कि धान के सैंपल को दोबारा लैब में जांच के लिए भेजा जाएगा। इस दौरान अधिकारियों ने सभी को भरोसा दिलाया कि जल्द ही तुलाई शुरू कर दी जाएगी।

किसानों ने घोषणा की कि जब तक जांच रिपोर्ट नहीं आ जाती। तब तक किसानों का धरना स्थगित रहेगा। इस मौके पर देशराज नागर, मोहनपाल नागर, कृष्ण बैसला, भूपेंद्र नागर, राजसिंह ठेकेदार, वनीस प्रधान, विक्रम नागर, उम्मेद एडवोकेट, अखिलेश प्रधान, वाहिद भाटी, महेश, सतवीर भाटी, हेमराज बीडीसी, परवेज खान, सल्लन पहलवान, हिमाचल कसाना, प्रवीण कुमार, दुर्गेश शर्मा, रोहित गौतम, सुमित भाटी और आतिफ समेत काफी किसान मौजूद रहे।

# पश्चिम बंगाल से गांजा लाकर एनसीआर में खपाने वाले पांच गिरफ्तार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नोएडा।** फेज-2 पुलिस ने पश्चिम बंगाल से गांजा लाकर एनसीआर में तस्करी करने वाले गिरोह का मंगलवार को पर्दाफाश कर पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपियों के पास से 11 किलो गांजा बरामद किया। सेंट्रल नोएडा जोन की एडीसीपी शैव्या गोयल ने बताया कि फेज-2 थाना प्रभारी निरीक्षक विंध्याचल तिवारी की टीम पिछले कुछ दिनों से गांजा तस्करों को पकड़ने में जुटी थी। टीम ने सेक्टर-81 स्थित भूडा तिराहा के पास चेकिंग के दौरान पांच संदिग्धों को हिरासत में ले लिया। उनकी निशानदेही पर 11 किलो गांजा और उसकी बिक्री से मिले 38 हजार रुपये बरामद किए।



बरामद गांजे की कीमत बाजार में करीब एक लाख रुपये है। आरोपियों की पहचान जिला मैनपुरी के कुमरपुर गांव निवासी संतोष गुप्ता, जिला बुलंदशहर के जाहिदपुर कला गांव निवासी शौकीन, जिला बुलंदशहर के हरतौली गांव निवासी अफसर, दिल्ली के ताजपुर गांव निवासी सोनू और जिला बदायूं के सैफुल्लागंज निवासी मो. इरफान के रूप में हुई। आरोपियों ने पूछताछ में बताया कि उन्होंने गिरोह बना रखा है। वह पश्चिम बंगाल से सस्ते दामों पर गांजा खरीदकर लाते हैं। गांजा लाते समय किसी को उन पर संदेह न हो, इसलिए पीठ पर बैग में लादकर तस्करी करते हैं। इसके बाद एनसीआर में घूमकर लोगों को महंगे दाम पर गांजा बेचकर लाभ कमाते हैं।

**दिन में ऑटो चलाते, रात में तस्करी करते:** पूछताछ में आरोपियों से पता चला कि वे पेशे से ऑटो चालक हैं। वे घूम घूमकर गांजे की तस्करी करते हैं। इसके अलावा पकड़े जाने के डर से आपस में व्हाट्सऐप कॉल पर बातचीत करते हैं, ताकि पुलिस इन्हें सर्विलांस की मदद से पकड़ न सके।

**अधिक पढ़े-लिखे नहीं हैं आरोपी:** जांच में पुलिस को पता चला कि 54 वर्षीय संतोष गुप्ता अशिक्षित है। वह वर्तमान में सेक्टर-4 स्थित एक कंपनी के सामने फुटपाथ पर रहता है। 34 वर्षीय शौकीन कक्षा पांच तक पढ़ा है और वर्तमान में दिल्ली के जैतपुर में रहता है। 30 वर्षीय सोनू अशिक्षित है और सेक्टर-142 क्षेत्र स्थित कच्ची कॉलोनी में रहता है। 33 वर्षीय अफसर कक्षा तीन तक पढ़ा है और वर्तमान में दिल्ली के कालिंदी कुंज में रहता है। वहीं, 36 वर्षीय मो. इरफान अशिक्षित है और वर्तमान में फेज-दो थाना क्षेत्र स्थित शिव शक्ति एन्क्लेव में रहता है।

## एक नजर

### गिरफ्तारी वारंट का अनुपालन नहीं करने पर सेक्टर-63 थानाध्यक्ष का वेतन रोका

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** जिला परिवार न्यायालय ने न्यायिक आदेशों की अवहेलना पर सख्त रुख अपनाते हुए सेक्टर-63 नोएडा थानाध्यक्ष का वेतन रोकने के निर्देश दिए हैं। परिवार न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश बुद्धि सागर मिश्र ने पुलिस आयुक्त गौतमबुद्धनगर को पत्र भेजकर कहा है कि न्यायालय द्वारा जारी किए गए गिरफ्तारी वारंट का लगातार अनुपालन नहीं किया जा रहा है। मामला फौजदारी प्रकीर्ण पूजा देवी आदि बनाम रोहित से जुड़ा है। यह दंड प्रक्रिया संहिता की धारा-125 के अंतर्गत भरण-पोषण संबंधी वाद है। विपक्षी प्रमोद यादव निवासी गांव हजरतपुर वाजिदपुर सेक्टर-63 नोएडा भरण-पोषण संबंधी आदेश का पालन नहीं कर रहा है। बार-बार आदेश के बावजूद भरण-पोषण की धनराशि जमा नहीं की गई। इस स्थिति में न्यायालय ने उसके विरुद्ध गिरफ्तारी अधिपत्र जारी किए थे। लेकिन पत्र के अनुसार सेक्टर-63 थानाध्यक्ष की ओर से इन आदेशों का अनुपालन नहीं किया गया। न्यायालय ने इसे न्यायिक आदेशों की स्पष्ट अवहेलना मानते हुए थानाध्यक्ष का वेतन अगले आदेश तक रोकने का आदेश पारित किया। प्रधान न्यायाधीश ने पुलिस आयुक्त से कहा है कि न्यायालय के आदेश के अनुसार थानाध्यक्ष सेक्टर-63 का वेतन रोका जाए और की गई कार्यवाही से 28 नवंबर 2025 के पूर्व न्यायालय को अवगत कराया जाए।

### नाबालिग के अपहरण और दुष्कर्म के मामले में आरोपी को नहीं मिली राहत

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** अपर सत्र न्यायालय ने एक नाबालिग के अपहरण और दुष्कर्म के मामले में आरोपी मुकेश कुमार यादव की तीसरी जमानत याचिका खारिज कर दी। न्यायाधीश ने आरोपों की गंभीरता और अभियोजन पक्ष के पास मौजूद सबूतों को देखते हुए यह फैसला सुनाया। मामला थाना जेवर क्षेत्र का है। जहां वादी ने 17 अगस्त 2024 को एफआईआर दर्ज कराई थी। उसने आरोप लगाया था कि 16 अगस्त को उसकी 16 वर्षीय नाबालिग घर से लापता हो गई थी। विवेचना के दौरान पता चला कि आरोपी मुकेश कुमार यादव ने लड़की का अपहरण किया और उससे जबरन शादी की। चिकित्सीय परीक्षण में पीड़िता की उम्र 17 वर्ष आंकी गई, जो घटना के समय नाबालिग थी। अभियोजन पक्ष के मुताबिक पीड़िता ने धारा-164 सीआरपीसी के तहत दिए बयान में आरोपी के साथ जबरन शादी और दुर्व्यवहार के आरोपों की पुष्टि की थी। न्यायालय ने कहा कि जमानत की सुनवाई के दौरान साक्ष्य का मूल्यांकन करना उचित नहीं है। पीड़िता की उम्र, विवेचना में एकत्र सबूत और मामले की गंभीरता को देखते हुए आरोपी को जमानत देने का कोई आधार नहीं है।

### कार से टक्कर मारने का विरोध करने पर दो भाइयों को पीटा

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** फेज-2 क्षेत्र स्थित ककराला गांव निवासी व्यक्ति ने गांव के कुछ लोगों पर सेक्टर-80 में थार से उनके दो भाइयों को टक्कर मारने और विरोध करने पर पीटने का आरोप लगाया है। पीड़ित पक्ष ने तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। इमरान ने पुलिस को बताया कि वह परिवार संग ककराला गांव में रहते हैं। वह अपने भाई खान मोहम्मद और आदिल के साथ कबाड़ का काम करते हैं। उनका गांव के कुछ लोगों से आपसी विवाद चल रहा है। आरोप है कि रविवार रात खान मोहम्मद और आदिल बाइक से गोदाम पर जा रहे थे। सेक्टर-80 में थार कार सवार सलमान ने पहले उनके भाइयों की बाइक में टक्कर मारी। इसका विरोध करने पर सलमान ने अपने भाई समशेर और अन्य को बुलाया। आरोपियों ने दोनों भाइयों को लाठी-डंडों से पीटा। हमले में खान मोहम्मद गंभीर रूप से घायल हो गया। आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। जानकारी होने पर इमरान मौके पर पहुंचे। अपने दोनों भाइयों का उपचार कराया। पुलिस का कहना है कि शिकायत के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। जांच कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### नोएडा एयरपोर्ट से 15 दिसंबर से उड़ेंगी कमर्शियल उड़ान, सीएम ने दिए निर्देश

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट से जल्द ही व्यावसायिक उड़ानों की शुरुआत होने जा रही है। अधिकारियों का दावा है कि 15 दिसंबर से एयरपोर्ट से उड़ान सेवाएं शुरू हो सकती हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर एयरपोर्ट संचालन को लेकर तैयारियां जोरों पर हैं। मुख्यमंत्री ने अपने हालिया दौरे में साफ निर्देश दिए थे कि 15 दिसंबर तक हर हाल में व्यावसायिक उड़ान सेवा शुरू कर दी जाए। इसी के तहत एयरपोर्ट पर लगातार ट्रायल ऑपरेशन और सुरक्षा संबंधी परीक्षण किए जा रहे हैं।

**कल जरूरी बैठक:** बुधवार को नागर विमानन मंत्रालय के अधिकारी, नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (एनआईएएल) और यमुना इंटरनेशनल एयरपोर्ट प्राइवेट लिमिटेड (यापल) के अधिकारियों के साथ बैठक करेंगे।

## सेक्टर अल्फा टू से 30 अवैध खोखे जब्त

**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के अर्बन सर्विसेज विभाग की तरफ से सेक्टर अल्फा -टू में अवैध रूप से लग रहे अतिक्रमण पर मंगलवार को स्थानीय पुलिस की मदद से कार्रवाई की गई, जिसमें लगभग 30 काउंटर जब्त कर लिए गए। सड़क किनारे एवं दुकानों के सामने बने इन अवैध काउंटर से लोगों को आवाजाही में दिक्कत हो रही थी। सेक्टर के लोग इन्हें हटाने की मांग कर रहे थे। प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार और एसीईओ प्रेरणा सिंह के निर्देश पर ओएसडी मुकेश कुमार सिंह के नेतृत्व में अर्बन सर्विस विभाग के टीम ने यह कार्रवाई की है।

# यूपी रेरा ने छह परियोजनाओं को मंजूरी दी

**नोएडा।** उत्तर प्रदेश भू-संपदा विनियामक प्राधिकरण (यूपी रेरा) ने मंगलवार को गौतमबुद्ध नगर और वाराणसी समेत पांच जिलों में छह रियल एस्टेट परियोजनाओं को मंजूरी दी। इन परियोजनाओं में फ्लैट और दुकान मिलाकर कुल 1,470 इकाइयों का निर्माण हो सकेगा। इससे लगभग 864 करोड़ रुपये का निवेश आने का अनुमान है। लखनऊ में हुई बैठक के बाद यूपी रेरा के अध्यक्ष संजय भूसरेड्डी ने बताया कि बरेली में दो, गौतमबुद्ध नगर, लखनऊ और वाराणी में 1-1 परियोजना को स्वीकृति प्रदान की गई है। इससे लखनऊ में 136.94 करोड़, वाराणसी में 48.94 करोड़, कानपुर नगर में 173.64 करोड़, बरेली की दो परियोजनाओं में 60.42 करोड़ और गौतमबुद्ध नगर में सबसे अधिक 444 करोड़ रुपये के निवेश आने की संभावना है। बता दें कि गत माह भी 10 से अधिक परियोजनाओं को मंजूरी प्रदान की गई थी। रेरा के अधिकारी के मुताबिक पिछले कुछ वर्षों के दौरान छोटे और मध्यम शहरों में भी रियल एस्टेट परियोजनाओं का विस्तार हुआ है। फ्लैट का प्रचलन बढ़ा है।

# नोएडा में निर्माण और औद्योगिक गतिविधियों पर लगी रोक, वायु प्रदूषण पर नकेल कसने की तैयारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** दिल्ली-एनसीआर में बढ़ते वायु प्रदूषण और गिरते वायु गुणवत्ता सूचकांक (AQI) के मद्देनजर Commission for Air Quality Management (CAQM) ने Graded Response Action Plan (GRAP) का स्टेज-3 लागू कर दिया है। इसके तहत नोएडा क्षेत्र में कई गतिविधियों पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी गई है।

नोएडा प्राधिकरण (नोएडा अथॉरिटी) ने बताया कि मेट्रो रेल, अस्पताल और फ्लाईओवर से संबंधित कार्यों को छोड़कर अन्य सभी निर्माण गतिविधियाँ बंद रहेंगी। BS-III पेट्रोल और BS-IV डीजल वाले चारपहिया वाहन सड़कों पर नहीं चल सकेंगे। नोएडा क्षेत्र में संचालित सभी RMC प्लांट और स्टोन क्रशर बंद रहेंगे।

भवनों के ध्वस्तीकरण (Demolition) पर भी रोक रहेगी।

प्राधिकरण ने सभी निवासियों, संस्थानों और एजेंसियों से GRAP-3 के दिशा-निर्देशों का सख्ती से पालन करने की अपील की है। साथ ही चेतावनी दी है कि नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

प्राधिकरण ने स्पष्ट किया है कि सीएक्यूएम (CAQM) द्वारा जारी गाइडलाइनों का पालन सुनिश्चित करना सभी के लिए अनिवार्य है, ताकि वायु प्रदूषण की स्थिति को नियंत्रित किया जा सके और जन स्वास्थ्य की रक्षा हो सके।

# नोएडा व ग्रेटर नोएडा में सड़क हादसे में छात्रा और बाइक सवार की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नोएडा और ग्रेटर नोएडा क्षेत्र में हुए सड़क हादसों में एक छात्रा व बाइक राइडर की मौत हो गई। वहीं एक युवती गंभीर रूप से घायल हो गई है। पीड़ित परिजनों की शिकायत के आधार पर घटना की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस तेज रफ्तार आरोपी वाहन चाल. कों की तलाश कर रही है।




ग्रेटर नोएडा क्षेत्र के थाना दनकौर के प्रभारी मुनेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि मनोज कुमार ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वह अपनी बेटी अलका नागर को अपनी स्कूटी पर बैठाकर गौतमबुद्ध विश्वविद्यालय से अपने घर जा रहे थे। पीड़ित के अनुसार एसडीएस सोसायटी के पास वह अपनी स्कूटी खड़ा करके किसी से बात करने लगे। बेटी अलका स्कूटी के पास खड़ी थी, तभी एक अज्ञात वाहन चालक ने तेजी और लापरवाही से वाहन चलाते हुए उनकी स्कूटी और बेटी को टक्कर मार दिया। इस घटना में बेटी गंभीर रूप से घायल हो गई। उसे उपचार के लिए एक अस्पताल में भर्ती करवाया गया। जहां पर उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

इसके अलावा थाना फेस-3 क्षेत्र के एसआरएस हॉस्पिटल सेक्टर-70 के पास हुए एक सड़क हादसे में एक बाइक राइडर की मौत हो गई, जबकि बाइक के पीछे सवारयुवती गंभीर रूप से घायल हो गई है। थाना फेस-तीन के प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि उस्मान खान नामक शख्स ओला बाइक चलाता था। वह ग्रेटर नोएडा वेस्ट से निहारिका श्रीवास्तव नामक युवती को बाइक पर बैठाकर उनके गंतव्य तक छोड़ने जा रहा था। तभी सेक्टर-70 के एसआरएस अस्पताल के पास एक अज्ञात वाहन चालक ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी।

उन्होंने बताया कि इस घटना में उस्मान खान और बाइक पर बैठी निहा. रिका श्रीवास्तव पुत्री विपिन कुमार गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया, जहां पर उस्मान खान को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। उन्होंने बताया कि निहारिका का उपचार चल रहा है। थाना प्रभारी ने बताया कि इस मामले में मृतक के बेटे शान मोहम्मद ने बुधवार सुबह को थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि एक्सीडेंट करने वाले वाहन की पुलिस तलाश कर रही है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## 13 सेक्टरों में बढ़ेगी रौनक, प्राधिकरण ने 37 कमर्शियल भूखंडों की नई योजना शुरू की

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने शहर में व्यावसायिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए नई योजना शुरू की है। प्राधिकरण ने 13 सेक्टरों में कुल 37 व्यावसायिक भूखंडों की योजना लॉन्च की है। इन भूखंडों का आकार 1500 वर्गमीटर से लेकर 23,023 वर्गमीटर तक होगा।

इस योजना के लिए पंजीकरण प्रक्रिया 13 नवंबर से शुरू होकर 5 दिसंबर तक चलेगी। इच्छुक निवेशक ऑनलाइन माध्यम से आवेदन कर सकेंगे। वहीं, प्रोसेसिंग फीस और जरूरी दस्तावेज जमा करने की अंतिम तिथि 9 दिसंबर निर्धारित की गई है। आवंटन की पूरी प्रक्रिया ई-नीलामी के जरिए पारदर्शी तरीके से ऑनलाइन पूरी की जाएगी। यह योजना उन सेक्टरों में लागू की जा रही है जहां व्यावसायिक सुविधाओं की कमी महसूस की जा रही थी। इन भूखंडों पर बहुमंजिला इमारतें बनने से सेक्टरवासियों को रोजमर्रा की जरूरतों की खरीदारी के लिए बाहर नहीं जाना पड़ेगा। एसीईओ प्रेरणा सिंह ने कहा कि यह योजना निवेशकों की मांग और सेक्टरों में रहने वाले लोगों की जरूरतों को ध्यान में रखकर तैयार की गई है। व्यावसायिक गतिविधियों के लिए आरक्षित जमीनों को योजनाओं में शामिल किया जा रहा है ताकि ग्रेटर नोएडा में आर्थिक हलचल और रोजगार के अवसर बढ़ें।

**एक महीने के अंदर मिलेगा कब्जा:** आवंटन प्रक्रिया पूरी होने के एक माह के भीतर भूखंडों का कब्जा दे दिया जाएगा। इससे आने वाले महीनों में शहर में बड़ा निवेश और निर्माण कार्य देखने को मिल सकता है। योजना में शामिल भूखंड ईटा-1, गामा-2, नॉलेज पार्क-5, बीटा-2, सेक्टर-36, सेक्टर-37, जीटा-1, सेक्टर-3, 10, 12, इकोटेक-1 एक्सटेंशन, इकोटेक-12 और डेल्टा-2 में स्थित हैं।

# टायर चोरी करने वाले बदमाशों के खिलाफ गैंगस्टर की कार्रवाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** सूरजपुर कोतवाली पुलिस ने लग्जरी गाड़ियों के टायर चोरी करने वाले सक्रिय गैंग के लीडर अंकित समेत छह सदस्यों के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत मुक. दमा दर्ज किया है। गिरोह में फिरोजाबाद के अंकित के अलावा राहुल, मनोज, मनीष कुमार, हर्ष उपाध्याय और जाकिर शामिल हैं। पुलिस के अनुसार आरोपियों को 28 अगस्त 2025 को हुई मुठभेड़ के दौरान चोरी किए गए 20 टायर रिम सहित, 10 अलॉय व्हील, तीन तमंचे, छह जिंदा कारतूस और दो खोखे कारतूस सहित गिरफ्तार किया गया था। इसके अलावा 30 जुलाई 2025 को भी इन्हें चार टायर रिम सहित और चोरी का सामान बेचकर प्राप्त 4 हजार रुपये के साथ पकड़ा गया था। पुलिस के मुताबिक गैंग के सदस्य लंबे समय से जनपद में सक्रिय थे और कई मुकदमों में वांछित भी थे। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार गैंग लीडर अंकित और उसके साथी राहुल, मनोज, मनीष, हर्ष और जाकिर के खिलाफ बीटा-2 थाना क्षेत्र में कई मुकदमे दर्ज हैं। वहीं कोतवाली प्रभारी विनोद कुमार ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

# ग्रेटर नोएडा बनेगा देश का पहला 'स्मार्ट लैंड मैनेजमेंट मॉडल' शहर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने इसरो के राष्ट्रीय सुदूर संवेदन केंद्र (एनआरएससी) के सहयोग से एक एआई आधारित अतिक्रमण निगरानी प्रणाली विकसित करने की योजना तैयार की है। यह देश के किसी भी विकास प्राधिकरण द्वारा की जा रही पहली तकनीकी पहल होगी। प्राधिकरण और एनआरएससी के बीच समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर की तैयारी चल रही है।

सीईओ एनजी रवि कुमार के निर्देशन में इस परियोजना पर काम जल्द शुरू होगा। पहले चरण का परीक्षण डेटा दिसंबर तक तैयार करने और मार्च 2026 तक पूरी प्रणाली विकसित करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इस प्रणाली का उद्देश्य भूमि प्रबंधन में वैज्ञानिक, पारदर्शी और जवाबदेह व्यवस्था स्थापित करना है, जिससे अतिक्रमण रोकने और समय पर कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।

**एआई से मिलेगी सटीक जानकारी:** इस प्रणाली में उच्च-रिजॉल्यूशन सैटेलाइट तस्वीरों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) तकनीक से जोड़ा जाएगा। इससे भूमि पर हो रहे अतिक्रमणों की पहचान संभव होगी और भूमि की वास्तविक स्थिति के बारे में सटीक व त्वरित जानकारी भी प्राप्त होगी।

**डैशबोर्ड, अलर्ट सिस्टम और प्रशिक्षण भी शामिल:** एमओयू के तहत एनआरएससी एक एआई मॉडल, निगरानी डैशबोर्ड और अलर्ट सिस्टम विकसित करेगा। इसके साथ ही प्राधिकरण के कर्मचारियों को भी प्रशिक्षित किया जाएगा ताकि भविष्य में प्रणाली के संचालन में किसी प्रकार की समस्या न आए।

# यूट्यूबर अनुनय सूद का नोएडा में अंतिम संस्कार

## अमेरिका के होटल में मिली थी लाश, इंस्टाग्राम पर 14 लाख से अधिक फॉलोअर्स

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नोएडा के सेक्टर-12 में रहने वाले यूट्यूबर अनुनय सूद का मंगलवार को अंतिम संस्कार कर दिया गया। मंगलवार सुबह ही उनका शव नोएडा पहुंचा था।छह दिन पहले उनकी अमेरिका के लास वेगास स्थित एक होटल में संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी।

परिवार के लोगों ने बीते गुरुवार को इंस्टाग्राम पर पोस्ट जारी कर उनके निधन की पुष्टि की थी, लेकिन मौत का कारण स्पष्ट नहीं किया था। स्थानीय लोगों के मुताबिक अनुनय वीडियो शूट कर लास वेगास स्थित होटल के कमरे पर पहुंचे थे, लेकिन सुबह नहीं उठे। अस्पताल ले जाने पर डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। अनुनय सूद के पिता राहुल सूद भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (भेल) से सेवानिवृत्त इंजीनियर हैं। अनुनय सूद का जन्म छह फरवरी 1993 को उत्तराखंड में हुआ था। पिता राहुल सूद पिछले कई वर्षों से परिवार के साथ नोएडा के सेक्टर-12 में रहते हैं।



**इंस्टाग्राम पर 14 लाख से अधिक फॉलोअर्स:** अनुनय एक प्रोफेशनल फोटोग्राफर और ट्रैवल कंटेंट क्रिएटर थे। उनके इंस्टाग्राम पर 14 लाख से ज्यादा फॉलोअर्स और यूट्यूब पर 3.8 लाख से अधिक सब्सक्राइबर्स थे। साल 2022, 2023 और 2024 में फोर्ब्स इंडिया की टॉप 100 डिजिटल स्टार्स लिस्ट में उनका नाम शामिल रहा। फोर्ब्स ने उन्हें "दुबई बेस्ड फोटोग्राफर, जो दुनिया को अपने कैमरे से देखना पसंद करता है" कहकर सम्मानित किया था। अनुनय अब तक 30 देशों की यात्रा कर चुके थे।

**नौकरी छोड़कर ट्रैवल ब्लॉगर बने:** 6 फरवरी 1993 को उत्तराखंड में जन्मे अनुनय सूद का पालन-पोषण दिल्ली में हुआ। वह तीन भाई-बहनों में सबसे छोटे थे। उनकी दोनों बड़ी बहनों की शादी हो चुकी है। अनुनय ने इंजी. नियरिंग की पढ़ाई की, फिर अपने कॉर्पोरेट करियर की शुरुआत की। बाद में उन्होंने नौकरी छोड़ दी और ट्रैवल ब्लॉगर बन गए।

**शाह टाइम्स**

आपके लोकप्रिय अखबार दैनिक शाह टाइम्स में विज्ञापन एवं समाचारों के लिए संपर्क करें।

**प्रवेश सिंह दतानियां**

**जिला प्रभारी गौतमबुध नगर/खोड़ा**

ए-37, सेक्टर-10, नोएडा, जनपद गौतमबुध नगर

9810967541, 8920145356

Email: parveshnoida@gmail.com

**खबरें छुपाता नहीं, छापता है**

# बरेली में ऑपरेशन शोर कंट्रोल जारी

- तीन दिन में उतारे 400 से ज्यादा अवैध लाउडस्पीकर
- नियमों के उल्लंघन पर 24 पर हुई एफआईआर




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरेली।** जिले में ध्वनि प्रदूषण रोकने के लिए पुलिस ने तीन दिन तक सख्त अभियान चलाया। धार्मिक और सार्वजनिक स्थानों पर लगे 400 से ज्यादा अवैध लाउडस्पीकर उतरवाए गए, जबकि कई जगहों की आवाज मानक के अनुरूप कराई गई। इस अभियान के दौरान नियम तोड़ने के मामले में कुल अलग-अलग 24 मुकदमे दर्ज किए गए।

एसएसपी अनुराग आर्य ने बताया कि अभियान 8 से 10 नवंबर तक पूरी सख्ती के साथ चलाया गया। पुलिस टीमों ने शहर से लेकर ग्रामीण इलाकों तक धार्मिक स्थलों और बाजारों में लगे ध्वनि विस्तारक यंत्रों की जांच की। आंकड़ों के मुताबिक तीन दिन में 2114 स्थानों की चेकिंग हुई। इनमें 1306 जगह लाउडस्पीकर मानकों के विपरीत पाए गए। इनमें से 893 की आवाज कम कराई गई, जबकि 413 लाउडस्पीकर मौके से हटाए गए। एसएसपी ने बताया कि हर जगह धार्मिक आजादी का सम्मान है, लेकिन शोर-शराबे की आड़ में किसी की शांति भंग नहीं होने दी जाएगी।

रात 10 बजे के बाद लाउडस्पीकर बजाने पर सख्त रोक है और आगे भी इस पर कड़ी नजर रखी जाएगी। अभियान के दौरान कई जगह पुलिस ने लोगों को समझाया कि तेज आवाज से न सिर्फ बुजुर्ग और बच्चे प्रभावित होते हैं, बल्कि पढ़ाई-लिखाई और बीमारी से जूझ रहे लोगों को भी दिक्कत होती है। पुलिस ने अपील की है कि धार्मिक आयोजन और सार्वजनिक कार्यक्रम तय नियमों के तहत ही करें, ताकि माहौल शांत और सौहार्दपूर्ण बना रहे।

# रामपुर कैंप हमले का दोषी मोहम्मद शरीफ रिहा

- जुर्माना भरने के बाद बरेली सेंट्रल जेल से हुई रिहाई

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**बरेली।** रामपुर सीआरपीएफ कैंप हमले के दोषी मोहम्मद शरीफ को बरेली सेंट्रल जेल से रिहा कर दिया गया है। उसे सात साल कैद की सजा हुई थी, जो वह पूरी कर चुका था। जुर्माना राशि जमा न होने के कारण उसकी रिहाई रुकी हुई थी।

मंगलवार शाम करीब सात बजे शरीफ को जेल से छोड़ा गया। उसके परिवार ने वकील और जेल प्रशासन की सहायता से 20 हजार रुपये का जुर्माना जमा कराया, जिसके बाद उसकी रिहाई संभव हो सकी। इस मामले में मोहम्मद शरीफ के साथ एक अन्य आरोपी जंग बहादुर खान भी बरेली सेंट्रल जेल में बंद था। जंग बहादुर को सोमवार शाम को ही रिहा कर दिया गया था। मोहम्मद शरीफ दो अलग-अलग मुकदमों में निरुद्ध था। विस्फोटक अधिनियम के एक मामले में उसे सात साल की कैद और 20 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई गई थी। सोमवार को जुर्माने की राशि जमा न होने के कारण शरीफ की रिहाई अटक गई थी। मंगलवार को उसके परिजनों ने वकील के माध्यम से 20 हजार रुपये जेल प्रशासन को सौंपे। खाते में जमा होने और कोर्ट की अनुमति मिलने के बाद रिहाई परवाना जारी किया गया। जेल प्रशासन के अनुसार, मोहम्मद शरीफ उर्फ सुहैल उर्फ साजिद उर्फ अनवर उर्फ अली मूल रूप से रामपुर जिले के खजुरिया थाने के बदनपुरी गांव का निवासी है। जेलर नीरज कुमार ने बताया कि सेंट्रल जेल में शरीफ का आचरण संतोषजनक रहा।

## एक नजर

# 13 नवम्बर को निकलेगी विशाल पदयात्रा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** लौह पुरुष सरदार बल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती पर विधानसभा में 13 नवम्बर को एक विशाल पदयात्रा निकाली जाएगी।

विधायक डॉक्टर एमपी आर्य के नेतृत्व में विधानसभा क्षेत्र के गांव वीजामऊ से सुबह 11 बजे पदयात्रा का शुभारंभ होगा, जो कई ग्रामों से होते हुए शाम को कस्बे के पटेल चौक पर आकर इसका समापन होगा। पदयात्रा को सफल बनाने के लिए समूची भाजपा टीम जी जान से जुटी हुई है। ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि डॉक्टर आशुतोष गंगवार, नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि नीरेंद्र सिंह राठौर, भाजपा महिला मोर्चा की जिला महासचिव डॉक्टर मीनाक्षी गंगवार, पूर्व जिला पंचायत सदस्य लेखराज गंगवार ने भाजपा के सभी कार्यकर्ताओं से इस पदयात्रा में शामिल होने की अपील की है।

# स्टाम्प विक्रेता की तहसील से बाइक चोरी, एक सप्ताह बाद हुई रिपोर्ट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** तहसील में स्टाम्प विक्रेता का कार्य करने वाले एक ग्रामीण की बाइक तहसील परिसर से चोरी हो गई। एक सप्ताह बाद इस मामले में रिपोर्ट दर्ज की गई है।

तहसील क्षेत्र के गांव समुहा के रहने वाले लालता प्रसाद पुत्र देवी दास तहसील में स्टाम्प विक्रेता का कार्य करते हैं। गुजरी 3 नवम्बर को वह अपने गांव से बाइक से आए थे, और उन्होंने अपनी बाइक तहसील परिसर में खड़ी कर दी, और स्टाम्प बेचने का कार्य करने लगे। बताया जाता है कि वह दोपहर को करीब एक बजे खतौनी लेने गए तो देखा बाइक नहीं है। उन्होंने इधर उधर काफी तलाश की, लेकिन बाइक नहीं मिल सकी। घटना की एक सप्ताह बाद रिपोर्ट दर्ज की गई है।

# पुलिस ने स्मैक के साथ तस्करों को पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**फतेहगंज पश्चिमी।** पुलिस ने सोमवार को मुखबिर की सूचना पर एनडीपीएस एक्ट के तहत एक बड़ी कार्रवाई की।फतेहगंज पश्चिमी पुलिस टीम ने रबड़ फैक्ट्री को जाने वाले कच्चे रास्ते के पास से एक तस्कर को 11.30 ग्राम अवैध स्मैक के साथ गिरफ्तार किया।

पुलिस टीम ने रात करीब 7:20 बजे मुखबिर से सूचना मिलने के बाद क्षेत्र में घेराबंदी की और उसी दौरान कस्बा के मौहल्ला एक मीनार मस्जिद के पास भोलेनगर निवासी आरिफ को पकड़ लिया। आरिफ के कब्जे से 11.30 ग्राम अवैध स्मैक बरामद हुई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया।

पूछताछ के दौरान आरिफ ने बताया कि उसने यह स्मैक किसी अज्ञात व्यक्ति से खरीदी थी। वह इसे उत्तराखंड ले जाकर छोटी-छोटी पुड़िया बनाकर बेचने की योजना बना रहा था जिससे उसे मुनाफा हो सके। आरोपी ने यह भी स्वीकार किया कि वह पहले भी स्मैक की तस्करी में शामिल रह चुका है। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार आरिफ पहले भी धारा 8/21/27 एनडीपीएस एक्ट में वांछित चल रहा था। नशे के कारोबार में उसकी संलिप्तता पहले से चिन्हित थी और यह गिरफ्तारी पुलिस की नशा-मुक्ति अभियान के तहत बड़ी सफलता मानी जा रही है। पुलिस की इस कार्यवाई से कस्बे में काफी सराहना की जा रही है। थाना प्रभारी निरीक्षक अभिषेक कुमार ने बताया कि आरा. पी को न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया है और नशे के कारोबार से जुड़े सभी तत्वों पर निगरानी बढ़ाई जा रही है और आगे भी ऐसे तस्करों पर सख्त कार्रवाई जारी रहेगी थाना प्रभारी निरीक्षक अभिषेक कुमार, उपनिरीक्षक प्रदीप कुमार, हेड कॉन्स्टेबल नेपाल सिंह और कॉन्स्टेबल चित्रसेन आर्य की टीम में शामिल रहे।

# खबर छपने के बाद हरकत में आई पुलिस

- सभासद के मकान पर लगे लाउडस्पीकर उतारे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** दैनिक शाह टाइम्स में खबर प्रकाशित होने के बाद हरकत में आई पुलिस ने आखिर एक सभासद द्वारा अपने मकान की छत पर लगाए गए लाउडस्पीकरों को उतरवा डाला। लाउडस्पीकर उतरने के बाद शिकायत कर्ता के परिजनों ने राहत की सांस ली है।

कस्बे की गोल्डन सिटी (निकट मिशन पब्लिक स्कूल) के रहने वाले यशपाल ने नगर पालिका परिषद के एक सभासद पर धार्मिक स्थल की आड़ लेकर अपने मकान की छत पर लाउडस्पीकर लगाए जाने के साथ ही हर सुबह तेज आवाज से बजाए जाने का आरोप लगाते हुए संपूर्ण समाधान दिवस के साथ ही थाना समाधान दिवस में शिकायत करते हुए इन्हें हटवाए जाने की मांग की थी। शिकायतकर्ता यशपाल की शिकायत को दैनिक शाह टाइम्स समाचार पत्र ने प्रमुखता से प्रका. शित किया था।

खबर प्रकाशित होने के बाद पुलिस हरकत में आई और सोमवार को पुलिस ने सभासद के घर जाकर लाउडस्पीकर हटाए जाने की चेतावनी दी थी। जिस पर सभासद द्वारा अपने मकान की छत पर लगाए गए लाउडस्पीकरों को उतरवा डाला। लाउडस्पीकर उतारे जाने के बाद शिकायतकर्ता यशपाल ने जहां पुलिस प्रशासन के प्रति आभार जताया है, वहीं उनकी समस्या उठाए जाने के लिए अखबार का भी आभार व्यक्त किया है।

# पुलिस ने मेडिकल कराए जाने के बाद भी नहीं लिखी रिपोर्ट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

एसपी उत्तरी के आदेश पर दर्ज हुई रिपोर्ट

**नवाबगंज।** आपराधिक आंकड़े कम दर्ज करने का पुलिस ने नया फार्मूला निकाला है, कोई भी घायल अगर थाने आए तो उसका मेडिकल परीक्षण करा दो, और उसके बाद उसे टहला दो, अगर ज्यादा पीछे पड़े तो रिपोर्ट दर्ज कर दो। ऐसा ही एक मामला क्षेत्र के गांव गजरौला का सामने आया है।

गांव के ईश्वर चन्द के पुत्र सौरभ के साथ उनके ही पड़ोसी लक्ष्मी नारायन, रामकुमार, मुन्नी देवी ने उस समय बंका और डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया था, जब वह गुजरी 24 अक्टूबर को अपने खेत से वापस आ रहा था। बताया जाता है कि सौरभ ने भाग कर अपनी जान बचाई, जिसकी किसी ने वीडियो भी बना डाली थी। घायल पुत्र सौरभ को लेकर पिता कोतवाली पहुंचे, पुलिस ने घायल का मेडिकल परीक्षण तो करवा दिया, लेकिन रिपोर्ट दर्ज नहीं की। घायल सौरभ की मां संतोष मिश्रा ने बताया कि उसने इससे पहले भी पुलिस को शिकायती पत्र दिया था, लेकिन कोई भी कार्यवाही नहीं की गई। घटना की तहरीर लेकर घायल की मां संतोष मिश्रा एसपी उत्तरी मुकेश चन्द मिश्रा से मिली, और अपनी आप बीती सुनाई। महिला की शिकायत पर एसपी उत्तरी मुकेश चन्द मिश्रा ने कड़ा रुख अपनाते हुए तत्काल ही पुलिस को रिपोर्ट दर्ज करने के आदेश दिए। जिसपर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

# आतंकवाद के खिलाफ अभियान चलाएं धर्मगुरुः शाहबुद्दीन

- मौलाना शहाबुद्दीन ने दिल्ली की घटना को बताया अफसोसनाक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**बरेली।** दिल्ली धमाके में निर्दोष लोगों की मौत पर ऑल इंडिया मुस्लिम जमात ने दुख जताया है। जमात के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना शहाबुद्दीन रजवी बरेलवी ने कहा कि ये बेहद दुखद घटना है। इसकी गहनता के साथ जांच की जानी चाहिए। इस बात का भी पता लगाया जाना चाहिए कि कौन सी ऐसी ताकतें हैं, जो भारत के अंदर या भारत के बाहर से इस तरह की हरकत कर रहे हैं। ऐसे व्यक्तियों या संगठनों तक पहुंचाना बहुत जरूरी है। मौलाना ने धमाके में मारे गए निर्दोष लोगों के परिवारों के प्रति हमदर्दी जताई।

मौलाना शहाबुद्दीन रजवी ने कहा कि सभी धर्म के धर्मगुरुओं को मिलजुलकर आतंकवादी और कट्टरपंथी विचारधारा के खिलाफ देशव्यापी आंदोलन चलाना चाहिए। कहा कि वह मुस्लिम धर्मगुरु होने के नाते सभी लोगों के साथ चलने और सहयोग करने के लिए तैयार हैं। भारत सरकार की भी जिम्मेदारी बनती है कि वो भी आतंकवाद के खिलाफ हमारा सहयोग करें। धर्मगुरुओं ने घटना की निंदा करते हुए आमजन से सावधानी बरतने और शहर में अमन कायम रखने की अपील की है। कहा है कि यदि कहीं भी संदिग्ध व्यक्ति या वस्तु दिखे तो उसकी सूचना तत्काल पुलिस-प्रशासन तक पहुंचाएं। तुलसी मठ के महंत नीरज नयन दास ने कहा कि दिल्ली की घटना निंदनीय है। सभी लोग संयम बरतें। अफवाहों पर ध्यान न दें। संशय की स्थिति में पुलिस को सूचना दें। शहर का वातावरण सौहार्दपूर्ण रखें। खानकाह वामिकिया के सज्जादानशीन मौलाना असलम मियां वामिकी ने कहा कि घटना बेचौन करने वाली हैं। हम अपने मुल्क की सलामती की दुआ करते हैं। अवाम से अपील है कि खुराफाती तत्वों से होशियार रहें। शाहदाना वली दरगाह के प्रशासक अब्दुल वाजिद खां ने कहा कि अवाम को सब्र से काम लेने की जरूरत है। गुरुद्वारा चौकी चौराहा के ज्ञानी काले सिंह ने कहा कि दिल्ली की घटना निंदनीय है। कोई किसी भी मजहब का हो, सबका परमेश्वर एक है और हम उनकी संतान हैं। क्राइस्ट मैथोडिस्ट चर्च के मुख्य पादरी फादर सुनील के. मसीह ने कहा कि सभी लोग शांति व्यवस्था बनाए रखें। सभी धर्मों के गुरु प्रार्थना करते रहें, ताकि देश में शांति और सद्भाव का वातावरण बना रहे।

# कमिश्नर ने की निर्वाचक नामावलियों के पुनरीक्षण की समीक्षा

- अन्य अधिकारियों और को बीएलओ को विधानसभावार ब्रीफिंग के दिए निर्देश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**






**बरेली।** कमिश्नर भूपेन्द्र एस0 चौधरी की अध्यक्षता में मंगलवार को विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष पुनरीक्षण की तैयारियों की समीक्षा की गई। यह समीक्षा बैठक बरेली-मुरादाबाद खण्ड शिक्षक निर्वाचन के पुनरीक्षण के संबंध में भी जीआईसी सभागार में हुई। अर्हता तिथि 01.01.2026 के आधार पर नामावलियों का पुनरीक्षण किया जा रहा है।

कमिश्नर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे अपने-अपने जनपदों में विधानसभावार बीएलओ को बुलाकर विस्तृत ब्रीफिंग करें। उन्होंने कहा कि इससे बीएलओ की सभी शंकाओं का निराकरण हो सकेगा। बीएलओ के पास मतदाता सूची, बीएलओ रजिस्टर और एम्युनेशन फॉर्म होना चाहिए, जिसके आधार पर मैपिंग की जानी है।

कमिश्नर ने समस्त ईआरओ और एईआरओ को निर्देशित किया कि वे 10 प्रतिशत मतदाता सूचियों का और कुछ का 100 प्रतिशत सत्यापन करें, जिससे कार्य में अधिक पारदर्शिता सुनिश्चित हो। उन्होंने स्पष्ट किया कि गलत या नियम विरुद्ध कार्य करने वालों के खिलाफ कठोरतम कार्यवाही की जाएगी। बैठक में डीएम बरेली अविनाश सिंह ने बताया कि यह बैठक शुद्ध निर्वाचक नामावली तैयार करने के उद्देश्य से बुलाई गई है। यह कार्य वर्तमान में 12 राज्यों में चल रहा है, जिसके लिए 2003 की मतदाता सूची को आधार बनाया गया है। यह प्रक्रिया 07 फरवरी 2026 तक पूरी होगी।

डीएम ने कहा कि मृत, स्थानांतरित और डुप्लिकेट मतदाताओं को हटाकर मतदाता सूची को त्रुटि रहित बनाना है। यह बीएलओ, सुपरवाइजर, ईआरओ और एईआरओ की सामूहिक जिम्मेदारी है। बीएलओ को घर-घर जाकर सर्वे करना, प्रपत्र बांटना, उन्हें एकत्र करना और मौके पर भौतिक सत्यापन भी करना होगा। निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार, सभी एईआरओ अपने आवंटित 100 बूथों पर जाकर बीएलओ के कार्यों की समीक्षा और सत्यापन करेंगे।

उप जिला निर्वाचन अधिकारी और जिला निर्वाचन अधिकारी विशेष पुनरीक्षण कार्य के डैशबोर्ड के माध्यम से किसी विधानसभा में असामान्य वृद्धि या कमी पर निगरानी रखेंगे। आवश्यकता पड़ने पर सत्यापन कराया जाएगा और लापरवाही पाए जाने पर कठोर कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने कहा कि यह भी सुनिश्चित कराया जाये कि प्रत्येक मतदाता तक फॉर्म शतप्रतिशत बंट जाये, सभी को सर्विलांस टीम का भी गठन करना है जो 30 बीएलओ और उनके सुपरवाईजर के कार्यों का निरीक्षण करेंगी। नगरीय क्षेत्र के लिये अतिरिक्त जिला निर्वाचन अधिकारी के रूप में नगर आयुक्त की भी नियुक्ति की गयी है। ट्रेजरी से मृत पेंशनर व कोटेदारों से ग्रामीण क्षेत्रों के निवासी मतदाता की पहचान हेतु मदद ली जा सकती है। आधार कार्ड, न तो नागरिकता का आधार है, न पते का और न ही उम्र का, इसलिए इसका विशेष ध्यान रखना है।

बैठक में अपर आयुक्त प्रशासन प्रीति जायसवाल, जिलाधिकारी बरेली अविनाश सिंह, जिलाधिकारी पीलीभीत ज्ञानेन्द्र सिंह, जिलाधिकारी बदायूं अवनीश राय, मुख्य विकास अधिकारी बरेली देवयानी, नगर आयुक्त संजीव कुमार मौर्य, संयुक्त मजिस्ट्रेट इशिता किशोर, अपर जिलाधिकारी (वि/रा)/ उप जिला निर्वाचन अधिकारी संतोष कुमार सिंह, अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) पूर्णिमा सिंह, अपर जिलाधिकारी नगर सौरभ दुबे, अपर जिलाधिकारी न्यायिक देश दीपक सहित अन्य जनपदों के उप जिला निर्वाचन अधिकारी तथा समस्त ईआरओ व एईआरओ उपस्थित रहे।

# मौलाना तौकीर की न्यायिक हिरासत 14 दिन बढ़ी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



बरेली बवाल मामले में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से हुई पेशी

**बरेली।** बवाल के मुख्य आरोपी मौलाना तौकीर रजा की न्यायिक हिरासत 14 दिन के लिए बढ़ा दी गई है। मंगलवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए हुई पेशी के बाद कोर्ट ने यह फैसला सुनाया। अब उन्हें 26 नवंबर को दोबारा कोर्ट में पेश किया जाएगा।

मौलाना तौकीर रजा फर्रुखाबाद की फतेहगढ़ सेंट्रल जेल में बंद है। सुरक्षा कारणों से उसकी पेशी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से कराई जा रही है। यह तीसरी बार है जब उसकी न्यायिक हिरासत बढ़ाई गई है। बरेली में 26 सितंबर को हुए बवाल के बाद पुलिस पर पथराव, फायरिंग और एसिड अटैक के मामले में पांच थानों में कुल 10 एफआईआर दर्ज की गई थीं। मौलाना तौकीर रजा इन घटनाओं से जुड़े सात मामलों में आरोपी है। इस मामले में अब तक 105 नामजद आरोपियों को जेल भेजा जा चुका है। मौलाना तौकीर रजा को 27 सितंबर को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया था। उसकी न्यायिक हिरासत पहले भी दो बार बढ़ाई जा चुकी है। विभिन्न थानों में दर्ज मामलों के आरोपियों की पेशी अलग-अलग अदालतों में हो रही है। मौलाना ने 7 नवंबर को अपने वकील के माध्यम से जमानत के लिए अर्जी दी थी, जिसे अपर सत्र न्यायाधीश ने सुनवाई के बाद खारिज कर दिया। अब मौलाना के वकील उसकी जमानत के लिए हाईकोर्ट का रुख करने की तैयारी कर रहे हैं।

# नियमों का उल्लंघन करने पर 497 बसों पर हुई कार्रवाई

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** यातायात नियमों की अनदेखी करने वालों के खिलाफ परिवहन विभाग का प्रवर्तन अभियान जारी है। 1 अप्रैल से 30 अक्टूबर तक मंडल में 497 बसों पर कार्रवाई की गई। इनमें बरेली में 135, बदायूं में 102, पीलीभीत में 130 और शाहजहांपुर में 130 बसों पर कार्रवाई हुई है।



आरटीओ प्रशासन पंकज सिंह ने बताया कि लोगों की सुरक्षा विभाग की प्राथमिकता है। जागरूकता अभियान, सेमिनार और विभिन्न गति. विधियों के माध्यम से सड़क दुर्घटनाओं को कम करने और सुरक्षित ड्राइविंग व्यवहार को बढ़ावा देने के लिए कार्य किए जा रहे हैं। प्रवर्तन दलों की ओर से 24 घंटे निगरानी रखी जा रही है, ताकि सड़क सुरक्षा से जुड़े नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ त्वरित कार्रवाई की जा सके। जिले में डबल डेकर बसों का संचालन तभी संभव है, जब उनकी बॉडी एआरएआई से प्रमाणित संस्था से बनी हो।

स्लीपर बसों के लिए एआईएस-119 और सामान्य बसों के लिए एआईएस-052 बस बॉडी मानक अनिवार्य किए गए हैं। इन्हीं मानकों के तहत फिटनेस और पंजीकरण प्रमाणपत्र जारी किए जाते हैं। उन्होंने बताया कि अधिकांश टूरिस्ट बसें ऑल इंडिया टूरिस्ट परमिट से आच्छादित हैं। बस स्वामी तीन माह के लिए 90 हजार या एक वर्ष के लिए 3.20 लाख रुपये शुल्क जमा कर यह परमिट प्राप्त करते हैं। इससे उन्हें देशभर के विभिन्न गंतव्यों पर यात्रियों को चढ़ाने और उतारने की अनुमति मिलती है।

# आईजीआरएस निस्तारण में बरेली रेंज ने पाया प्रथम स्थान

- डीआईजी अजय साहनी के निर्देशन में पीलीभीत जिला भी अव्वल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**बरेली।** उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की महत्वपूर्ण आईजीआरएस शिकायत निस्तारण प्रणाली की मासिक रैंकिंग में बरेली रेंज ने प्रथम स्थान प्राप्त किया है। इस परिक्षेत्र के अंतर्गत पीलीभीत जनपद भी पहले स्थान पर रहा। यह सफलता पुलिस उपमहानिरीक्षक (डीआईजी) बरेली परिक्षेत्र अजय साहनी के निर्देशन में मिली है।

अक्टूबर माह की रैंकिंग में बरेली परिक्षेत्र ने गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध शिकायत निस्तारण के कारण पूरे उत्तर प्रदेश में यह उपलब्धि हासिल की। इससे रेंज पुलिस का मान बढ़ा है। परिक्षेत्र के अन्य जनपदों में बदायूं 34वें, शाहजहांपुर 39वें और बरेली जनपद 65वें स्थान पर रहे।

बरेली जनपद के सुभाषनगर, फतेहगंज पश्चिमी, किला, शेरगढ़, सीबीगंज, विशारतगंज, शाही, बारादरी, इज्जतनगर, देवर. नियाँ, भुता, भोजीपुरा, नवाबगंज, आंवला, भमोरा, शीशगढ़, प्रेमनगर, सिरौली, कैन्ट और फतेहगंज पूर्वी थानों ने भी शिकायत निस्तारण में पहला स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार, बदायूं जनपद के कुंवरगांव, महिला थाना, बिनावर, जरीफनगर, अला. पुर, सहसवान, फैजगंजबेहटा, इस्लामनगर, वजीरगंज, दातागंज, मुजरिया, बिसौली, उझानी, कादरचौक, उघैती, उसहैत, मूसाझाग, हजरतपुर, कोतवाली और सिविल लाइंस थानों ने भी उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

पीलीभीत जनपद में माधोटांडा, महिला थाना, बरखेड़ा, करेली, कोतवाली, हजारा, सेहरामऊ उत्तरी, दियोरिया कलां, घुंघचाई, न्यूरिया, पूरनपुर, गजरौला, बीसल. पुर, सुनगढ़ी, अमरिया और बिलसंड़ा थानों ने प्रथम स्थान हासिल किया। शाहजहांपुर जनपद के आरसी मिशन महिला थाना, सिंधौली, कोतवाली, बण्डा, जलालाबाद, कलान, सेहरामऊ दक्षिणी, मदनापुर, मिर्जापुर, सदर बाजार, पुवायां, गढ़िया रंगीन, तिलहर, कटरा और खुदागंज थानों ने भी पहला स्थान प्राप्त किया। डीआईजी अजय साहनी ने कहा है कि आईजीआरएस शिकायतों के निस्तारण में जिन जिलों और थानों का प्रदर्शन संतोषजनक नहीं रहा है, उनके कार्यों की जल्द समीक्षा की जाएगी।

# गंगापुरम स्वास्थ्य केंद्र में दस्तावेज गायब, सपोर्ट स्टाफ पर रिपोर्ट

- आशा वाउचर बेचने के आरोप में ज्योति प्रकाश के खिलाफ मामला दर्ज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**बरेली।** नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र गंगापुरम के सपोर्ट स्टाफ ज्योति प्रकाश के खिलाफ थाना इज्जतनगर में प्राथमिकी दर्ज की गई है। उन पर सरकारी दस्तावेजों के रखरखाव में लाप. रवाही बरतने का आरोप है। यह जानकारी मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. विश्राम सिंह ने दी।

डॉ. सिंह ने बताया कि गंगापुरम स्थित नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में सीपीएमयू यूनिट स्थापित है। यहां सभी नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में कार्यरत शहरी आशाओं के भुगतान संबंधी वाउ. चरों का रिकॉर्ड संरक्षित रखा जाता है। स्टोर रूम में हर महीने के वाउचर सुरक्षित रखे जाते थे। जब एन.यू.एच.एम. कार्यालय से सपोर्ट स्टाफ को जुलाई 2025 और अगस्त 2025 के वाउचर मंगाने के लिए भेजा गया, तो पता चला कि जुलाई 2025 के सभी वाउचर और अगस्त 2025 के 100 वाउचर गायब थे। नोडल अधिकारी एन.यू.एच.एम., अर्बन हेल्थ कोऑर्डिनेटर और सी.सी.पी.एम. ने स्टोर रूम का निरीक्षण किया। उन्हें जुलाई 2025 और अगस्त 2025 के अलावा अन्य सभी महीनों के वाउचर मिले। प्रारंभिक पूछताछ में शक सपोर्ट स्टाफ ज्योति प्रकाश पर गया। कड़ाई से पूछताछ करने पर ज्योति प्रकाश ने स्वीकार किया कि उसने आशा के भुगतान वाउचर चलते-फिरते कबाड़ी को बेच दिए थे। इस स्वीकारोक्ति के बाद, प्रभारी चिकित्सा अधिकारी ने थाना इज्जतनगर में ज्योति प्रकाश के खिलाफ सरकारी दस्तावेजों के रखरखाव में लापरवाही बरतने के आरोप में रिपोर्ट दर्ज कराई।

**शाह टाइम्स आपके साथ....**

**हमें बताएं अपने इलाके की समस्या**

प्रिय पाठक, शहर में यदि आपके घर के आसपास या इलाके में सड़क टूटी होने, कूड़ा न उठने जैसी कोई ऐसी समस्या है जो तमाम लोगों को परेशान कर रही है तो फोटो के साथ हमें लिख भेजें। हम आपकी समस्या को प्रमुखता से अपने अगले अंक में प्रकाशित करेंगे। शाह टाइम्स के व्हाट्सएप नंबर 9720775874 पर अपनी समस्या आप हमें भेज सकते हैं।

समाचार एवं विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें।
मो. इरफान मुनीम जिला प्रभारी ( बरेली )
मो0- 9456212547 8077380691
Email: irfanggnewslive@gmail.com

# मिशन शक्ति के अंतर्गत भारत गार्डन में आयोजित किया गया अनंता प्रेरक महिला सम्मान कार्यक्रम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** महिला कल्याण विभाग द्वारा मिशन शक्ति फेज-5 के अंतर्गत बरेली रोड स्थित भारत गार्डन में अनंता प्रेरक महिला सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया गया।



कार्यक्रम का शुभारम्भ राज्य महिला आयोग की सदस्या सुनीता सैनी, जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी, पुलिस अधीक्षक विद्या सागर मिश्र, मुख्य विकास अधिकारी गुलाब चन्द्र, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. दीपा सिंह, बीजेपी जिलाध्यक्ष हरीश गंग. वार, जिला प्रोबेशन अधिकारी ईरा आर्या द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया।

कार्यक्रम में महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वावलंबन तथा अधिकारों से संबंधित जानकारी दी गई। मिशन शक्ति फेज-5 के अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं, हेल्पलाइन सेवाओं तथा शिकायत निवारण तंत्र से भी अवगत कराया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना तथा उन अधिकारों का उपयोग कैसे किया जाए, इसकी स्पष्ट जानकारी प्रदान करना है। उन्होंने कहा कि जहाँ भी महिलाओं के अधिकारों का हनन होता है, वहां उपलब्ध कानूनी प्रावधनों एवं सरकारी सेवाओं के माधयम से लाभ प्राप्त किया जा सकता है, यह जानकारी प्रत्येक महिला तक पहुँचनी चाहिए। उन्होंने कहा कि मिशन शक्ति के अंतर्गत गांव स्तर पर आशा, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं महिला पुलिसकर्मी महिलाओं और बालिकाओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा उपायों तथा शिकायत निवारण संबंधी प्रावधानों के बारे में लगातार जागरूक कर रही हैं। जिलधिकारी ने कहा कि महिलाओं एवं बालिकाओं ने विभिन्न क्षेत्रें में उत्कृष्ट कार्य किए हैं। उन्होंने कहा कि मिशन शक्ति का वास्तविक उद्देश्य, महिलाओं को सक्षम, जागरूक और आत्मनिर्भर बनाना है।

उन्होंने विभिन्न विभागों द्वारा लगाये गये स्टॉल की प्रशंसा करते हुए कहा कि कार्यक्रम स्थल पर लगाए गए विभागीय स्टालों से योजनाओं एवं सेवाओं की विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकती है। राज्य महिला आयोग की सदस्या ने कहा कि आयोग महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं अधिकारों से संबंधित मामलों पर निरंतर कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि शासन द्वारा संचालित योजनाओं का उद्देश्य महिलाओं को सुरक्षित वातावरण एवं उचित सहायता उपलब्धा कराना है। उन्होंने जनपद में मिशन शक्ति के तहत चल रहे प्रयासों की सराहना की। पुलिस अधीक्षक ने महिला सुरक्षा, साइबर सुरक्षा एवं हेल्पलाइन सेवाओं के महत्व पर प्रकाश डालते हुए महिलाओं एवं बालिकाओं को आवश्यक सुरक्षा सुझाव प्रदान किए। उन्होंने बताया कि जनपद में विद्यालयों, महाविद्यालयों एवं ग्राम पंचायत स्तर पर नियमित रूप से सुरक्षा व्यवस्था एवं जागरुकता के अनेक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। उन्होंने उपस्थित महिलाओं एवं बालिकाओं से कहा कि किसी प्रकार की घटना, शोषण की स्थिति में बिना संकोच पुलिस को सूचना दें। जिलाध्यक्ष ने कहा कि सरकार महिलाओं की सुरक्षा, शिक्षा एवं सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि समाज के प्रत्येक वर्ग का दायित्व है कि वह महिलाओं और बालिकाओं के अधिकारों की रक्षा के लिए जागरूकता और सहयोग प्रदान करें। कार्यक्रम में जनपद की प्रेरक महिलाओं, स्वयं सहायता समूहों, स्वास्थ्य विभाग की प्रतिनिधियों, महिला पुलिस अधिकारियों एवं कर्मियों, महिला ग्राम प्रधानों, बेसिक शिक्षा विभाग की महिला प्रतिनिधियों तथा जनपद में उच्च अंक प्राप्त करने वाली मेधावी छात्राओं को सम्मानित किया गया। सभी सम्मानित प्रतिभागियों के उत्कृष्ट कार्य, उपलब्धियों एवं सामाजिक योगदान की सराहना की गई।

कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी, मुख्य पुलिस अधीक्षक, राज्य महिला आयोग की सदस्य, बीजेपी जिलाध्यक्ष एवं मुख्य विकास अधिकारी द्वारा विभिन्न विभागों द्वारा स्थापित स्टालों का अवलोकन किया गया तथा विभागीय योजनाओं, पंजीकरण व्यवस्था तथा जागरूकता सामग्रियों का भी अवलोकन किया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।

कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के अधिकारी, सामाजिक संगठन, स्वयं सहायता समूह की महिलाओं तथा बड़ी संख्या में बालिकाएं उपस्थित रहीं।

# दहेज प्रताड़ना और मारपीट का मामला, पति सहित ससुराल वालों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**टाण्डा।** कोतवाली टांडा क्षेत्र में दहेज की मांग और घरेलू हिंसा का मामला सामने आया है। पीड़िता ने पति, ससुर, नंद, नंदोई और देवर सहित छह लोगों पर मारपीट, दहेज उत्पीड़न और घर से निकालने का आरोप लगाते हुए पुलिस में तहरीर दी। पुलिस ने सभी नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

दढ़ियाल के मौहल्ला इस्लामाबाद निवासी ने पुलिस को बताया कि उसकी शादी मुस्लिम रीति-रिवाज से करीब तीन वर्ष पहले फिरोज खान पुत्र घसीटा खान, निवासी शरेगढ़, तहसील बहेड़ी, जिला बरेली से हुई थी। दंपति की एक वर्षीय पुत्री भी है। शिकायत में महिला ने आरोप लगाया कि शादी के कुछ समय बाद से ही पति फिरोज खान ने उसे मारना-पीटना, गाली-गलौज देना और जान से मारने की धामकी देना शुरू कर दिया। इसके अलावा ससुर घसीटा खान, नंद नाजरीन, नंदोई निजाम और देवर सुहेल मिलकर उसे प्रताड़ित करते थे। सभी आरोपी दहेज में 5 लाख रुपये नकद और एक बुलेट मोटरसाइकिल की मांग करते थे।

महिला ने बताया कि करीब सात महीने पहले सभी आरोपियों ने मिलकर उसे बड़ी बेरहमी से पीटा और घर से बाहर सड़क पर खड़ा कर भगा दिया। आरो. पियों ने कहा कि जब तक दहेज की मांग पूरी नहीं होगी, तब तक उसे घर में नहीं घुसने दिया जाएगा। इसके बाद महिला अपनी एक साल की बेटी को लेकर मायके चली आई, जहां वह अब तक रह रही हैं।

आरोप है कि पति फ़िरोज खान ने मुस्कान नाम की लड़की को घर में रख लिया है और फोन पर पीड़िता को तलाक दे दिया है। ससुराल वालों ने सात महीने से उन्हें देखा तक नहीं है।

पुलिस ने महिला की तहरीर पर दहेज प्रताड़ना, मारपीट, गाली-गलौज, धमकी और घर से निकालने संबंधी धाराओं में सभी छह नामजद आरोपियों फिरोज खान, घसीटा खान, नाजरीन, निजाम, सुहेल और मुश्कान के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है। जांच जारी है।

# तीन तलाक बोल मारपीट कर विवाहित को घर से निकला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिलक।** पति ने तीन तलाक बोलकर पत्नी और साली के साथ मारपीट की और जान से मारने की धमकी देते हुए घर से निकाल दिया पीड़िता ने पति सहित तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।

कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत नगर के खाता कलां निवासी फिजा पत्नी फिरोज खान की शादी दस वर्ष पूर्व मुस्लिम रीति रिवाज से हुई थी विवाह के बाद से ही उसका पति नशे के अवैधा कारोबार में शामिल रहता था और उसका स्वभाव काफी हिंसक था नशे के अवैध कारोबार को लेकर एक बार उत्तराखंड की अल्मोड़ा की जिला कारागार में भी बंद हुआ था।

पति की हरकतों से फिजा का पारिवारिक जीवन खराब हो रहा था इसको लेकर पति से परिवार अवैध कार्य छोड़ने को कहा लेकिन उसने उस कार्यों को नहीं छोड़ा। इससे उसके बच्चों पर भी गलत असर पढ़ रहा था विरोध करने पर पति फिरोज और उसके परिवार वाले विवाहिता के साथ उत्पीड़न करते बीते 30 अक्टूबर को फिरोज ने उसे तीन बार तलाक दे दिया जब उसने इसका विरोध किया तब उसके साथ मारपीट की।

जब बचाने उसकी छोटी बहन रानी आई तो फ़िरोज, शबलू खान और आमिर खान ने दोनों को मारपीट कर घायल कर घर से निकाल दिया और पुलिस में जाने पर जान से मारने की धामकी दी।

पुलिस विवाहिता की तहरीर पर उपरोक्त के खिलाफ मुक. दमा दर्ज कर लिया और घटना की जांच शुरू कर दी।

# शहजादनगर में सीज हॉस्पिटल का रातों रात बदल दिया फ्लैक्स बोर्ड




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** शहजादनगर थाना क्षेत्रमें इन दिनों जच्चा बच्चा केंद्रों बिना परमिशन के धाड़ल्ले से खुल रहे हैं। जिसके चलते ऐसे हॉस्पिटलों में आए दिन कोई न कोई महिला जच्चा या बच्चा अपनी जान गवा देता और ऐसी घटना होने पर हॉस्पिटल संचालक अपनी सांठ गांठ कर पल्ला झाड़ लेते हैं।

ऐसा ही एक मामला दो दिन पूर्व शहजादनगर थाने की चंद कदमों की दूरी पर देखने को मिला है। बताया जा रहा है। बीते दो दिनों पूर्व मुरादाबाद के गणेशपुर निवासी दीपक अपनी गर्भवती पत्नी सुमन को लेकर शंकरपुर स्थित एक नामचीन हॉस्पिटल में लेकर पहुंचा था। जिसके बाद हालात बिगड़ने पर शंकरपुर से शहजादनगर के द फैमिली हॉस्पिटल में रेफर कर दिया था। जिसके चलते पीड़िता को नॉर्मल डिलीवरी के झांसे में रखा। जिससे महिला को पीड़ा बढ़ी तो चिकित्सकों ने महिला का ऑपरेशन कर दिया था। जिससे ऑपरेशन के द्वारा हुए बच्चे की हॉस्पिटल में ही मौके पर मौत हो गई थी। जिससे विभागीय अधिकारियों ने कार्यवाही करते हुए अस्पताल को शील कर दिया। लेकिन अस्पताल संचालक ने रातों रात अस्पताल का नाम द फैमिली हॉस्पिटल से बदल कर द फैमिली क्लीनिक कर दिया गया। जिससे विभागीय अधिकारी अनजान हैं।

# किसानों की समस्याओं को लेकर भाकियू भानू का जोरदार प्रदर्शन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** मंगलवार को बिलासपुर में भारतीय किसान यूनियन भानू के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने तहसील परिसर बिलासपुर में एक बड़ी पंचायत आयोजित कर किसानों की समस्याओं पर चर्चा की। पंचायत के बाद सभी कार्यकर्ता जिला अधयक्ष मोहम्मद सलीम वारसी के नेतृत्व में जुलूस की शक्ल में नारेबाजी करते हुए उप जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचे, जहां उन्होंने किसानों की समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर उप जिलाधिकारी को सात बिंदुओं वाला ज्ञापन सौंपा।

किसानों का कहना था कि नवीन मंडी बिलासपुर में धाान खरीद पूरी तरह अव्यवस्थित है।

धान क्रय केंद्रों पर प्रभारी किसानों का धाान तोलने से मना कर देते हैं, यह कहकर कि जगह या वरदान नहीं है। मंडी में जहां धाान तोलने की व्यवस्था होती है, वहां सरकारी बोरे भरे पड़े रहते हैं, जिससे किसानों के लिए जगह नहीं बचती। किसान नेताओं ने मांग की कि यह बोरे तुरंत हटाए जाएं और किसानों का धान बिना देरी के खरीदा जाए।

उन्होंने आरोप लगाया कि तहसील में खतौनी सत्यापन के नाम पर रिश्वत ली जा रही है। जो किसान पैसा नहीं देते, उनका सत्यापन रद्द कर दिया जाता है या कई-कई दिन लंबित रखा जाता है। किसान नेताओं ने कहा कि लेखपालों की यह मनमानी अब असहनीय हो गई है और प्रशासन को इस पर तुरंत रोक लगानी चाहिए।

रईस अहमद खान और अन्य पदाधिकारियों ने कहा कि नवीन मंडी में आढ़तियों द्वारा किसानों का खुलेआम शोषण किया जा रहा है। वह धाान सरकारी रेट से कम कीमत पर खरीद रहे हैं, जो मंडी सचिव और कर्मचारियों की मिलीभगत से संभव हो रहा है। उन्होंने मांग की कि ऐसे आढ़तियों के लाइसेंस रद्द किए जाएं और मंडी सचिव के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए।

भाकियू भानू ने यह भी मांग रखी कि हरियाणा और पंजाब की तर्ज पर धाान खरीद की व्यवस्था की जाए, जिसमें सरकार किसानों का धाान खरीदवाती है और आढ़तियों को कमीशन देती है। इसके साथ किसानों को सरकारी रेट पर 200 रूपये बोनस भी प्रदान किया जाता है। यूनियन ने कहा कि उत्तर प्रदेश के किसानों को भी यही सुविधा दी जानी चाहिए।

इसके अलावा, संगठन ने कहा कि डीएपी और 12-32-16 खाद की भारी किल्लत है। सहकारी समितियों और सरकारी दुकानों पर किसानों को खाद नहीं मिल रही, जिससे रबी फसल की बुआई प्रभावित हो रही है। उन्होंने मांग की कि किसानों को बिना शर्त खाद उपलब्धा कराई जाए।

ज्ञापन में यह भी आरोप लगाया गया कि रामपुर रोड स्थित रिलायंस पेट्रोल पंप के पीछे नहर भूमि पर अवैधा प्लाटिंग की गई है, जिसमें नहर विभाग और राजस्व कर्मियों की मिलीभगत से सरकारी संपत्ति को



बेचा गया है। यूनियन ने मांग की कि इस नहर को तुरंत खुदवाकर बहाल किया जाए और राम्पुरा माइनर, कायमगंज माइनर और गोदी नहर पर हुए अवैधा कब्जों को हटाया जाए ताकि सिंचाई का पानी फ़िर से किसानों के खेतों तक पहुंच सके।

इस मौके पर संतोष कुमार सिकदर, मोहम्मद आस्फ़ि राजा, अब्दुल हसन पाशा, मोहम्मद अहमद, मुराद खान, मुबारक हसन, कदीर आलम, असलम खान, साबिर अली, फरीद खान, सलीम मोहम्मद, आरिफ मोहम्मद, आजम, सतनाम सिंह, तरसेम सिंह, लखविंदर सिंह, गुरदीप सिंह, मलकीत सिंह, मुख्तार अली, वाहिद खान, फैसल खान, लियाकत अली, जमुना प्रसाद, भूपराम, महेंद्र सिंह, मुकेश श्रीवास्तव, जसवीर सिंह, जगतार सिंह और लोकेंद्र सिंह सहित बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे। उप जिलाधिकारी ने किसानों की बातें सुनीं और सभी समस्याओं का शीघ्र समाधान करने का आश्वासन दिया, जिसके बाद प्रदर्शन शांतिपूर्ण ढंग से समाप्त हुआ।

# घर में घुसकर मारपीट के मामले में रिपोर्ट दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**टाण्डा।** कोतवाली क्षेत्र के गांव लांबाखेड़ा में बच्चे को डांटने से नाराज एक पक्ष ने लाठी और धाारदार हथियारों से दूसरे पक्ष के घर में घुसकर मारपीट की। घटना में परिवार के कई सदस्यों को चोटें आई हैं। पुलिस ने शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

क्षेत्र के ग्राम लांबाखेड़ा निवासी यूसुफ ने पुलिस को दिए लिखित शिकायती पत्र में बताया कि 9 नवंबर को दोपहर आरोपी वाहिद का लड़का उनके घर में घुस आया। इस पर पत्नी ने उसे डांट दिया। इसी बात को लेकर नाराज आरा. ेपी वाहिद, याकूब,जीशान, निजाम, नाजिम, हारून, आरिश तथा वाहिद का साला शाहरूख लाठी और धाारदार हथियारों से लैस होकर यूसुफ के घर में घुस आए। आरोपियों ने यूसुफ और उनके परिवार वालों के साथ मारपीट की, जिसमें कई लोग घायल हो गए। पीड़ित ने बताया कि हमलावरों ने घर में घुसकर तांडव मचाया और कई लोगों को चोटें पहुंचाईं।

कोतवाली पुलिस ने शिकायत के आधाार पर संबंधित धााराओं में मुक. दमा पंजीकृत कर जांच शुरू कर दी है।

# रामपुर में चलाया गया तंबाकू मुक्त अभियान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** मंगलवार को जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी के निर्देश पर चलाए जा रहे तंबाकू मुक्ति युवा अभियान भाग 3.0 के अंतर्गत तंबाकू नियंत्रण प्रकोष्ठ के जिला सलाहकार डॉ. शहजाद हसन खान द्वारा जनपद में कोटपा अधिनियम के अनुपालन हेतु एक माह अभियान चलाया गया। इस अभियान के अंतर्गत थाना एएचटीयू की टीम के साथ तंबाकू विक्रेताओं लालपुर, खोद एवं मुरसेना पर चेक किया गया।


ऐसे विक्रेता जो कोटपा अधिनियम का उल्लंघन करते पाए गए, किसी प्रकार का प्रचार प्रसार करते हुए या ऐसी दुकान जो विद्यालयों के 100 गज के दायरे में थी, को चेक किया गया। 10 तंबाकू विक्रेताओं को कोटपा अधिनियम की धारा 6 ए तथा 6 ब भी के अंतर्गत उल्लंघन करते पाया गया, जिनका तत्काल जुर्माना किया गया और भविष्य में कभी भी तंबाकू उत्पाद का प्रचार प्रसार न करने एवं खुली सिगरेट न बेचने तथा कोटपा अधिनियम का अनुपालन करने हेतु चेतावनी दी गई।



तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत तंबाकू मुक्त विद्यालय हेतु जनपद रामपुर के विभिन्न विद्यालयों में कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कंपोजिट विद्यालय सैदनगर, कंपोजिट विद्यालय चमरौआ, कंपोजिट विद्यालय धमोरा तथा राजकीय इंटर कॉलेज मुर्तजा में तंबाकू नियंत्रण हेतु विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसमें छात्र-छात्राओं द्वारा भाषण प्रतियोगिता एवं पोस्टर प्रतियोगिता तथा निबंध प्रतियोगिता में प्रतिभा किया गया। इसके अतिरिक्त तंबाकू मुक्ति हेतु सभी छात्र-छात्राओं अध्यापकों एवं प्रधानाचार्य द्वारा शपथ ली गई। इस दौरान प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाला छात्र-छात्राओं को सर्टिफिकेट एवं मोमेंटो देकर पुरस्कृत किया गया।

# आजम खान हेट स्पीच मामले में हुए बरी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**रामपुर।** सपा नेता और पूर्व मंत्री मोहम्मद आजम खान को हेट स्पीच मामले में कोर्ट ने बरी कर दिया गया है। यह मामला 2019 लोकसभा चुनाव प्रचार के दौरान की कथित आपत्तिजनक टिप्पणी से जुड़ा था।

बताते चलें कि 23 अप्रैल 2019 को एक चुनावी सभा में चुनाव आयोग पर टिप्पणी करने और मतदाताओं को उकसाने का आरोप आजम खान पर लगा था।

24 अप्रैल 2019 को तत्कालीन एसडीएम ने सिविल लाइंस कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया था। मामले में दोनों पक्षों की बहस पूरी हो चुकी थी और आज एमपी एमएलए कोर्ट ने अपना फैसला सुनाते हुए आजम खान को बरी कर दिया।

# मारपीट गाली गलौज करने में दो के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिलक।** घर में घुसकर खाना खा रहे युवक को मारपीट कर किया घायल दो के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कोतवाली क्षेत्र के ग्राम चिचोली निवासी उमेदी राम अपने घर पर खाना खा रहा था। तभी मेरे पड़ोसी नारायन तथा खेमकरन यह दोनों उमेदी घर में घुस आए और और गाली गलौज करने लगे जब इसका विरोध किया तो इन लोगों ने डंडे से मारपीट करने लगे तभी अभी गांव के कुछ लोग आए और उन्होंने बचाया घायल अवस्था में कोतवाली पहुंचा और तहरीर दी। उमेदी लाल को पुलिस ने मेडिकल के लिए सी एच सी भेजा उमेदी लाल की तहरीर पर दो के खिलाफ हुई रिपोर्ट दर्ज।

# सास बहू मे हुआ विवाद बहू ने खाया जहरीला पदार्थ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मसवासी।** चौकी क्षेत्रके एक गांव मे सास बहू मे किसी बात को लेकर विवाद हो गया जिस्से गुस्साई बहू ने घर मे रखा कोई जहरीला पदार्थ खा लिया जहरीला पदार्थ खाने से महिला की हालत बिगड़ गई।



महिला की हालत बिगड़ती देख परीवार मे अफ़रा तफ़री मच गई परीजनो ने महिला को तुरंत नगर के एक प्राइवेट अस्पताल मे भर्ती कराया है जहां पर महिला की हालत मे सुधाार बताया जा रहा है।

वही महिला की हालत मे सुधाार से परीवार ने भी राहत की सांस ली है।

# बैकफुट पर पुलिस रंगदारी, गिरोहबंदी की धाराएं हटाई, विहिप प्रचारक प्रिंस गौड़ को मिली जमानत

- **कमिश्नर से की थी एडीएम वित्त एवं राजस्व की शिकायत, एडीएम की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने भेजा था जेल**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पीलीभीत।** एडीएम पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए कमिश्नर से शिकायत करने पर विश्व हिंदू परिषद के शाहजीपुर द्धशाहजहांपुरऋ के विभाग संगठन मंत्री प्रिंस गौड़ के विरु) एडीएम वित्त एवं राजस्व ;तु पुनिया द्वारा प्राथमिकी पंजीख्रत कराकर रात को जेल भेजे जाने के मामले ने तूल पकड़ लिया। मामला शासन तक पहुंचाने के बाद हड़कंप मच गया कल भी इस मामले में विश्व हिंदू परिषद के प्रांतीय नेता जिलाधिकारी से मिले, इसके बाद कोतवाली पुलिस बैकफ़ुटपर आ गई, इस मामले की विवेचना कर रहे कोतवाली के इंस्पेक्टर क्राइम सतीश कुमार ने मुकदमे में रंगदारी और गिरोहबंदी की धााराएं हटा दी, जिसके बाद पुलिस ने मंगलवार को उन्हें कोर्ट में पेश किया जहां उन्हें जमानत मिल गई।

एडीएम द्धवित्त एवं राजस्वऋ के खिलाफ़ फ़र्जी शिकायत और रंगदारी मांगने के आरोप में जेल में भेजे जाने के बाद विश्व हिंदू परिषद के संगठन मंत्री प्रिंस गौड़ की तबीयत खराब हो गई थी, जिस पर उन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। रविवार दोपहर करीब साढ़े तीन बजे जिला अस्पताल में प्रिंस से मिलने पहुंचे प्रांत सह प्रमुख धार्म प्रसार देवेंद्र सिंह सोम ने इस कार्रवाई पर नाराजगी जताई। उन्होंने प्रिंस गौड़ का हाल-चाल पूछने के बाद कार्रवाई की निंदा की। उन्होंने इसे सोची-समझी साजिश बताया। संगठन का बढ़ता विरोधा देखते हुए विवेचना के दौरान रंगदारी और गिरोह बंदी की धााराओं को हटा दिया और कोर्ट में पेश किया जहां न्यायालय ने उन्हें जमानत पर रिहा करने का आदेश पुलिस को दिया।

# अप्सरिया नदी पर 9 करोड़ रुपये की लागत से होगा पुल का निर्माण

- **राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार ने शासन से कराई मंजूरी**




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**पीलीभीत।** गन्ना विकास एंव चीनी मिल राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार ने अमरिया ब्लाक क्षेत्रके भौनी से करगैना पीरा मार्ग पर अप्सरिया नदी पर बने जर्जर पुल के पुन: निर्माण के लिए लगभग 9 करोड की धानराशि मंजूर कराई है। लोक निर्माण विभाग की सेतु विंग ने निर्माण हेतु धानराशि की प्रशासकीए एंव वित्तीय स्वीकृति प्रदान कर लोक निर्माण विभाग को धानराशि जारी कर दी है। अप्सरिया नदी पर पुल के निर्माण की मांग काफ़ी समय से क्षेत्र के लोग करते आ रहे थें। इस पुल के निर्माण से क्षेत्र की दर्जनों गॉव के हजारो लोगों को आवागमन की सुविधाा प्राप्त होगी। प्रदेश शासन के अनुसचिव शिव कुमार द्वारा जारी पत्र में इस आश्य की जानकारी देते हुए लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को धानराशि जारी करते हुए निर्माण कार्यों को शीघ्र अतिशीघ्र शुरू करने के निर्देश दिए है। ज्ञात रहें की अप्सरिया नदी पर स्थित पुल जर्जर हाल में होने के कारण यहां से क्षेत्र के लोगों को आवागमन प्रभावित हो रहा था। खास तौर पर वारिश के दिनों में यहक्र से निकलना मुश्किल हो रहा था। पुल के नवनिर्माण होने की सूचना से क्षेत्र के ग्रामीमें में हर्ष व्याप्त है।

"अमरिया क्षेत्र के अप्सरिया नदी पर पुल बनाये जाने के लिए काफी समय से क्षेत्र की जनता मांग कर रही थी इसके लिए शासन स्तर पर प्रयास करने के बाद अब मंजूरी मिली है। पुल के नवनिर्माण से क्षेत्र की बडी आबादी को आवागमन की सुविधाा मिल सकेंगी।"

**संजय सिंह गंगवार**
**गन्ना राज्य मंत्री उप्र सरकार।**

# हाईवे पर पलटा धाान से भरा ट्रक, चालक वाल वाल बच

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पूरनपुर।** बंडा हाईवे पर जनकापुर के पास एक ट्रक अनियंत्रित होकर पेंड से टकरा गई। जिससे क्षतिग्रस्त हो गई है। रविवार की देर रात धाान की बोरियों से भरा ट्रक घुंघचाई-बंडा हाईवे पर स्थित जनकापुर के पास ट्रक नियंत्रित होकर पेंड से टकरा कर खांई में पलट गया। जिससे ट्रक चालक और परिच. ालक वाल वाल बचे, धाान से भरा ट्रक सीतापुर से आकर पूरनपुर की तरु जा रहा था।

हादसे से खलवली मच गई। सूचना पर आस पडोस के लोग मौके पर दौड पडे,लोगों ने दोनों को ट्रक से बाहर निकाला। ट्रक पेंड से टकराने से क्षतिग्रस्त हो गई। चालक का काफ़ी नुकसान हुआ है। सूचना पर पुलिस की मौके पर पहुंची।

हालांकि इस दौरान कोई घायल नही हुआ है। लोगों का कहना है कि गनीमत रही कि एक बडा हादसा होने से टल गया।

# लालकिला कार विस्फोट में हसनपुर के दो दोस्तों की मौत

## मुआवजे की मांग को शव सड़क पर रख ग्रामीणों ने लगाया जाम अधिकारियों से नोकझोंक, परिजनों में कोहराम




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। दिल्ली कार विस्फोट होने के कारण मारे गये मृतकों के शवों के पहुंचने पर घरों में कोहराम मच गया। रोडवेज संविदा कर्मी की मौत के मुआवजे की मांग को लेकर ग्रामीणों ने जाम की धमकी दे दी। अधिकारियों से ग्रामीणों की नोकझोंक भी हो गई। गमगीन माहौल में शवों का अंतिम संस्कार कर दिया गया है।

सोमवार की शाम दिल्ली के लाल किला रेड लाइट पर कार में विस्फोट हो गया था। विस्फोट में नगर के रहरा रोड निवासी लोकेश अग्रवाल पुत्र ओमप्रकाश आयु 55 वर्ष व उनके दोस्त गांव मंगरोला निवासी अशोक कुमार पुत्र जगवंश आयु 32 वर्ष की मौके पर ही मौत हो गई थी। जब यह खबर लोकेश अग्रवाल व अशोक गुर्जर के घर पहुंची तो वहां पर कोहराम मच गया। रात को ही दोनों की कार विस्फोट धमाके से मौत होने के बाद से ही उनके घरों पर रिश्तेदारों मिलने वालों एवं ग्रामीणों की भीड़ जुटनी शुरू हो गई थी। जैसे ही दोनों के शव उनके घरों पर पहुंचे तो परिजन दहाड़े मार मार कर रोने लगे। सूचना मिलने पर विधायक महेंद्र सिंह खड़गवंशी भी पीड़ितों के घर पहुंचे तथा उन्हें हर संभव सहायता उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया। गांव मंगरौला में परिजन ग्रामीणों के साथ अशोक कुमार के शव को ट्रैक्टर ट्राली में रखकर ले जाने लगे। लेकिन वहां पर भारतीय किसान यूनियन बीआर अंबेडकर के कार्यकर्ता पहुंच गये तथा उन्होंने मृतक अशोक कुमार के परिवार को मुआवजा दिये जाने की मांग को लेकर हंगामा करना शुरू कर दिया। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि आधे घंटे के भीतर प्रशासनिक अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर मुआवजा देने का आश्वासन नहीं दिया तो वह सड़क को जाम कर देंगे। कुछ ही देर में एसडीएम पुष्कर नाथ चौधरी सीओ दीप कुमार पंत क्राइम इंस्पेक्टर अमरपाल सिंह मौके पर पहुंच गये। भारतीय किसान यूनियन बीआर अंबेडकर के राष्ट्रीय अध्यक्ष दिग्विजय सिंह भाटी ने कहा कि अशोक कुमार दिल्ली डीटीसी में संविदा कर्मी थे। उनके परिवार को मुआवजा देने के साथ ही परिवार के एक व्यक्ति को सरकारी नौकरी दी जाये। उन्होंने अशोक कुमार के परिजनों को मुआवजा दिये जाने का आश्वासन दिया तो ग्रामीण मान गये। उसके बाद अशोक कुमार के शव का अंतिम संस्कार कर दिया गया।



हसनपुर। बम ब्लास्ट में मरे युवक की मौत पर विलाप करते परिजन।



हसनपुर। मौत की सूचना मिलने के बाद बिलखकर रोते परिवार के लोग।

### दिन में कंडक्टरी तो रात में गार्ड की नौकरी करता था अशोक

**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर**। झकझोर कर रख देने वाले दिल्ली कार विस्फोट में मारे गये अशोक कुमार परिवार को पालने के लिए दिन में डीटीसी की बस पर कंडक्टरी करता था और रात को सिक्योरिटी गार्ड की नौकरी करता था। क्योंकि अशोक कुमार दो भाई है। उनके पास दो या ढाई बीघा खेती की जमीन है।

## आखिरी बार दिवाली पर घर आया था अशोक

**हसनपुर**। दिल्ली कार धमाके में मारे गये अशोक कुमार गुर्जर दिल्ली में किराये का कमरे लेकर रहते थे। वह दिपावली पर आखिरी बार घर आये थे। मां व पत्नी से फोन पर बात होती थी। वह बच्चों से भी फोन पर ही बात करते थे। अशोक कुमार की बातों को याद कर परिवार के लोगों का रोना बिलखना किसी से देखा नहीं जा रहा है।

### दोनों को लालकिले तक खींच लाई मौत

**शाह टाइम्स संवाददात हसनपुर**। कहते हैं होनी को कोई नहीं टाल सकता। और जब मौत आती है कब आ जाये किस रूप में आ जाये कुछ कहा नहीं जा सकता। बीमार समधन को अस्पताल में देखने गये लोकेश अग्रवाल को मौत लाल किले के समीप खींचकर ले आई थी। समधन को अस्पताल में देखने के बाद वह वहां से घर को जाने को कह कर निकले थे। लेकिन रास्ते में उन्होंने अपने दोस्त अशोक कुमार गुर्जर को फोन कर लिया। अशोक को भी नहीं पता था कि वह जिस दोस्त को लेने के लिए मेट्रो स्टेशन गये है। वह उन दोनों की जिंदगी की आखिरी मुलाकात होगी

### एक साथ दुनिया से अलविदा हुए दोनों दोस्त...

**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर**। दिल्ली विस्फोट में मारे गये अशोक कुमार गुर्जर व लोकेश अग्रवाल की दोस्ती बहुत ही मजबूत थी। दोनों एक दूसरे से घंटो घंटो फोन पर बात भी करते थे। कुदरत को भी यही मंजूर था कि दोनों दोस्तों को एक साथ अपने पास बुलायेगी। लोकेश अग्रवाल दिल्ली के सर गंगा राम अस्पताल में भर्ती बीमार समधन को देखने के लिए गये थे। लेकिन उन्हें क्या पता था की मौत उनका इंतजार कर रही है। समधन को देखने के बाद जब वह घर लौट रहे थे तो उन्होंने अपने दोस्त अशोक कुमार गुर्जर को फोन किया था। फोन पर बात होने के बाद लोकेश अग्रवाल मेट्रो से लाल किला स्टेशन पर उतर गये थे। अशोक उन्हें बाइक पर लेकर जा रहा था। रेड लाइट पर बाइक रोकी तो वहां पर कार में विस्फोट हो गया। जिससे दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। बताया जाता है जब भी लोकेश कुमार गुर्जर घर आते थे। तो लोकेश अग्रवाल से मिलकर जरूर जाते थे। दोनों की दोस्ती जग जाहिर थी। और लोग इनकी दोस्ती की मिसाल भी देते थे।

### कौन करेगा परिवार का पालन पोषण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। दिल्ली कार विस्फोट में मारे गये अशोक कुमार गुर्जर के परिवार का पालन पोषण करने की समस्या गहरा गई है। अशोक कुमार के बड़े भाई सीधे हैं उन्हें दुनियादारी के बारे में ज्यादा मालूमात नहीं है। जवान बेटे की मौत के बाद मां सोम. वती बेसुध है। पत्नी सोनम की आंखों के आंसू रोते-रोते सूख गये है। 3 वर्ष का बेटे आरब को बाप की मौत के बारे में कुछ पता नहीं है। 8 वर्षीय बेटी आरोही 5 वर्ष की बेटी काव्या के मासूम चेहरे को देखकर लोगों की आंखों के आंसू नहीं रुक रहे थे। अशोक कुमार गुर्जर ही घर में अकेला कमाने वाला था। महिलाये अशोक कुमार गुर्जर के परिवार को संभालने में लगी हुई है।

### पीड़ित परिजनों को सांत्वना देने पहुंचे नेता



**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर**। दिल्ली में कार के भीतर हुए विस्फोट के बाद पूरा देश दहल गया। इस विस्फोट में हसनपुर के लोकेश अग्रवाल वह गांव मंगरोला के अशोक कुमार की भी मौत हो गई। दोनों की मौत के बाद से ही उनके घरों पर परिवारों को ढांढस बंधाने वालों की भीड़ जुटनी शुरू हो गई थी। विधायक महेंद्र सिंह खड़गवंशी, ब्लॉक प्रमुख राजेंद्र सिंह खड़गवंशी, ब्लॉक हसनपुर पुत्र मुदित गुर्जर, पूर्व ब्लाक प्रमुख अशोक नागर, सौरभ नागर, रामवीर सिंह, भाजपा नेता चंद्रपाल सिंह खड़कवंशी समेत तमाम राजनीतिक पार्टियों के नेता एवं कार्यकर्ता पहुंच गये थे।

### विस्फोट में बुरी तरह झुलस गया था लोकेश का चेहरा

**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर**। कार में हुआ विस्फोट इतना तेज आवाज में था कि पूरा इलाका थर्रा गया था। लोकेश अग्रवाल का चेहरा भी इतनी बुरी तरह से झुलस गया था कि उनकी पहचान भी नहीं हो रही थी। लोक.श कुमार के शव को बहुत कम लोगों को दिखाया गया था।

## धमाके के दोषियों को मिले कड़ी सजा

### वकीलों ने मृतकों को दी श्रद्धांजलि

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। दिल्ली में सोमवार रात लाल किले के पास हुए कार धमाके ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया। धमाके में जान गंवाने वाले निर्दोष लोगों की स्मृति में मंगलवार को जिला न्यायालय परिसर में अधिवक्ताओं ने दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की।

न्यायालय परिसर में उपस्थित वरिष्ठ अधिवक्ताओं, युवा वकीलों तथा न्यायिक कर्मियों ने मृतकों की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। इसके साथ ही दो मिनट का मौन रखते हुए आतंकवादी हमले की कड़ी निंदा की गई। अधिवक्ता नवनीत गोला ने कहा कि यह सिर्फ दिल्ली का नहीं बल्कि पूरे देश की सुरक्षा व्यवस्था पर बड़ा सवाल है। जब राजधानी जैसे सुरक्षित क्षेत्र में इस प्रकार का धमाका हो सकता है तो आम नागरिक खुद को कहां सुरक्षित महसूस करेंगे। अधिवक्ताओं ने पीड़ित परिवारों को न्याय व



मुआवजा दिलाने और दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा दिलाने की मांग की, साथ ही केंद्र और राज्य सरकार से सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की अपील की। वक्ताओं ने कहा कि आतंकवाद का कोई धर्म, जाति या राजनीति नहीं होती यह मानवता के खिलाफ जुर्म है। श्रद्धांजलि सभा में दिवंगत आत्माओं की शांति और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की गई। इस दौरान सतेंद्र सिंह, मोहम्मद आदिल, वासिद खान, राजीव मिश्रा, धनीराम सिंह, हरीश, खालिक उज्जमा, शीशपाल सिंह आदि मौजूद रहे।

## विस्फोट से कुछ देर पहले ही निकला था गजरौला का परिवार

**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला**। दिल्ली में मंगलवार की शाम को लाल किला मैट्रो स्टेशन के पास चलती कार में हुए धमाके से मात्र 52 मिनट पहले ही गजरौला का एक परिवार वहां स्थित पार्किंग में अपनी गाड़ी खड़ी

**घटना से मात्र 52 मिनट पहले ही गए थे बाजार**

करके लाजपत नगर बाजार गया था। जब परिवार को घटना की जानकारी मिली तो उनके पैरों तले की जमीन खिसक गई।

बता दें कि सोमवार को शाम के समय दिल्ली के लाल किला मैट्रो स्टेशन के पास चलती कार में विस्फोट हुआ। जिसमें 11 लोगों की मौत हो गई तो वहीं अनेकों लोग घायल हो गए। लाल किला मैट्रो स्टेशन के पास बनी पार्किंग में कार खड़ी करके घटना से मात्र 52 मिनट पहले ही गजरौला के मोहल्ला अवंतिक.ानगर निवासी देवेन्द्र सिंह के पुत्र अभिषेक धारीवाल, उनकी पत्नी मंजू धारीवाल व दामाद लक्की चाहल खरीददारी करने लाजपत नगर गए थे। जब उन्हें घटना की जानकारी मिली तो वे अवाक रह गए क्योंकि मात्र 52 मिनट पहले ही वे उसी पार्किंग पर अपनी कार खड़ी करके आए थे जहां से वह कार निकली थी जिसमें विस्फोट हुआ। घटना के बाद पुलिस प्रशासन ने एहतियात बरतते हुए संबधित पार्किंग स्थल को भी सील कर दिया था, इस कारण इनकी गाड़ी भी रात भर उसी पार्किंग में खड़ी रही। मंगलवार की दोपहर को परिवार के सदस्यों को गाड़ी मिल सकी। देवेन्द्र सिंह ने बताया कि जिस वक्त घटना हुई उससे करीब 52 मिनट पहले ही परिवार के सदस्य वहां से निकले थे।



## किसान की हत्या में पिता पुत्र समेत तीन को उम्रकैद

### कोर्ट ने 1.20 लाख का जुर्माना भी लगाया

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। किसान की हत्या में पिता-पुत्र समेत तीन को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। जबकि संयुक्त रूप से 1.20 लाख का जुर्माना लगाया गया है। आरोपी जमानत पर बाहर थे फैसला आने के बाद उन्हें जेल भेज दिया गया।

17 मार्च 2020 का यह हत्याकांड डिडौली कोतवाली क्षेत्र के गांव भीकनपुर मूंढा में अंजाम दिया गया था। यहां गांव में किसान मेहंदी हसन का परिवार रहता है। वारदात वाले दिन उनके बेटे जानी बाकर और बाबू हसन अपने खेत में काम कर रहे थे। उसी दौरान उनकी पड़ोसी खेत मालिक तशामुल से किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई थी। हालांकि, दूसरे खेतों में काम कर रहे लोगों ने उस वक्त बीच-बचाव कराकर विवाद शांत करा दिया था। घर लौटने के बाद जानी बाकर और बाबू हसन घरवालों से बातचीत कर रहे थे। उसी बीच तशाबुल अपने बेटे जैनुल आब.ेदीन और ऐनुल आबेदीन के साथ वहां पहुंच गया था। तीनों ने अपने हाथों में लाठी-डंडे और सरिए ले रखे थे। तीनों ने जान से मारने की नीयत से जानी बाकर पर हमला कर दिया था। हमले में वह बुरी तरह लहूलुहान हो गए थे। मोहल्ले के लोगों को जमा होते देख तीनों जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए थे। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल जानी बाकर को जोया सीएचसी में भर्ती कराया था। जहां से चिकित्सकों ने उन्हें गंभीर हालत में मुरादाबाद रेफर कर दिया था। उपचार के दौरान जानी बाकर की मौत हो गई थी। मामले में मृतक के भतीजे फैजान ने तशामुल के अलावा उसके बेटे जैनुल आबेदीन व ऐनुल आबेदीन के खिलाफ मुक.दमा दर्ज कराया था। पुलिस में तीनों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। फिलहाल, तीनों जमानत पर थे। मुकदमे की सुनवाई अपर सत्र न्यायाधीश विशेष पॉक्सो एक्ट द्वितीय की अदालत में विचाराधीन थी। अभियोजन पक्ष की ओर से पैरवी सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता नितिन बंसल द्वारा की जा रही थी। मंगलवार को अदालत में मुकदमे की अंतिम सुनवाई हुई। पत्रावली के अवलोकन व साक्ष्यों के आधार पर अदालत ने तशामुल, उसके बेटे जैनुल आबेदीन व ऐनुल आबेदीन को दोषी करार दिया। तीनों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई तथा 1.20 लाख रुपये का अर्थदंड लगाया।

### दर्जा राज्यमंत्री ने गर्भवती महिलाओं की गोदभराई करी

## देश के विकास में आधी आबादी का अहम योगदान: बबीता

**अमरोहा**। दर्जा राज्यमंत्री व राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डा. बबीता सिंह चौहान ने कहा कि हमें अपनी बेटियों को संस्कारवान बनाना चाहिये। उन्हें उच्च शिक्षा दिलाये ताकि वह आगे चलकर समाज में अपना तथा परिजनों का नाम रोशन करें। देश के विकास में आधी आबादी का अहम योगदान है। मंगलवार को दर्जा राज्यमंत्री व राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष बबीता सिंह जिले में थी। इस दौरान उन्होंने कई कार्यक्रम में हिस्सा लिया। आयोग की सदस्य संगीता जैन के साथ वह जिला अस्पताल पहुंची तथा गर्भवती महिलाओं की गोद भराई की। इसके अलावा छोटे बच्चों का अन्नाप्राशन कराया। उन्होंने जिला अस्पताल में साफ सफाई के लिये स्टाफ की प्रशंसा की। जन्मोत्सव कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व मुख्यमंत्री योगी जी के कार्यकाल में आज बेटियों के जन्म पर खुशी मनाई जाती है। पहले बेटियों को बौझ समझा जाता था। लेकिन अब ऐसा नहीं है। इनकी शिक्षा, विवाह, सुरक्षा व सशक्तिकरण की पूरी व्यवस्था सरकार द्वारा की जा रही है। वृद्धा अवस्था पेंशन से लेकर नौकरी तक में महिलाओं का बोलबाला है। उन्होंने अभिभावकों का आह्वान करते कहा कि वह अपनी बेटियों को अच्छी व संस्कारवान शिक्षा व संस्कार दें, ताकि वह आगे चलकर समाज में अपना तथा देश व परि.जनों का नाम रोशन करें। जब आधी आबादी मुख्य धारा से जुड़ेगी तो देश का विकास तीव्र गति से होगा। जीजीआईसी कालेज में आयोजित शक्ति संवाद में डा. बबीता चौहान ने छात्राओं को हेल्पलाइन नंबर, सरक.ारी योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने छात्राओं का आह्वान करते कहा कि वह लक्ष्य सामने रखकर पढ़ाई करें। सफलता के पीछे न भागे खुद को ऐसा बनाये कि सफलता खुद तुम्हारे कदम चूमे। उन्होंने महिला विश्व कप विजेता टीम का उदहारण देते कहा कि देश की बेटियों ने साबित कर दिया कि खेल हो या अन्य क्षेत्र किसी में भी वह पीछे नहीं है। इस मौके पर सीडीओ अश्वनी कुमार मिश्र, सीएमओ डा. सत्यपाल सिंह, जिला विकास अधिकारी सरिता द्विवेदी, सीएमएस डा. एके भंडारी, डीआईओएस डा. प्रवेश कुमार, जिला प्रोबेशन अधिकारी राकेश आदि मौजूद रहे।

**बेटियों को बनाये संस्कारवान, दिया अच्छी शिक्षा**



पंजाब नैशनल बैंक | pnb | punjab national bank
एस ए एम शाखा, चतुर्थ तल, 7 भीकाजी कामा प्लेस, दिल्ली ईमेल: zs8343@pnb.co.in
शुद्धिपत्र
आम जनता को एतद्वारा सूचित किया जाता है कि ई-नीलामी सूचना अर्थात अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए 09.11.2025 को इस समाचार पत्र के (पेज नंबर 10) में प्रकाशित हुआ था जिसमें [अटरसन ओवरसीज प्राईवेट लिमिटेड के ऋण खाते में], निम्नलिखित सुधार आवश्यक हैं जो कि हिन्दी अनुवाद करने में त्रुटि हो गया था।
1. सम्पत्ति सं. 2 में, विवरण "एच-100, एच-101, एच-102 एवं एच-103" के स्थान पर "एफ-100, एफ-101, एफ-102 एवं एफ-103" पढ़ा जाए।
2. सम्पत्ति सं. 3 में, विवरण "मेसर्स बाला जी फूड ग्रेन्स प्राइवेट लिमिटेड लिमिटेड" के स्थान पर "मेसर्स बाला जी फूड ग्रेन्स प्राइवेट लिमिटेड" पढ़ा जाए।
3. सम्पत्ति सं. 4 में, विवरण "श्रीमती का खेत कमला गुप्ता" के स्थान पर "श्रीमती कमला गुप्ता का खेत" पढ़ा जाए।
शेष ई-नीलामी विवरण यथावत रहेगी।
दिनांक: 11.11.2025 प्राधिकृत अधिकारी
स्थान: दिल्ली पंजाब नेशनल बैंक

### कपड़ों से हुई लोकेश की पहचान

**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर**। दिल्ली समेत पूरे देश को हिलाकर रख देने वाले कार विस्फोट में लोकेश कुमार अग्रवाल की भी मौत हो गई थी। अशोक कुमार की मौत की खबर चौनलो एवं सोशल मीडिया पर चल चुकी थी। लेकिन लोकेश कुमार का मोबाइल घटनास्थल पर किसी को मिल गया था। उसको पुलिस को दे दिया गया था। डायल में नगर के समाजसेवी संदीप अग्रवाल का नंबर था। वह अपने भाई की बीमार पत्नी के पास सर गंगाराम अस्पताल में थे। संदीप अग्रवाल ने कपड़ों से लोकेश कुमार अग्रवाल की पहचान की। उसके बाद जब घर सूचना दी तो नगर से दो वाहनों में भरकर लोकेश अग्रवाल के रिश्तेदार दिल्ली गये थे।

### विस्फोट की घटना के मृतकों को दी श्रद्धांजलि



**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला**। दिल्ली लाल किले में पास कार बम विस्फोट में मृत व्यक्तियों की आत्मा की शांति के लिए पंडित दयानंद शर्मा ने मंत्रोचार द्वारा मृतकों की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना कराई।

बता दें कि मंगलवार को हुई इस घटना में कई लोंगो की जान चली गई है। गजरौला भाजपा मंडलाध्यक्ष सुनील गुप्ता ने इस घटना को एक कायराना हरकत बताते हुए आतंकवादियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। कहा कि आतंकवादियों का कोई धर्म नहीं होता और इनका उद्देश्य केवल दहशत फैलाना होता है। व्यापारी नेता नवीन गर्ग ने कहा की इन आतंकवादियों के संरक्षकों को भी कड़ी से कड़ी सजा मिलनी चाहिए, जिससे कि इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। इस अवसर पर मनमोहन सेन, पंडित हरिगोपाल शास्त्री, अमरजीत कोहली, दीपक कुमार इत्यादि मौजूद रहे।

**शिव मंदिर में आयोजित हुई सभा**

## संक्षिप्त खेल समाचार

### मुख्यमंत्री योगी आज करेंगे जूनियर हॉकी विश्व कप ट्रॉफी का अनावरण

**लखनऊ, वार्ता।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 28 नवंबर से 10 दिसंबर तक चेन्नई और मदुरई की मेजबानी में होने वाले जूनियर हॉकी विश्व कप की ट्रॉफी का बुधवार को यहां अनावरण करेंगे। जूनियर हॉकी विश्वकप की यह ट्रॉफी अपने प्रमोशनल टूर के तहत देश के अलग-अलग शहरों में घूमते हुए कल यहां पहुंच रही है और लखनऊ में रुकने के बाद यह उदयपुर जाएगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अपने सरकारी आवास में आयोजित एक खास समारोह में इस प्रतिष्ठित ट्रॉफी का अनावरण करेंगे। अनावरण समारोह में खेल मंत्री गिरीश चंद्र यादव, हॉकी इंडिया के महासचिव भोला नाथ सिंह, हॉकी इंडिया के डायरेक्टर जनरल आरके श्रीवास्तव, खेल सचिव सुहास, खेल निदेशक डॉ. आरपी व यूपी हॉकी के महासचिव रजनीश शामिल होंगे।

### वीनस 2026 सीजन से पहले प्रदर्शनी टेनिस मैच में मैडिसन कीज का सामना करेंगी

**वॉशिंगटन, वार्ता।** अमेरिका की दिग्गज महिला टेनिस खिलाड़ी वीनस विलियम्स 2026 सीजन से पहले एक प्रदर्शनी टेनिस मैच में ऑस्ट्रेलियन ओपन की विजेता हमवतन मैडिसन कीज का सामना करेंगी। शार्लोट स्पोर्ट्स फाउंडेशन द्वारा आयोजित यह मुकाबला नॉर्थ कैरोलिना के स्पेक्ट्रम सेंटर में खेला जायेगा। चार बार की ओलंपिक चैंपियन वीनस विलियम्स चार दिसंबर को इस प्रदर्शनी मुकाबले में ऑस्ट्रेलियन ओपन 2025 की विजेता मैडिसन कीज के खिलाफ खेलेंगी।

# भारत में 15 साल से टेस्ट नहीं जीता द. अफ्रीका



- **स्पिन-फ्रेंडली पिचों पर रवींद्र जडेजा, वाशिंगटन सुंदर और अक्षर पटेल जैसे स्पिन ऑलराउंडर भारत की सबसे बड़ी ताकत साबित होंगे**

**नई दिल्ली, वार्ता।** वर्ल्ड टेस्ट चैंपियन साउथ अफ्रीका भारत दौरे पर है, जहां उसे दो टेस्ट मैचों की सीरीज खेलनी है। अफ्रीकी टीम के लिए यह दौरा आसान नहीं होगा, क्योंकि वह 15 साल से भारत में एक भी टेस्ट मैच नहीं जीत सकी है।

हालांकि, साउथ अफ्रीका जून 2025 में वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप जीतने के बाद एक भी सीरीज नहीं हारा है। दोनों टेस्ट मैच कोलकाता और गुवाहाटी में होंगे। यहां की स्पिन-फ्रेंडली पिचों पर रवींद्र जडेजा, वाशिंगटन सुंदर और अक्षर पटेल जैसे स्पिन ऑलराउंडर भारत की सबसे बड़ी ताकत साबित होंगे। इन तीनों के साथ चाइनामैन कुलदीप यादव साउथ अफ्रीकी बल्लेबाजों के लिए बड़ी परेशानी साबित हो सकते हैं। साउथ अफ्रीका के कप्तान टेम्बा बावुमा टीम के साथ सोमवार को कोलकाता पहुंचे। पाकिस्तान में ड्रा खेला साउथ अफ्रीका ने 11 से 14 जून के बीच लंदन के लाड्र्स स्टेडियम में आस्ट्रेलिया को हराकर डब्ल्यूटीएफ का खिताब जीता था। इसके बाद अफ्रीकी टीम ने जिम्बाब्वे दौरे पर 2-0 से क्लीन स्वीप किया, जबकि पाकिस्तान दौरे पर खेली गई दो मैचों की सीरीज 1-1 से ड्रा रही। साउथ अफ्रीका के इस अजेय अभियान को शुभमन गिल की कप्तानी वाली भारतीय टीम रोक सकती है। ऐसा क्यों हो सकता है, इसे हम यहां 6 फैक्टर्स में बता रहे हैं। पिछले 15 साल से भारत में नहीं जीता साउथ अफ्रीका साउथ अफ्रीका पिछले 15 साल से भारतीय सरजमीं पर कोई टेस्ट मैच नहीं जीत सका है। टीम को आखिरी जीत 2010 में नागपुर में ग्रीम स्मिथ की कप्तानी में मिली थी। तब अफ्रीका ने भारत को पारी और 6 रन से हराया था।

उस मैच में हाशिम अमला ने नाबाद 253 रनों की शानदार पारी खेली थी और 'प्लेयर ऑफ द मैच' चुने गए थे। उस मुकाबले के बाद दोनों टीमों के बीच भारत में 8 टेस्ट खेले गए हैं, जिनमें अफ्रीका को 7 में हार मिली है और एक ड्रा रहा है। साउथ अफ्रीका ने 1996 में पहली बार भारत का दौरा किया था। उसने भारत में 1999 में अपनी पहली और अब तक की एकमात्र टेस्ट सीरीज जीत हासिल की थी। अब तक भारत में दोनों टीमों के बीच 7 टेस्ट सीरीज हुई हैं। भारत ने 4 जीती हैं, साउथ अफ्रीका ने 1 जीती, जबकि 2 सीरीज ड्रा रही हैं। धीमे विकेट पर बल्लेबाजी भी आसान नहीं होगी भारतीय पिचें साउथ अफ्रीकी टीम के बैटर्स के लिए बड़ा सिरदर्द बन सकती हैं। सीरीज का पहला मैच कोलकाता और दूसरा गुवाहाटी में खेला जाएगा। आमतौर पर भारतीय पिचें धीमी और स्पिन फ्रेंडली होती हैं। ऐसे में यहां बल्लेबाजी करना अफ्रीकी बैटर्स के लिए आसान नहीं होगा। केशव महाराज के अलावा किसी के पास अनुभव नहीं 15 दिन पहले भारतीय दौरे के लिए घोषित साउथ अफ्रीकी टीम में 3 स्पेशलिस्ट स्पिनर चुने गए हैं। इनमें केशव महाराज के अलावा, कोई अन्य अनुभवी स्पिनर नहीं है। केशव महाराज ने अब तक 60 टेस्ट मैच खेले हैं, इनमें उन्हें 212 विकेट मिले हैं।

# वेस्टइंडीज और अफगानिस्तान के बीच होगी टी-20 सीरीज

- **दोनों टीमों के बीच 19 जनवरी से 3 टी-20 मैचों की सीरीज खेली जाएगी**

**नई दिल्ली, वार्ता।** वेस्टइंडीज और अफगानिस्तान के बीच अगले साल शारजाह में 19 जनवरी से तीन टी-20 मैचों में सीरीज खेली जाएगी। भारत और श्रीलंका में अगले वर्ष फरवरी में होने वाले टी-20 विश्वकप के मद्देनजर 19 से 22 जनवरी तक शारजाह में होने वाली यह द्विपक्षीय सीरीज दोनों टीमों के लिए महत्वपूर्ण मानी जा रही है। वेस्टइंडीज क्रिकेट बोर्ड निदेशक माइल्स बास्कोम्बे ने इस सीरीज के महत्व पर बल देते हुए कहा कि यह सीरीज हमारी तैयारी के लिए एक बेहतरीन मंच प्रदान करती है। उपमहाद्वीपीय परिस्थितियों में मजबूत प्रतिद्वंदियों का सामना करने से हमें अपने संयोजन और रणनीति को निखारने तथा उनके खिलाड़ियों को भारत और श्रीलंका जैसी पिचों पर आत्मविश्वास बढ़ाने में मदद मिलेगी। उल्लेखनीय है कि वेस्टइंडीज ने पिछला टी-20 विश्वकप की मेजबानी की थी, जहां वे सुपर एट स्टेज तक पहुंचे थे लेकिन नॉकआउट में नहीं पहुंच पाए थे। अफगा उस स्पर्धा के सेमीफाइनल में पहुंचा था। दोनों टीमों ने एक- दूसरे के खिलाफ आठ अंतर्राष्ट्रीय टी-20 मैच खेले हैं, जिसमें विंडीज ने पांच और अफगानों ने तीन मैच जीते है।

# आयरलैंड टेस्ट मैच के पहले दिन बनाए आठ विकेट पर 270 रन

- **पॉल ने 60 रन और माइकल ने 59 और कैम्फर ने 44 रनों की पारी खेली**

**बांग्लादेश, वार्ता।** पॉल स्टर्लिंग (60) और कैड कारमाइकल (59), कर्टिस कैम्फर (44) और लोर्कन टकर (41) के योगदान से आयरलैंड ने पहले टेस्ट मैच के पहले दिन मंगलवार को स्टंप के समय आठ विकेट पर 270 रन बना लिए है। यहां आयरलैंड ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी आयरलैंड को हसन महमूद ने पहले ही ओवर में कप्तान एंडी बालबर्नी (शून्य) को आउटकर पहला झटका दिया।

इसके बाद बल्लेबाजी करने आए कैड कारमाइकल ने पॉल स्टर्लिंग के साथ पारी को संभाला। दोनों बल्लेबाजों के बीच दूसरे विकेट लिए 95 रनों की साझेदारी हुई। 27वें ओवर में नाहिद राणा ने पॉल स्टर्लिंग को आउटकर इस साझेदारी का अंत किया। पॉल स्टर्लिंग ने 76 गेंदों में नौ चौके लगाते हुए 60 रनों की पारी खेली। अगले ही ओवर में मेहदी हसन मिस्राज ने हैरी टेक्टर (एक) को अपना शिकार बना लिया। 44वें ओवर में मेहदी हसन मिराज ने कैड कारमाइकल को आउटकर बंगलादेश को चौथी सफलता दिलाई। कैड कारमाइकल ने 129 गेंदों में सात चौकों की मदद से 59 रनों की जूझारू पारी खेली। पांचवें विकेट के रूप में कर्टिस कैम्फर 44 रन बनाकर आउट हुए।

उन्होंने अपनी पारी में चार चौके और दो छक्के लगाए। इसके बाद हसन मुराद ने लोर्कन टकर को विकेटकीपर लिटन दास के हाथों स्टंप कराकर पवेलियन भेज दिया। लोर्कन टकर ने 80 गेंदों में तीन चैके और दो छक्के लगाते हुए 41 रन बनाए। एंडी मैकब्राइन (पांच) और जॉर्डन नील 30 रन बनाकर आउट हुए।

दिन का खेल समाप्त होने के समय आयरलैंड ने 90 ओवरों में आठ विकेट पर 270 रन बना लिए है और बैरी मैकार्थी (नाबाद 21) क्रीज पर मौजूद है। बांग्लादेश की ओर से मेहदी हसन मिराज ने तीन विकेट लिए।

# जम्मू-कश्मीर ने दिल्ली को हराया

- **कामरान इकबाल ने नाबाद 133 रनों की शानदार पारी खेलकर अपनी टीम की जीत में भागेदारी निभाई**

**नई दिल्ली, वार्ता।** कामरान इकबाल (नाबाद 133) के शानदार प्रदर्शन की बदौलत जम्मू-कश्मीर ने रणजी ट्रॉफी एलीट ग्रुप डी मुकाबले में दिल्ली को सात विकेट से हराया। जम्मू-कश्मीर ने कल के 55 रन पर दो विकेट से आगे खेलना शुरु किया। सुबह के सत्र में कामरान इकबाल ने तेजी के साथ रन बटोरे। उन्होंने वंशराज शर्मा के साथ तीसरे विकेट के लिए 82 रन जोड़े। जम्मू-कश्मीर का तीसरा विकेट 38वें ओवर में 134 के स्कोर पर वंशराज शर्मा (आठ) के रूप में गिरा। इसके बाद बल्लेबाजी करने आए कप्तान पारस डोगरा ने कामरान इकबाल के साथ पारी को संभाला और टीम को जीत दिलाई। जम्मू-कश्मीर ने 43-3 ओवर में तीन विकेट पर 179 रन बनाकर मुकाबला सात विकेट से अपने नाम कर लिया। इस दौरान कामरान इकबाल ने अपना शतक पूरा किया। कामरान इकबाल ने 147 गेंदों में 20 चौके और तीन छक्के लगाते हुए 133 रनों की नाबाद पारी खेली। पारस डोगरा 12 गेंदों में 10 रन बनाकर नाबाद रहे। 35 रन देकर पांच विकेट लेने वाले जम्मू-कश्मीर के गेंदबाज अकीब नबी को 'प्लेयर ऑफ द मैच' का पुरस्कार मिला। दिल्ली के लिए )तिक शौकीन ने दो और मनन भारद्वाज ने एक विकेट लिया। सोमवार को जम्मू-कश्मीर के वंशराज शर्मा ने दिल्ली को दूसरी पारी में 277 के स्कोर पर समेट दिया था। इसके अलावा दिल्ली ने पहली पारी में 211 रन बनाए थे। जम्मू-कश्मीर ने पहली पारी में कप्तान पारस डोगरा (106) और अब्दुल समद (85) के योगदान से 310 रनों का स्कोर बनाया था। इसके अलावा मुम्बई ने शम्स मुलानी (पांच विकेट) और मुशीर खान (दो विकेट) के प्रदर्शन के दम पर हिमाचल प्रदेश को पारी और 120 रनों से हराया। मुशीर खान को 112 रन, 1/9 और 2/23 के लिए 'प्लेयर ऑफ द मैच' चुना गया।





# जैनिक सिनर ने फेलिक्स को हराया

**इटली, वार्ता।** विश्व के नंबर दो टेनिस खिलाड़ी जैनिक सिनर ने एटीपी फाइनल्स में अपने खितबा के बचाव की शुरुआत ओलंपिक मिश्रित युगल के कांस्य पदक विजेता फेलिक्स ऑगर-एलियासिमे पर जीत के साथ की। इटली के दिग्गज सिनर ने सोमवार को इंडोर हार्ड कोर्ट पर खेले गए मुकाबले में कनाडा के फेलिक्स ऑगर-एलियासिमे को 7-5, 6-1 से हराकर लगातार 27वीं जीत हासिल की। यह एटीपी फाइनल्स में बिना ब्रेक हुए उनकी लगातार छठी जीत है। मैच जीतने के बाद सिनर ने कहा कि यहां खेलने का एक नया एहसास है, कोर्ट थोड़ा अलग है, इसलिए मैं खुश हूं कि हमने कैसे एडजस्ट किया। आपको पूरे मैच में फोकस रहना होता है, जैसे ही आप एक ब्रेक देते हैं, रिकवर करना बहुत मुश्किल हो जाता है। आज, मैं बहुत फोकस्ड था। मैं खुश हूं, देखते हैं अगला मैच कैसा जाता है।

# सम्राट ने आईएसएसएफ में जीता सोना

**मिस्र, वार्ता।** भारतीय निशानेबाज सम्राट राणा और वरुण तोमर ने आईएसएसएफ विश्व चैंपियनशिप राइफल/पिस्टल 2025 में शानदार प्रदर्शन करते हुए पुरुषों की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में क्रमश: स्वर्ण और कांस्य पदक जीते। मिस्र के काहिरा में सोमवार को हुई प्रतियोगिता की पुरुषों की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में सम्राट राणा 586-27गग के स्कोर के साथ क्वालीफाइंग राउंड में शीर्ष पर रहे और हमवतन वरुण तोमर (586-26ग) दूसरे स्थान पर रहे। फाइनल राउंड में कड़ी प्रतिस्पर्धा देखने को मिस्रली, लेकिन 20 वर्षीय सम्राट राणा ने 243-7 अंकों के साथ चीन के हू काई को 0-4 अंकों से पीछे छोड़ दिया। वहीं वरुण तोमर 221-7 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रहे। यह राणा का किसी अंतरराष्ट्रीय सीनियर प्रतियोगिता में पहला पदक है। इससे पहले उन्होंने 2022 जूनियर वर्ल्ड चैंपियनशिप में पुरुष और मिस्रश्रित टीम एयर पिस्टल स्पर्धाओं में स्वर्ण पदक हासिल किए थे। सम्राट राणा, वरुण तोमर और श्रवण कुमार, जो क्वालीफायर में 582-16ग के स्कोर के साथ 12वें स्थान पर रहे, ने भी कुल 1754 अंक बनाकर भारत को टीम स्टैंडिंग में शीर्ष पर पहुंचाया और स्वर्ण पदक जिताया। इटली और जर्मनी ने क्रमश: रजत और कांस्य पदक जीते। इससे पहले, मनु भाकर (580-20ग) और ईशा सिह (583-25ग) महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल क्वालीफायर में क्रमशः छठे और चौथे स्थान पर रहीं और पदक राउंड में जगह पक्की की। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता मनु भाकर ने महिला टीम स्पर्धा का रजत पदक हासिल किया। वहीं व्यक्तिगत पदक नहीं जीत पाई। सुरुचि सिह (577-17ग) 14वें स्थान पर रहीं और जगह बनाने से चूक गईं, लेकिन उन्होंने टीम इवेंट में 1740-62ग के स्कोर के साथ भारत को रजत पदक दिलाने के लिए योगदान दिया। चीन की टीम ने 1752-76ग के वर्ल्ड रिकॉर्ड स्कोर के साथ स्वर्ण पदक अपने नाम किया, जबकि दक्षिण कोरिया ने 1729-58ग के साथ कांस्य पदक जीता। हालांकि, व्यक्तिगत फाइनल में मनु और ईशा सिह दोनों ही पदक जीतने में सफल नहीं हो सकीं। मनु 139.5 अंक बनाकर सातवें स्थान पर रहीं, जबकि ईशा 159-2 अंकों के साथ अपनी सीनियर हमवतन साथी से एक स्थान ऊपर रहीं। मनु भाकर और ईशा सिह के पास महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में पदक जीतने का एक और मौका होगा। ईशा 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा की एंट्री लिस्ट में भी शामिल हैं।

## सीएबी ने ईडन गार्डन्स में सुरक्षा बढ़ाने की मांग

**कोलकाता, वार्ता।** बंगाल क्रिकेट संघ (सीएबी) ने रविवार से ईडन गार्डन्स में होने वाली भारत बनाम दक्षिण अफ्रीका श्रृंखला के पहले टेस्ट मैच के मद्देनजर कोलकाता पुलिस से सुरक्षा व्यवस्था और कड़ी करने का आग्रह किया है। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में सोमवार को हुए विस्फोट के मद्देनजर शहर हाई अलर्ट पर है। दिल्ली विस्फोट के बाद ईडन गार्डन्स और शहर के सभी महत्वपूर्ण मार्गों और सभी प्रवेश द्वारों पर सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद कर दी गई है।अतिरिक्त पुलिस व्यवस्था और व्यापक सुरक्षा घेरा लागू करने की मांग मुख्य रूप से दिल्ली में लाल किले के पास घातक कार बम विस्फोट को देखते हुए की गई है। कोलकाता पुलिस आयुक्त ने सोमवार को एक वीडियो कॉन्फ्रेंसिग में सभी पुलिस थानों के अधिकारियों को आगामी टेस्ट मैच के मद्देनजर सुरक्षा-व्यवस्था सही करने को कहा।

## पचुका ने मुख्य कोच जैमे लोजानो को हटाया

**मेक्सिको सिटी, वार्ता।** मेक्सिको के शीर्ष क्लब पचुका ने टीम के मैनेजर और मुख्य कोच जैमे लोजानो को पद से हटा दिया है। मेक्सिको के फुटबॉल पचुका ने सोमवार को यह घोषणा लीगा एमएक्स रेगुलर सीजन के आखिरी मैचडे पर सैंटोस लगुना से 1-0 से हारने के बाद की। इस हार के साथ पचुका तालिका में नौवें स्थान पर आ गया, जिससे हिडाल्गो-बेस्ड क्लब को सडन-डेथ प्ले-इन राउंड में खेलना पड़ा। पचुका की आधिकारिक वेबसाइट पर एक बयान में कहा गया है कि खुली बातचीत और आपसी सहमति के बाद, जैमे लोजानो और हमारे संस्थान ने हटाने का फैसला किया है। पचुका 19 नवम्बर को पुमास यूएनएएम की मेजबानी करेगा, जिसमें जीतने वाली टीम को अंतिम आठ में जगह बनाने के लिए क्लब तिजुआना और जुआरेज के बीच दूसरे प्ले-इन मुकाबले में हारने वाली टीम से भिड़ना होगा।

# 24 नवम्बर से होगा खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स

- **राज्य के साथ शहरों अजमेर जयपुर, भरतपुर, उदयपुर और कोटा और जोधपुर में यह गेम्स होंगे**




**जयपुर, वार्ता।** राजस्थान में युवाओं में खेलों के प्रति रुचि बढ़ाने तथा युवा खेल प्रतिभाओं को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मंच उपलब्ध कराने की दृष्टि से खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स का 24 नवम्बर से पांच दिसम्बर तक आयोजन किया जाएगा। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार पांचवें खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स (केआईयूजी) का आयोजन पहली बार राजस्थान में होगा। राज्य के सात शहरों अजमेर, जयपुर, भरतपुर, उदयपुर, कोटा एवं जोधपुर में ए गेम्स खेले जाएंगे। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देश पर राज्य सरकार खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स के सफल आयोजन की तैयारियां सुनिश्चित कर रही है। सभी संभागों में इस संबंध में जिला प्रशासनों द्वारा विभिन्न समिस्र्तियों का गठन कर दिया गया है। राजस्थान राज्य क्रीडा परिषद में भी इस संबंध में समिस्र्तियों का गठन कर गेम्स के भव्य आयोजन की तैयारियां की जा रही हैं। यूनिवर्सिटी गेम्स का सीधा प्रसार भारती द्वारा कराया जाएगा। मुख्यमंत्री स्तर पर यूनिवर्सिटी गेम्स के आयोजन की तैयारियों के संबंध में अधिकारियों को निरंतर निर्देशित किया जा रहा है। सभी खेल अधिकारियों द्वारा स्थानीय प्रशासन से समन्वय कर खेलों के सुनियोजित आयोजन की तैयारियां प्रारंभ कर दी गई हैं। जयपुर सहित सभी संभागीय मुख्यालयों पर खेल मैदान तैयार किए जा चुके हैं। सभी संबंधित विभाग भी आपसी समन्वय से इन खेलों की तैयारियों को लेकर काम कर रहे हैं। खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स में देशभर से लगभग 200 विश्वविद्यालय भाग लेंगे। बारह दिनों तक चलने वाले खेलों के इस महाकुंभ में 24 खेलों में सात हजार से ज्यादा एथलीट हिस्सा लेंगे। केन्द्र सरकार द्वारा आयोजित होने वाले इन खेलों का आयोजन संभागवार किया जाएगा, जिसके तहत जयपुर में 11, उदयपुर में तीन, अजमेर, भरतपुर, बीकानेर, जोधपुर एवं कोटा में दो-दो खेलों का आयोजन किया जाएगा। बुधवार को केआईयूजी के लोगो, मैस्काट, एंथम, टॉर्च और जर्सी का आमेर किला के जलेब चौक पर अनावरण किया जाना प्रस्तावित है। केआईयूजी 2025 में 23 पदक विजेता खेल और एक प्रदर्शन खेल शामिस्र्ल होंगे। पदक विजेता खेलों में तीरंदाजी, एथलेटिक्स, बैडमिस्र्टन, बास्केटबॉल, मुक्केबाजी, तलवारबाजी, फुटबॉल, हॉकी, जूडो, कबड्डी, मल्लखंभ, रग्बी, निशानेबाजी, तैराकी, टेबल टेनिस, टेनिस, वॉलीबॉल, भारोत्तोलन, कुश्ती, योगासन, साइकिलिग, बीच वॉलीबॉल, कैनोइंग और कयाकिग शामिस्र्ल हैं। खो-खो एक प्रदर्शन कार्यक्रम होगा। पहली बार, केआईयूजी में बीच वॉलीबॉल, कैनोइंग, कयाकिग और साइकिलिंग को शामिस्र्ल किया जा रहा है। खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स के माध्यम से जहां एक तरफ युवाओं में खेलों के प्रति जागरूकता को बढ़ावा मिलेगा। देश को नई-नई खेल प्रतिभाएं भी मिलेंगी, जिससे अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर देश-प्रदेश के खिलाड़ी खेलों में नए आयाम स्थापित करेंगे। इस आयोजन से राज्य में भी खेलों के परिदृश्य में सकारात्मक बदलाव आएंगे।

# मेलबर्न रेनेगेड्स ने सिडनी थंडर को रौंदा

- **कप्तान जॉर्जिया ने दो विकेट लेने के बाद 58 रनों की पारी खेलकर टीम को जिताया**

**एडिलेड, वार्ता।** कप्तान जॉर्जिया वेयरहम (दो विकेट/ 58 रन) के शानदार प्रदर्शन के दम पर मेलबर्न रेनेगेड्स ने बिग बैश लीग (बीबीएल) टूर्नामेंट में सिडनी थंडर के खिलाफ चार विकेट से जीत दर्ज की और लगातार दूसरी बार 'प्लेयर ऑफ द मैच' का पुरस्कार जीता।

चोटिल सोफी मोलिनक्स की जगह खेलते हुए वेयरहम ने 149 रनों के लक्ष्य का पीछा किए जाने के दौरान 32 गेंदों में 58 रन बनाए और इससे पहले लेग स्पिन गेंदबाज वेयरहम ने 25 रन देकर 2 विकेट भी लिए। वेयरहम ने सिर्फ दो दिन पहले ब्रिस्बेन हीट के खिलाफ बल्ले और गेंद दोनों से शानदार प्रदर्शन किया था और इस मैच में उन्होंने अपने प्रदर्शन को दोहराया। मैच के दौरान कई बार बारिश हुई, लेकिन खिलाड़ी खेलते रहे। थंडर ने अपने 20 ओवर में सात विकेट पर 148 रन बनाए, जिसके जवाब में लक्ष्य का पीछा करने उतरी




रेनेगेड्स एक समय 73 रन पर 5 विकेट खोकर मुश्किल में थी। ऐसे संकट के समय वेयरहम और निकोल फाल्टम (26 गेंदों में 37 रन) ने मिस्र्लकर मैच जिताने वाली साझेदारी की। जिससे मेजबान टीम 11 गेंदें बाकी रहते मुक. ाबला जीत गई।

इससे पहले, थंडर को जॉर्जिया वोल (26) और ताहलिया विल्सन (30) ने अच्छी शुरुआत दी थी। दोनों बल्लेबाजों ने पहले विकेट के लिए 60 रन जोड़े थे। इसके बाद 79 रन तक अपने चार विकेट गंवा दिए और इसका श्रेय काफी हद तक वेयरहम को जाता है। वेयरहम ने अपने चार सटीक ओवरों में थंडर की खतरनाक कप्तान फोबे लिचफील्ड को मात्र 12 रन पर आउट कर पवेलियन भेज दिया।

# धमाके के बाद उथल-पुथल

10 नवंबर की शाम 6.52 बजे दिल्ली में लाल किले के पास हुए कार धमाके के बाद हरियाणा, जम्मू-कश्मीर, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश और बिहार समेत 11 राज्यों में सुरक्षा कड़ी कर दी गई और चेकिंग बढ़ा दी है। यह जरूरी भी है क्योंकि आम चर्चा है कि आतंकी किसी भी तरह पुलवामा हमले के बाद हुई कार्रवाई का बदला लेना चाहते हैं। हालांकि हमारा खुफिया तंत्र एक बार फिर नाकाम हुआ और एक कार में हुए विस्फोट और लोगों के मरने की बात ने सभी को झकझोर दिया है। अगर समय रहते दिल्ली में घुसने से पहले बॉर्डर पर वाहनों की सघन चेकिंग होती, तो शायद इस कार को पकड़ा जा सकता था। हालांकि यह अभी तक स्पष्ट नहीं हुआ कि ब्लास्ट किस मारक क्षमता का था, लेकिन फिर भी जरूरी है कि किसी भी राज्य में घुसने से पहले दूसरे राज्यों से आए वाहनों की तलाशी लेना हमारे देश की पुलिस का काम है। इस धमाके के बाद 11 राज्यों में उथल-पुथल सी है और इनमें सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। पश्चिम बंगाल, मध्य प्रदेश, बिहार, केरल, तमिलनाडु, उत्तराखंड, पंजाब और गुजरात समेत 11 जिलों में पुलिस अलर्ट पर है। सख्त चेकिंग और पुलिस फोर्स दोगुनी कर दी गई है।यह बात उस कहावत को चरितार्थ कर रही है कि मुद्दई सुस्त और गवाह चुस्त। सुरक्षा एजेंसियों ने एहतियातन मेट्रो स्टेशन के 2 गेट बंद कर दिए हैं। लाल किले को भी 13 नवंबर तक लोगों के लिए बंद कर दिया गया है। शवों की जांच करने वाले एलएनजेपी अस्पताल के डॉक्टरों ने बताया कि आमतौर पर आईईडी विस्फोट में मृतकों के शरीर काले पड़ जाते हैं, लेकिन इस धमाके में ऐसा नहीं दिखा है। इसलिए अभी यह कहना मुश्किल है कि ये आतंकी हमला था या फिर कार के सिलेंडर में विस्फोट हुआ। अभी इस मामले पर जांच जारी है। पुलिस की प्रारंभिक जांच से पता चलता है कि विस्फोट में अमोनियम नाइट्रेट, फ्यूल और डेटोनेटर का इस्तेमाल किया गया है। दिल्ली से सटे प्रदेशों में हाई अलर्ट जारी किया है और कई राज्यों में सुरक्षा बढ़ा दी गई है। दिल्ली धमाके को फरीदाबाद टेरर मॉड्यूल से जोड़कर देखा जा रहा है। 11 राज्यों में हाई अलर्ट जारी कर दिया है और सभी बड़े धार्मिक स्थलों की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। जब सांप निकल गया, तो लाठी पीटने से क्या फायदा। ऐसे मामलों को लेकर देश के खुफिया तंत्र को और मजबूत करने की जरूरत है। पुलिसकर्मियों को खास ट्रेनिंग देने की जरूरत है, ताकि भविष्य में होने वाली घटनाओं को रोका जा सके। इस धमाके के बाद दहशतगर्दी से जुड़े मॉड्यूल्स पर कार्रवाई तेज हो गई है, जिसमें छापेमारी, गिरफ्तारियां और विस्फोटक बरामदगी शामिल है। गाड़ियों की चेंकिंग, रेल्वे स्टेशन और एयरपोर्ट पर भी सुरक्षा बढ़ाई है। धार्मिक स्थलों पर बैरिकेड्स लगाए गए हैं। दिल्ली भारत का दिल है। देश को चलाने वाले सभी बड़े मंत्रालय और कार्यालय स्थापित हैं। यहां की सुरक्षा इसलिए भी जरूरी है कि यदि इनमें से किसी को क्षति पहुंची, तो देश का भविष्य बर्बाद हो जाएगा। इसलिए पहली जिम्मेदारी खुफिया विभाग की बनती है, इसके बाद पुलिसबल का नंबर आता है। दिल्ली कार ब्लास्ट के तार अल-फलाह ट्रस्ट से जुड़ गए हैं.। 11 नवंबर को एनआईए ने अल-फलाह यूनिवर्सिटी (फरीदाबाद) में छापेमारी की। आरोप है कि जैश जैसे आतंकी संगठन फंड जुटाने और कट्टरपंथ के लिए कैंपस का इस्तेमाल कर रहे थे। ट्रस्ट और यूनिवर्सिटी दोनों के प्रमुख जव्वाद सिद्दीकी हैं, जो एक बड़े कारोबारी नेटवर्क के मालिक हैं। अल-फलाह का नाम, जो अब तक हरियाणा के नूंह में अपने चेरिटेबल ट्रस्ट और एक उलझे हुए कारोबारी नेटवर्क के लिए जाना जाता था।

## बिहार में चुनाव हार रही भाजपा



बिहार विधानसभा चुनाव पहले चरण के मतदान से ही यह स्पष्ट हो गया है कि भाजपा बिहार में चुनाव हार रही है, पहले चरण में लगभग आधा मतदान हुआ था, जिसमें जनता ने अपना रुख साफ कर दिया है, बिहार की जनता बदलाव चाहती है और महागठबंधन बहुमत से आगे निकल जाएगा,सपा विभाजन की राजनीति के खिलाफ है और वह एकजुटता, विकास और समावेशी सोच की राजनीति करती है, पार्टी कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण दे रही है ताकि वे अपने क्षेत्रों में मतदाता सूची में पात्र लोगों के नाम जुड़वाने और संगठन को मजबूत करने का काम करें, यह केवल राजनीतिक संघर्ष नहीं, बल्कि विचार और विजन की लड़ाई है, दिल्ली विस्फोट पर प्रधानमंत्री ने जांच का भरोसा दिया है, अब पूरे देश को इंतजार है कि सच्चाई सामने आए और दोषियों पर कार्रवाई हो। **-अखिलेश यादव, अध्यक्ष, समाजवादी पार्टी**

# बिहार में चुनाव और दिल्ली में विस्फोट





**अमरेंद्र राय**

**सचमुच इससे पहले देश में चुनाव और आतंकवादी घटनाओं का जुड़ाव नहीं होता था। आतंकवादी घटनाएं होती थीं, खूब होती थीं लेकिन शासक वर्ग की मंशा पर संदेह नहीं होता था कि किसी लाभ के लिए शासक वर्ग खुद इस तरह की घटनाएं करा रहा है या इन घटनाओं का राजनीतिक लाभ उठाने की को. शिश कर रहा है। लेकिन जब से पुलवामा की घटना घटी है तब से लोगों के मन में यह संदेह है कि इन घटनाओं के पीछे सरकार की कुछ न कुछ मंशा अवश्य है। यह सरकार अपने आप को बहुत ज्यादा ताकतवर बताती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जब विपक्ष में थे और गुजरात के मुख्यमंत्री थे तो सवाल उठाते थे कि सेना केंद्र के अधीन है। सीमाओं पर केंद्रीय बल तैनात हैं। फिर आतंकवादी भारत में घुस कैसे जाते हैं लेकिन वही मोदी जी अब जब खुद केंद्र में हैं यह नहीं बताते कि आतंकवादी कैसे भारत में घुस जाते हैं।**

बिहार में मंगलवार को 11 नवम्बर को दूसरे और आखिरी दौर का मतदान है। इससे एक दिन पहले सोमवार को दिल्ली में लाल किले के पास एक चलती कार में बम विस्फोट हुआ जिसमें नौ लोगों की मृत्यु की खबर है। देश की राजधानी नई दिल्ली से बिहार की राजधानी पटना की दूरी करीब एक हजार किलो मीटर है। क्या इन दोनों घटनाओं का आपस में कोई रिश्ता है?

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 2014 में सत्ता में आने के बाद देश में बहुत कुछ नया हो रहा है। सबसे खास बात यह है कि यह सरकार घटनाओं या कार्यक्रमों को आयोजन के रूप में पेश करती है। कुछ इस अंदाज में कि इससे पहले न तो देश में ऐसा कुछ हुआ न भविष्य में ऐसा कुछ हो सकता है। बात-बात में कहा जाता है कि पिछले सत्तर सालों में ऐसा कभी नहीं हुआ। हालांकि यह सब बेकार की मनगढ़ंत और झूठी बातें होती हैं, लेकिन दावा जरूर किया जाता है। इसे आप वर्तमान शासक वर्ग की कुंठा कह सकते हैं। ए हर मामले में अपनी तुलना उस क्षेत्र के ताकतवर व्यक्ति से करते हैं। जैसे देश में आम धारणा है कि पंडित जवाहर लाल नेहरू देश के सबसे सुयोग्य और विद्वान प्रधानमंत्री रहे हैं। उन्होंने तीन बार आम चुनाव जीते और प्रधानमंत्री बने। देश में अभी तक सबसे ज्यादा समय तक वही प्रधानमंत्री रहे। अब यहां दो काम किया जा रहा है। एक, हर मामले में नेहरू से अपनी तुलना और दो नेहरू जैसा जो काम नहीं कर सकते वहां उनकी बनाई लकीर को छोटा करना। आजकल आप आम तौर पर सुनते रहते होंगे कि नेहरू ने कितनी बड़ी-बड़ी गलतियां कीं। यहां तक कि अगर नेहरू नहीं प्रधानमंत्री बने होते तो देश का वंटवारा भी नहीं हुआ होता। हालांकि इन बातों में कोई सच्चाई नहीं है। इन बातों को वही लोग मानते हैं जिनका इतिहास का ज्ञान शून्य है। किताबों से दूर-दूर तक वास्ता नहीं है। इसी तरह देश की सबसे ताकतवर प्रधानमंत्री इंदि. रा गांधी को माना जाता है। उन्होंने पाकिस्तान को दो टुकड़ों में बांट दिया था। तो ताकतवर प्रधानमंत्री की बात होती है तो अब का शासक वर्ग अपनी तुलना इंदिरा गांधी से करता है। वे बताते हैं कि देश अब आतंकवाद बर्दाश्त नहीं करेगा। घर में घुसकर मारेगा। 2019 में पुलवामा की घटना के बाद घर में घुसकर मारा। अभी पीछे भी पहलगाम की घटना के बाद ऑपरेशन सिंदूर चलाया। कुल मिलाकर यह बताने की कोशिश की जाती है कि पिछले सत्तर सालों में इतना सुयोग्य और ताकतवर प्रधानमंत्री दूसरा नहीं हुआ। जबकि सच्चाई इसके बिल्कुल विपरीत है। जो व्यक्ति डर कर संसद का सामना न कर पाता हो, देश का एक राज्य मणिपुर जल रहा हो और वहां जाने की हिम्मत न जुटा पा रहा हो, विदेशों में लगातार अपमानित हो रहा हो, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप लगातार दावा कर रहे हैं कि व्यापार की धौंस जमाकर हमने भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध रुकवाया और अपने प्रधानमंत्री में इतना भी साहस नहीं है कि वो कह सकें कि ट्रंप झूठ बोल रहे हैं, वो नेहरू और इंदिरा गांधी की योग्यता और साहस का मुकाबला कहां से करेंगे ?

सचमुच इससे पहले देश में चुनाव और आतंकवादी घटनाओं का जुड़ाव नहीं होता था। आतंकवादी घटनाएं होती थीं, खूब होती थीं लेकिन शासक वर्ग की मंशा पर संदेह नहीं होता था कि किसी लाभ के लिए शासक वर्ग खुद इस तरह की घटनाएं करा रहा है या इन घटनाओं का राजनीतिक लाभ उठाने की कोशिश कर रहा है। लेकिन जब से पुलवामा की घटना घटी है तब से लोगों के मन में यह संदेह है कि इन घटनाओं के पीछे सरकार की कुछ न कुछ मंशा अवश्य है। यह सरकार अपने आप को बहुत ज्यादा ताकतवर बताती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जब विपक्ष में थे और गुजरात के मुख्यमंत्री थे तो सवाल उठाते थे कि सेना केंद्र के अधीन है। सीमाओं पर केंद्रीय बल तैनात हैं। फिर आतंकवादी भारत में घुस कैसे जाते हैं ? लेकिन वही मोदी जी अब जब खुद केंद्र में हैं यह नहीं बताते कि आतंकवादी कैसे भारत में घुस जाते हैं और आतंकवादी हरकत करके वापस भी चले जाते हैं। पुलवामा की घटना जहां हुई वह हाई सिक्योरिटी जोन है। वहां बिना चेकिंग के आम आदमी नहीं जा सकता। उस घटना को हुए छह साल हो चुके लेकिन आजतक यह पता नहीं चला कि वे आतंकवादी पाकिस्तान से भारत में कैसे घुसे? उतने हाई सिक्योरिटी जोन में कैसे पहुंचे? जिन जवानों को वायुयान के जरिए भेजा जाना चाहिए था, उन्हें सड़क के रास्ते क्यों भेजा गया? इतनी बड़ी मात्रा में विस्फोटक सामग्री कहां से आई? कुछ लोग शक जताते हैं कि मोदी जी की लोकप्रियता का ग्राफ तेजी से गिर रहा था। 2016 की नोटबंदी और 2017 में जीएसटी कानून लगाने के बाद मोदी जी से देश की जनता निराश थी और 2019 में इनके चुनाव जीतने की उम्मीद बिलकुल भी नहीं थी। चुनाव जीतने के लिए ही पुलवामा की साजिश रची गई। नतीजा यह हुआ कि चुनाव में इसका बखूबी लाभ उठाया गया और जहां बीज. पी और नरेंद्र मोदी के हारने की आशंका थी वहां पुलवामा के जरिए माहौल बनाकर पहले से भी ज्यादा सीटें जीती गईं। इसी तरह 2024 के चुनाव में चार सौ सीटें जीतने का दावा किया गया। लेकिन जनता ने मोदी जी को बहुमत भी नहीं दिया। सरकार बैसाखी पर आ गई। कुछ लोगों का कहना है कि तब जनता का ध्यान देश की समस्याओं से हटाने और लोकप्रियता बढ़ाने के लिए पहलगाम की घटना का उपयोग किया गया। ऐसे भी बहुत सारे लोग हैं जो मानते हैं कि पहलगाम की घटना भी राजनीतिक लाभ के लिए कराई गई। उस घटना के बाद मोदी जी ने पूरे देश में सिंदूर बंटवाने का अभियान छेड़ने की घोषणा की। पूरे देश में तिरंगा यात्रा निकाली गई। मतलब ए कि उस आतंकवादी घटना का राजनीतिक लाभ लेने की पूरी कोशिश की गई। अब जब बिहार में दूसरे चरण का मतदान है और उससे ठीक एक दिन पहले जब दिल्ली में बम विस्फोट हुआ है तो बहुत सारे लोगों के मन में ए सवाल खड़ा हो गया है कि क्या पुलवामा और पहलगाम की घटना की तरह यह घटना भी राजनीतिक लाभ के लिए कराई गई है ? क्या बिहार में मतदान को प्रभावित करने या अपने पक्ष में वोटों के ध्रुवीकरण के लिए इस घटना का उपयोग किया जाएगा ? बिहार के नतीजे दो दिन बाद 14 नवंबर को आएंगे। शायद तब इस सवाल का जवाब मिल पाए।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# मतदाता सूची का गहन पुनरीक्षण, जिम्मेदारी की नई पहल



**मौ. सुलेमान**

मतदाता सूची का गहन पुनरीक्षण इस समय पूरे देश में चर्चा और बहस का विषय बना हुआ है। सत्ता पक्ष और विपक्ष एक दूसरे पर आरोप और प्रत्यारोप लगा रहे हैं मगर भारतीय लो. कतंत्र की सबसे बड़ी ताकत उसकी जागरूक जनता है और जब यही जागरूक जनता अपने मताधिकार का सही प्रयोग करती है, तब लोकतंत्र वास्तव में मजबूत होता है। लेकिन यह तभी संभव है जब मतदाता सूची न केवल व्यापक हो, बल्कि सटीक, पारदर्शी और भरोसेमंद हो। लोकतंत्र में इसी भरोसे को बनाए रखने के लिए भारतीय चुनाव आयोग द्वारा मतदाता सूची का गहन पुनरीक्षण अर्थात स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन अभियान की शुरुआत की गई है। जिसका मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि एक भी सच्चे भारतीय नागरिक का नाम मतदाता सूची से न हटे लेकिन एक भी गलत प्रविष्टि नहीं होनी चाहिए।

मतदाता सूची का यह गहन पुनरीक्षण अभियान सिर्फ एक औपचारिक प्रशासनिक कार्य नहीं है बल्कि यह लोकतंत्र की आत्मा में सुधार का यज्ञ है। भारतीय चुनाव आयोग का तर्क है कि प्रवासन, मृत्यु, दोहरी प्रविष्टियों, और अपूर्ण रिकॉर्ड्स के कारण जो असंगतियां वर्षों से बढ़ती गई हैं उन्हें अब व्यवस्थित करने का कार्य किया जा रहा है। संविधान के अनुच्छेद 324 और लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 के अंतर्गत चुनाव आयोग को यह अधिकार प्राप्त है कि वह समय समय पर मतदाता सूची का पुनरीक्षण कर सके ताकि हर पात्र भारतीय नागरिक का नाम सूची में बना रहे और कोई भी अपात्र प्रविष्टि लोकतंत्र की पवित्रता को क्षति न पहुंचा सके।

हाल ही में इस पहल की शुरुआत सबसे बिहार से हुई, जहां 2003 की सूची को आधार बनाकर एक व्यापक सत्यापन अभियान चलाया गया। अब यही प्रक्रिया देश के 9 राज्यों और 3 केंद्रशासित प्रदेशों में 4 नवम्बर से आरंभ हो चुकी है जिनमें उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, राजस्थान, पश्चिम बंगाल, गुजरात, केरल, तमिलनाडु, छत्तीसगढ़, गोवा, पुडुचेरी, अंडमान-निकोबार और लक्षद्वीप शामिल हैं। भारतीय चुनाव आयोग द्वारा 28 अक्टूबर 2025 को इन राज्यों की मतदाता सूचियों को फ्रीज कर दिया गया है ताकि बिना गहन पुनरीक्षण किए कोई प्रविष्टि शामिल की जाए और न ही हटाई जाए। 4 नवम्बर 2025 से 31 जनवरी 2026 तक गहन पुनरीक्षण की यह प्रक्रिया चलेगी, जिसके उपरांत नई मतदाता सूची 7 फरवरी 2026 को प्रकाशित की जाएगी।




कई जगहों पर यह भ्रम फैलाया जा रहा है कि मतदाता सूची का यह गहन पुनरीक्षण द्धैप्प ऋ का उद्देश्य नाम हटाना या मताधिकार सीमित करना है। या यह किसी एक समुदाय विशेष के लोगों के नाम हटाने के लिए किया जा रहा है। यह धारणा पूरी तरह गलत है। यह कार्रवाई किसी को निशाना बनाने के लिए नहीं की जा रही है बल्कि यह सभी के लिए समान और पारदर्शी प्रक्रिया है। आयोग ने स्पष्ट किया है कि यदि किसी व्यक्ति या उसके माता-पिता का नाम 2003 की सूची में दर्ज है, तो उसे किसी अतिरिक्त दस्तावेज की आवश्यकता नहीं। जिनके नाम नहीं हैं, उन्हें भी किसी प्रकार घबराने की आवश्यकता नहीं है। उन्हें बस अपनी पहचान, जन्म या निवास के प्रमाण देने होंगे ताकि उनकी सही पहचान कर उन्हें नई मतदाता सूची में शामिल किया जा सके। और जो मूल रूप से सच्चे भारतीय हैं उन्हें किसी भी प्रकार से डरने या घबराने की आवश्यकता नहीं है। इस प्रक्रिया में बूथ लेवल अधिकारी BLO घर-घर जाकर सत्यापन का कार्य करेंगे आयोग ने यह भी सुनिश्चित किया है कि बूथ लेवल अधिकारी अधिकतम तीन बार घरों का दौरा करेंगे, ताकि किसी का नाम केवल अनुपस्थिति के कारण न हटे। और जिन नागरिकों से संपर्क न हो सके, उन्हें भी घबराने की जरूरत नहीं है उनके लिए ऑनलाइन माध्यम से विवरण अपडेट करने की सुविधा भी दी गई है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# 25 वर्षों में सुधरी राज्य की सेहत, सुलभ हुई स्वास्थ्य सुविधाएं

## सुदूरवर्ती अस्पतालों में पहुंचे डॉक्टर, आम लोगों को मिला उपचार, 2182 पंचायतें हुई टीबी मुक्त, चार धाम यात्रियों का भी रखा ख्याल



**एस. आलम अंसारी**

उत्तराखंड का गठन जिन उद्देश्यों को लेकर हुआ था, उसके मूल में जनसुलभ एवं गुणवत्तापरक स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार भी शामिल था। विगत 25 वर्षों में राज्य सरकार ने इस दिशा में उल्लेखनीय प्रगति की है। विषम भौगोलिक परिस्थितियों के बावजूद स्वास्थ्य सुविधाओं का जाल प्रदेश के कोने-कोने तक फैला। राज्य सरकार ने सुदूरवर्ती एवं दुर्गम क्षेत्रों में चिकित्सकों की नियुक्ति कर आम जनता को स्थानीय स्तर पर उपचार मुहैया कराया। स्वास्थ्य उपकेन्द्रों से लेकर जिला अस्पतालों को आधुनिक संसाधनों से लैस किया गया, जिससे ग्रामीण अंचलों में भी बेहतर चिकित्सा सेवाएं सुनिश्चित हो सकी है।

**स्वास्थ्य सेवाओं को मिला विस्तार**

राज्य में चिकित्सा सुविधाओं की गुणवत्ता सुधारने तथा चिकित्सा इकाईयों में एकरूपता स्थापित करने के लिए आईपीएचएस मानकों को लागू किया गया। उक्त मानकानुसार वर्तमान में 13 जिला चिकित्सालय, 21 उप जिला चिकित्सालय, 80 सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, 525 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र टाईप-ए, 52 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र टाईप-बी, 25 अन्य चिकित्सा इकाईयां तथा 1998 मातृ शिशु कल्याण केन्द्र द्धउपकेन्द्रऋ स्थापित हैं। जहां पर आम जनमानस को सुलभ चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही है। इसके अतिरिक्त 6 उप जिला चिकित्सालय, 6 साम. ुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, 9 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के उच्चीकरण को सरकार ने स्वीकृति प्रदान की है, जिनके निर्माण एवं संचालन की कार्यवाही गतिमान है। इसके अलावा 100 शैय्यायुक्त मानसिक चिकित्सालय क्रमशः सेलाकुई देहरादून व गेठिया नैनीताल में निर्माणाधीन हैं। आईपीएचएस मानकों के अनुरूप चिकित्सा इकाईयों में एलोपैथिक चिकित्साधिकारी, फार्मासिस्ट, डीआरए/फिजियोथैरेपिस्ट एवं नेत्र सहायक संवर्गों का चिन्हिकरण किया जा चुका है। शेष संवर्गों की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है। जबकि भारत सरकार के सहयोग से जिला चिकित्सालय उत्तरकाशी, गोपेश्वर, बागेश्वर तथा उप जिला चिकित्सालय रूड़की में 200 शैय्यायुक्त जबकि उप जिला चिकित्सालय मोतीनगर, हल्द्वानी, नैनीताल में 50-50 शैय्यायुक्त क्रीटीकल केयर ब्लॉक का निर्माण गतिमान है। देश में पहली बार हेली एम्बुलेंस सेवा का संचालन एम्स ऋषिकेश के सहयोग से किया जा रहा है।

**साधन सम्पन्न बनी चिकित्सा इकाईयां**

राज्यभर की चिकित्सा इकाईयों में आधुनिक चिकित्सा उपकरण उपलब्ध कराए गए हैं ताकि मरीजों की सटीक जांच हो सके। वर्तमान में सभी जिला अस्पतालों में प्रमुख रूप से सीटी स्कैन मशीन, अल्ट्रासाउंड मशीन व एक्स-रे मशीन स्थापित की गई है। जबकि समस्त उप जिला चिकित्सालयों में अल्ट्रासाउण्ड मशीन व एक्स-रे मशीन उपलब्ध है। इसके अलवा जिला चिकित्सालय हरिद्वार व पौड़ी के बेस चिकित्सालय, कोटद्वार में एमआरआई मशीन स्थापित की गई है। इसके साथ ही जिला चिकित्सालय देहरादून व बेस चिकित्सालय, हल्द्वानी में मैमो ग्राफी मशीन भी स्थापित है।

**दुर्गम क्षेत्रों में हुई डॉक्टरों की तैनाती**

विगत 25 वर्षों में सरकार ने चिकित्सकों की कमी को दूर कर सुदूरवर्ती चिकित्सा इकाईयों में भी चिकित्सकों व पैरामेडिकल स्टॉफ की तैनाती की। जिससे आम लोगों को स्थानीय स्तर पर उपचार सुलभ हो पाया। राज्य गठन के समय स्वास्थ्य विभाग के अंतर्गत पीएमएचएस संवर्ग में चिकित्सा अधिकारियों के 1621 पद स्वीकृत थे, सरकार ने 1264 और पदों को स्वीकृत कर प्रदेश के चिकित्सालयों में डॉक्टरों की संख्या में इजाफा किया। वर्तमान में चिकित्सकों के कुल 2885 पद सृजित हैं। समय-समय पर सरकार ने रिक्त पदों को भर कर स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत किया। वर्तमान में चिकित्सकों के बैकलॉग के 220 पदों को भर कर दुर्गम चिकित्सा इकाईयों में चिकित्सकों को तैनाती दी गई। इसके अलावा विशेषज्ञ चिकित्सकों की कमी को देखते हुए चिकित्सकों की सेवानिवृत्ति की आयु 60 से 65 वर्ष कर दी गई है। स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने के उद्देश्य से सरकार ने कड़ा रूख अपनाकर लम्बे समय से गायब 56 चिकित्सकों को बर्खास्तगी का रास्ता भी दिखाया।

**नर्सिंग अधिकारियों की बम्पर भर्ती**

राज्य सरकार ने 1399 नर्सिंग अधिकारियों की बम्पर भर्ती कर अस्पतालों में स्वास्थ्य सुविधाओं को मजबूत किया। राज्य गठन के दौरान एएनएम के 1933 पद स्वीकृत थे, जिनमें 362 पदों की वृद्धि की गई। वर्तमान में एएनएम के स्वीकृत पदों की संख्या 2295 है। विगत 25 वर्षों में सरकार द्वारा एएनएम के 1918 पदों पर भर्ती की जा चुकी है। इसके अलावा चिकित्सा सेवा चयन बोर्ड के माध्यम से 34 एक्स-रे टेक्नीशियन सहित अन्य पैरामेडिकल स्टॉफ की भर्ती भी की गई।

**संकटमोचक बनी 108 आपातकालीन सेवा**

सूबे के स्वास्थ्य क्षेत्र में 108 आपातकालीन सेवा ने नया मोड़ लाया। आपात स्थिति में लोगों को तत्काल एम्बुलेंस उपलब्ध होने से यह सेवा आम लोगों के लिए संकटमोचक साबित हुई। वर्ष 2008 से संचालित 108 आपातकालीन सेवा में वर्तमान में 272 एम्बुलेंस का बेड़ा है। जिसमें 217 बीएलएस, 54 एएलएस व एक बोट एम्बुलेंस शामिल है। वर्ष 2019 से अगस्त 2025 तक कुल 879105 लाभार्थियों को 108 आपातकालीन सेवा प्रदान की गई, जो कि एक रिकॉर्ड है।

**लोक निजी सहभागिता का आम लोगों को मिला लाभ**

प्रदेश में लोक निजी सहभागिता के माध्यम से आम लोगों को कई स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान की जा रही है। जिसमें डायलिसिस, कार्डिक केयर, टीबी टेस्टिंग आदि शामिल है। राज्य में लोक निजी सहभागिता के तहत नेफ्रो डायलिसिस यूनिट क्रमशः जिला चिकित्सालय देहरादून, सोबन सिंह जीना बसे चिकित्सालय हल्द्वानी में स्थापित की गई है।



राज्य सरकार का संकल्प है कि प्रदेश के प्रत्येक नागरिकों को स्थानीय स्तर पर गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध हो। आने वाले समय में स्वास्थ्य क्षेत्र में नवाचार, डिजिटल स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार और सुपर स्पेशियलिटी चिकित्सा सुविधाओं की दिशा में और ठोस कदम उठाए जाएंगे।

**-डॉ. धन सिंह रावत, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री, उत्तराखंड।**

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

## संक्षिप्त समाचार

### अमेरिका ने सीरिया पर लगे प्रतिबंधों को अस्थाई रूप से हटाया

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने व्हाइट हाउस में सीरियाई राष्ट्रपति अहमद अल-शरा के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक में द्विपक्षीय संबंधों को मज़बूत करने, क्षेत्रीय शांति और अंतर्राष्ट्रीय मामलों पर चर्चा की। अरब मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, ट्रंप ने बैठक के बाद सीरियाई राष्ट्रपति की प्रशंसा की और कहा कि मैं सीरियाई राष्ट्रपति को पसंद करता हूं और हम यह सुनिश्चित करने के लिए हर संभव प्रयास करेंगे कि सीरिया कामयाब हो, क्योंकि यह मध्य पूर्व का हिस्सा है।

### अमेरिकी सैन्य हमलों में पूर्वी प्रशांत क्षेत्र में छह लोग मारे गए

**वाशिंगटन।** अमेरिका के रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने कहा है कि रविवार को पूर्वी प्रशांत क्षेत्र में अंतर्राष्ट्रीय जलक्षेत्र में कथित तौर पर मादक पदार्थ ले जा रही दो नौकाओं को निशाना बनाकर किए गए दो अमेरिकी हमलों में छह आतंकवादी मारे गए। हेगसेथ ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि राष्ट्रपति ट्रंप के निर्देश पर आतंकवादी संगठनों द्वारा संचालित दो नौकाओं पर दो घातक हमले किए गए। उन्होंने कहा कि दोनों हमले अंतर्राष्ट्रीय जलक्षेत्र में किए गए। और प्रत्येक नौका पर मादक पदार्थों को ले जा रहे तीन आतंकवादी सवार थे। इन हमलों में सभी छह आतंकवादी मारे गए।

### हमास ने 11 साल बाद इजरायली सैनिक का शव सौंपा

**गाजा।** इजरायल को 11 साल बाद अपने सैनिक लेफ्टिनेंट हदार गोल्डिन का शव वापस मिला है। हदार गोल्डिन की उम्र उस समय 23 साल थी, जब वे 2014 में गाजा में हमास के हमले में मारे गए थे। इजरायली सेना (आईडीएफ) ने पुष्टि की कि गोल्डिन के शव की पहचान हो गई है और अब उन्हें पूरे राजकीय सम्मान के साथ दफनाया जाएगा। उनकी अंतिम यात्रा में हजारों लोग शामिल हुए। हमास के मिलिट्री विंग ने रविवार को घोषणा की थी कि वह सीजफायर डील के पहले चरण के तहत गोल्डिन का शव सौंप देगा।

### पाक की प्रख्यात विद्वान व साहित्यकार डा. आरिफा सैयदा ज़हरा का निधन

**लाहौर।** पाकिस्तान महिला आयोग की पूर्व अध्यक्ष, शिक्षाविद्, बुद्धिजीवी और प्रख्यात मानवाधिकार कार्यकर्ता डा. आरिफा सैयदा ज़हरा (83) का यहां सोमवार देर शाम निधन हो गया। डा. आरिफा एक प्रख्यात शिक्षाविद्, विचारक और मानवाधिकारों की पैरोकार थीं। उन्होंने सामाजिक विज्ञान के क्षेत्र में विशिष्ट ख्याति हासिल की। वह उर्दू साहित्य और भाषा के अपने विशद ज्ञान के लिए जानी जाती थीं। वह 50 से अधिक वर्षों तक शिक्षण के क्षेत्र से जुड़ी रहीं।



जम्मू। नगरोटा विधानसभा उपचुनाव के दौरान वोट डालने के बाद मतदाता स्याही लगी उंगली दिखाते हुए।

## पाक के खैबर पख्तूनख्वा में आईईडी विस्फोट, 16 सुरक्षाकर्मी घायल

**इस्लामाबाद।** पेशावर (पाकिस्तान) पाकिस्तान के उत्तर-पश्चिमी खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में सुरक्षा बलों के काफिले को निशाना बनाकर किए गए इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी) विस्फोट में कम से कम 16 जवान घायल हो गए। एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पाकिस्तानी सेना और फंटियर कोर के जवानों का यह काफिला डेरा इस्माइल खान जिले की लोनी चौकी से लौट रहा था तभी सोमवार देर रात लोनी गांव में आईईडी विस्फोट हुआ। इस बीच, सुरक्षा अधिकारियों ने बताया कि सोमवार को अफगानिस्तान की सीमा से लगे दक्षिण वजीरिस्तान जिले में कैडेट कॉलेज के मुख्य द्वार पर एक आत्मघाती हमलावर द्वारा किए गए विस्फोट में छह लोग घायल हो गए। सुरक्षा अधिकारियों के अनुसार, कैडेट कॉलेज वाना पर हमला कथित तौर पर प्रतिबंधित तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) ने किया था।

# इस्लामाबाद कोर्ट कैंपस ब्लॉस्ट में 12 की मौत

## 36 घायल, हमलावर ने खुद को उड़ाया



■ प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ का आरोप: भारत ने इस्लामाबाद में धमाके करवाए

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद में डिस्ट्रिक्ट कोर्ट के पास मंगलवार को दोपहर 1 बजे (भारतीय समय के मुताबिक) जोरदार धमाका हुआ। पाकिस्तानी मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक इसमें 12 लोगों की मौत हुई, जबकि 36 घायल हुए हैं।

पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ ने मंगलवार को हुए इस्लामाबाद कोर्ट में हुए सुसाइड अटैक के लिए भारत को जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने दावा किया कि यह हमला और अफगान सीमा के पास कैडेट कालेज पर हुआ हमला, दोनों ही इंडिया स्पांसर्ड आतंकवादी घटनाएं हैं। धमाके की आवाज इतनी तेज थी कि यह पुलिस लाइन्स हेडक्वार्टर तक सुनी गई, जिससे आसपास के इलाकों में दहशत फैल गई। हादसे के तुरंत बाद रेस्क्यू टीम और सुरक्षाबल मौके पर पहुंचे और पूरे क्षेत्र को घेरकर जांच शुरू की। पीएम शहबाज ने बयान जारी कर कहा, भारतीय आतंकियों के आतंकी हमलों की मैंने कड़ी निंदा की है। मैंने घटना की तुरंत जांच करने का आदेश दिया है। जो भी दोषी पाया जाएगा उसे कड़ी से कड़ी सजा दिलाई जाएगी। पीएम शहबाज ने आगे कहा-हम बेगुनाह पाकिस्तानियों का खून बर्बाद नहीं होने देंगे। हम आतंकवाद को मिटाने तक संघर्ष जारी रखेंगे। शहबाज ने आगे कहा कि अब समय आ गया है कि दुनिया भारत की इन साजिशों की निंदा करे। भारत का यह चेहरा अब पूरे दुनिया के सामने बेनकाब हो चुका है। पाकिस्तानी जियो न्यूज के मुताबिक, यह विस्फोट एक सुसाइड अटैक था। अधिकारियों ने बताया कि हमलावर का सिर घटनास्थल पर मिला है, जिससे आत्मघाती हमले की पुष्टि हुई है। वहीं, इस हमले को लेकर पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने कहा है कि देश अब 'जंग की स्थिति' में है। उन्होंने इस हमले के लिए अफगान सरकार को जिम्मेदार ठहराया। आसिफ ने कहा कि यह हमला दिखाता है कि अब यह लड़ाई सिर्फ सीमा इलाकों तक सीमित नहीं रही, बल्कि पूरे देश में फैली हुई है। धमाके के समय कोर्ट हाउस इलाके में भारी ट्रैफिक था, जिसके कारण आसपास खड़े कई लोग भी घायल हो गए। सभी घायलों को तुरंत पीआईएमएस अस्पताल ले जाया गया। धमाके के बाद इलाके की घेराबंदी कर दी गई और सुरक्षा बलों ने पूरे क्षेत्र को सील कर दिया। अदालत परिसर को खाली करा लिया गया, वकीलों, न्यायाधीशों और अन्य नागरिकों को सुरक्षित बाहर निकाला गया। न्यायिक परिसर के पीछे से लोगों को बाहर जाने की अनुमति दी गई, जबकि न्यायाधीशों को भी वहां से सुरक्षित स्थान पर पहुंचा दिया गया। इस्लामाबाद धमाके से एक दिन पहले पाकिस्तानी आर्मी ने खैबर पख्तूनख्वा के वाना शहर में एक आर्मी कालेज पर आतंकी हमले की साजिश को नाकाम किया था। एजेंसी एपी के मुताबिक, 6 पाकिस्तानी तालिबान लड़ाके इस कालेज पर हमला करने पहुंचे थे।

# दुनियाभर में लाल किला विस्फोट की कड़ी निंदा

## विश्व नेताओं और विदेशी दूतों ने घातक विस्फोट पर दुख जताया, भारत के साथ एकजुटता व्यक्त की



■ इस घटना से 'स्तब्ध' हैं व विश्वास व्यक्त किया कि चल रही जांच से घटना के कारणों का पता चल जाएगा: डेनिस
■ पीड़ितों के परिवारों के प्रति संवेदना और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं

**नई दिल्ली।** विश्व नेताओं और विदेशी दूतों ने सोमवार शाम दिल्ली के लाल किले के पास हुए घातक विस्फोट पर दुख जताया और भारत के साथ एकजुटता व्यक्त की है। भारत में रूसी राजदूत डेनिस अलीपोव ने कहा कि वह इस घटना से 'स्तब्ध' हैं और विश्वास व्यक्त किया कि चल रही जांच से घटना के कारणों का पता चल जाएगा।

अलीपोव ने एक्स पर लिखा कि लाल किले में हुए विस्फोट से स्तब्ध हूं। मुझे विश्वास है कि चल रही गहन जांच से घटना के कारणों का पता चल जाएगा। पीड़ितों के परिवारों के प्रति संवेदना और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं। भारत में चीनी राजदूत जू फेइहोंग ने भी अपनी संवेदना और एकजुटता व्यक्त की और एक्स पर लिखा कि दिल्ली के लाल किला मेट्रो स्टेशन के पास हुए विस्फोट से दुखी हूं। पीड़ितों के प्रति मेरी गहरी संवेदना है, और मेरी संवेदनाएं सभी प्रभावित लोगों के साथ हैं। इजरायली विदेश मंत्री गिदोन सार ने भारत के लोगों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि मैं भारत के लोगों और विशेष रूप से दिल्ली के बीच में हुए विस्फोट में मारे गए निर्दोष पीड़ितों के परिवारों के प्रति अपनी और इज़राइल की गहरी संवेदना व्यक्त करता हूं। भारत में इजरायली राजदूत रूवेन अज़ार ने इस घटना को 'हृदयविदारक' बताया और बचाव दल की त्वरित प्रतिक्रिया की प्रशंसा की। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के अनुसार यह विस्फोट सुभाष मार्ग ट्रैफिक सिग्नल के पास हुआ और इसमें एक कार शामिल थी जिससे आस-पास के वाहनों को नुकसान पहुंचा। शाह ने कहा कि कई एजेंसियां सभी संभावित पहलुओं की जांच कर रही हैं। दिल्ली पुलिस ने यूएपीए, विस्फोटक अधिनियम और भारतीय दंड संहिता की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। दिल्ली के सबसे व्यस्त हेरिटेज क्षेत्रों में से एक में हुए इस विस्फोट के बाद सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है और 'देशव्यापी अलर्ट' जारी कर दिया गया है क्योंकि जांचकर्ता इसके कारणों का पता लगाने और जिम्मेदार लोगों की पहचान करने में लगे हैं। श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके और विपक्ष के नेता साजिथ प्रेमदासा ने भी हमले की निंदा की। प्रेमदासा ने इसे 'आतंकवादी हमला' करार दिया और आतंकवाद से निपटने के लिए वैश्विक एकता का आह्वान किया। दिल्ली स्थित कनाडा और अमेरिकी दूतावासों ने भी शोक संदेश जारी किए हैं। अमेरिकी दूतावास ने अपने नागरिकों को लाल किले और चांदनी चौक के आसपास के इलाकों में जाने से बचने की सलाह दी है। गौरतलब है कि दिल्ली में हुए विस्फोट में 10 लोगों की मौत हो गई और 24 अन्य घायल हो गए।

## दिल्ली धमाके पर पाकिस्तानी मीडिया ने लिखा: ब्लॉस्ट ने भारत को हिला दिया

नई दिल्ली। दिल्ली में सोमवार शाम को लाल किले के पास कार ब्लॉस्ट मामले को वर्ल्ड मीडिया प्रमुखता से कवर कर रहा है। पाकिस्तानी मीडिया डान ने लिखा कि दिल्ली के लाल किले के पास सोमवार शाम एक भीषण धमाका हुआ, जिसमें कम से कम 8 लोगों की मौत और 20 से ज्यादा लोग घायल हो गए। लाल किला, जो 17वीं सदी का मुगलकालीन किला है, भारत का ऐतिहासिक स्थल है। इस इलाके में सुरक्षा हमेशा कड़ी रहती है, इसलिए इस धमाके ने पूरे देश को हिला दिया है। बीबीसी ने इस घटना को कवर करते हुए लिखा कि भारत की राजधानी दिल्ली के लाल किले के पास सोमवार शाम एक कार में हुए धमाके से राजधानी दहल उठी। द गार्डियन ने लिखा कि दिल्ली के लाल किले के पास सोमवार को एक कार में हुए जोरदार धमाके में कम से कम 8 लोगों की मौत हो गई और कई लोग घायल हो गए। धमाके से आसपास खड़ी कई गाड़ियां जलकर खाक हो गईं।

## सीमा पार से आतंकवाद व अवैध हथियार की तस्करी जारी

■ भारत ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद म बिना नाम लिए पाकिस्तान को घेरा

**न्यूयॉर्क।** भारत ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में सख्त लहजे में कहा कि देश लंबे समय से सीमा पार से आने वाले आतंकवाद और अवैध हथियारों की तस्करी का शिकार रहा है। भारत ने बिना नाम लिए पाकिस्तान पर हमला करते हुए कहा कि अब ड्रोन के जरिए भी हथियार भारत में भेजे जा रहे हैं। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि पर्वथानेनी हरीश ने 'स्मॉल आर्म्स' पर खुले विचार-विमर्श के दौरान कहा कि यूएनएससी को ऐसे हथियारों की आवाजाही और इस्तेमाल को बढ़ावा देने वालों के प्रति जीरो टॉलरेंस नीति अपनानी चाहिए।

हरीश ने कहा भारत ने कई दशकों तक आतंकवाद की भयावहता झेली है। छोटे हथियारों और गोला-बारूद की अवैध तस्करी और आतंकवादी संगठनों तक इसकी पहुंच बेहद चिंता का विषय है। भारत का यह बयान उस समय आया जब दिल्ली के लाल किले के पास एक कार में जोरदार धमाका हुआ, जिसमें कम से कम 10 लोगों की मौत हो गई और कई घायल हो गए। हरीश ने कहा कि ऐसे हमलों के पीछे सीमा पार से तस्करी कर लाए गए हथियारों का हाथ होता है। हरीश ने कहा भारत ने सीमा पार से आने वाले आतंकवाद का सामना किया है, जहां अवैध हथियारों की तस्करी अब ड्रोन के माध्यम से भी की जा रही है। उन्होंने कहा कि इन आतंकी समूहों के पास इतने आधुनिक हथियार तभी संभव हैं जब उन्हें बाहर से वित्तीय और तकनीकी सहायता मिल रही हो। भारत ने यूएनएससी से आग्रह किया कि वह आतंकवादियों और सशस्त्र समूहों को हथियार पहुंचाने वालों के खिलाफ कठोर और समन्वित कदम उठाए। हरीश ने कहा सुरक्षा परिषद को आतंकवाद के किसी भी रूप या उसे समर्थन देने वालों के प्रति सहिष्णुता नहीं दिखानी चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि हथियार प्रतिबंध संघर्ष क्षेत्रों में हथियारों के प्रवाह को रोकने का एक प्रभावी तरीका है, लेकिन इसे निष्पक्ष और सख्ती से लागू किया जाना चाहिए। भारत ने कहा कि छोटे हथियारों और हल्के हथियारों की तस्करी न केवल सुरक्षा बल्कि विकास और मानवीय पहलुओं को भी प्रभावित करती है।

# सीमा बंदी से पाक को रोज करोड़ों का नुकसान

## पाक और अफगान के बीच सीमा व्यापार पूरी तरह ठप



■ दोनों देशों की अर्थव्यवस्था पर गंभीर असर

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच सीमा व्यापार पूरी तरह ठप हो गया है। इससे दोनों देशों की अर्थव्यवस्था पर गंभीर असर पड़ रहा है। बलूचिस्तान के कारोबारी संगठनों ने चेतावनी दी है कि सीमा बंदी के कारण पाकिस्तान को हर दिन करीब 200 मिलियन पाकिस्तानी रुपये का नुकसान हो रहा है।

इससे सीमावर्ती इलाकों में हजारों व्यापारी और मजदूर बेरोजगारी के संकट में फंस गए हैं। चमन चैंबर ऑफ कामर्स एंड इंडस्ट्री (सीसीसीआई) के अध्यक्ष हाजी अब्दुल नफाय जान अचकजई ने मंगलवार को कराची में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया कि सैकड़ों पाकिस्तानी व्यापारी और कामगार अफगानिस्तान में फंसे हुए हैं। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान-अफगान सीमा के सभी प्रमुख बार्डर पाइंट चमन, तोरखम और अंगूर अढा पर व्यापार पूरी तरह रुका हुआ है। इससे पाकिस्तान का मध्य एशियाई देशों से व्यापार भी प्रभावित हुआ है। अचकजई ने बताया कि दोनों देशों के बीच होने वाले अधिकांश निर्यात और आयात नाशवान वस्तुओं से संबंधित हैं। लंबे समय तक बंदी रहने से फलों, दवाओं, कपड़ों और अन्य सामान का नुकसान हो रहा है। उन्होंने कहा कि कई व्यापारियों के पासपोर्ट पर लगी वीज़ा अवधि खत्म हो चुकी है और वे अफगानिस्तान में फंसे हुए हैं। सीसीसीआई अध्यक्ष ने कहा कि सीमा बंदी से आपूर्ति श्रृंखला पर गहरा प्रभाव पड़ा है और यदि स्थिति लंबी चली तो पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था को बड़ा झटका लग सकता है। उन्होंने कहा कि इस बंदी से पाकिस्तान के आयात-निर्यात को रोज़ाना करीब 850 मिलियन पाकिस्तानी रुपये का अनुमानित नुकसान हो रहा है।

# मोदी और भूटान नरेश ने किया बड़ी परियोजना का उद्घाटन

■ हमने ऊर्जा, क्षमता निर्माण, संपर्क, प्रौद्योगिकी, रक्षा और सुरक्षा जैसे क्षेत्रों में सहयोग पर चर्चा की

**थिम्फू।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को भूटान के राजा जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक से मुलाकात की। इस मुलाकात के दौरान ऊर्जा, क्षमता निर्माण, कनेक्टिविटी, तकनीकी, रक्षा और सुरक्षा विषयों पर व्यापक चर्चा हुई।

दोनों देशों के बीच प्रतिनिधियों के स्तर की बातचीत के बाद पीएम मोदी और भूटान के राजा ने संयुक्त रूप से 1020 मेगावाट पुनात्सांगछू- आईआई जल-विद्युत परियोजना का उद्घाटन किया। पुनातसंगचू-आईआई जलविद्युत परियोजना का निर्माण भारत और भूटान ने संयुक्त रूप से किया है। पीएम नरेंद्र मोदी ने इस मुलाकात के बाद सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए लिखा कि भूटान के राजा जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक के साथ बहुत अच्छी बैठक हुई। हमने भारत-भूटान के संबंधों के हर पहलू पर चर्चा की। हमने ऊर्जा, क्षमता निर्माण, संपर्क, प्रौद्योगिकी, रक्षा और सुरक्षा जैसे क्षेत्रों में सहयोग पर चर्चा की। भारत को भूटान की विकास यात्रा में एक प्रमुख भागीदार होने पर गर्व है। विदेश मंत्रालय ने इस परियोजना के उद्घाटन पर सोशल मीडिया पर पोस्ट कर जानकारी दी. विदेश मंत्रालय ने कहा कि भगवान बुद्ध के पवित्र अवशेषों की मौजूदगी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भूटान के राजा महामहिम जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक ने संयुक्त रूप से 1020 मेगावाट की पुनात्सांगछू-आईआई जलविद्युत परियोजना का उद्घाटन किया। यह जलविद्युत परियोजना, जो भूटान की बिजली उत्पादन क्षमता को 40 प्रतिशत तक बढ़ाएगी, दोनों देशों को बिजली की आपूर्ति करेगी। परियोजना के पूरा होने के साथ गतिशील और पारस्परिक रूप से लाभकारी भारत-भूटान ऊर्जा साझेदारी में एक और मील का पत्थर हासिल हो गया है। प्रधानमंत्री मोदी मंगलवार को दो दिवसीय यात्रा पर भूटान पहुंचे। भारत और भूटान के बीच रिश्ते काफी मजबूत होते जा रहे हैं।

## भूटान नरेश ने दिल्ली विस्फोट पीड़ितों के लिए की प्रार्थना

थिम्फू। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दो दिवसीय दौरे पर भूटान पहुंचे हैं। भूटान की राजधानी थिम्फू के एयरपोर्ट पर पीएम मोदी भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान भूटान सरकार के कई वरिष्ठ मंत्री और शीर्ष अधिकारी मौजूद रहे। पीएम मोदी 11-12 नवम्बर को भूटान दौरे पर रहेंगे। इस दौरे से द्विपक्षीय संबंध मजबूत होंगे। प्रधानमंत्री मोदी भूटान के चौथे राजा जिग्मे सिंग्ये वांगचुक के 70वें जन्मदिन समारोह में भी शामिल होंगे। भूटान नरेश ने दिल्ली विस्फोट पीड़ितों के लिए की प्रार्थना की। पीएम मोदी ने भूटान में दिल्ली विस्फोट पर दुख व्यक्त किया।

# ट्रम्प की बीबीसी पर 8400 करोड़ के मुकदमे की धमकी

## मानहानी का आरोप, वकील बोले: चैनल ने बयान तोड़ा-मरोड़, इससे ट्रम्प की इमेज खराब हुई



■ ट्रम्प की कानूनी टीम का कहना है कि इसे जानबूझकर इस तरह एडिट किया गया था जिससे ट्रम्प की इमेज को नुकसान पहुंचा

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने ब्रिटेन के प्रमुख मीडिया संगठन बीबीसी पर 1 अरब डालर (करीब 8400 करोड़) का मुकदमा करने की धमकी दी है। ट्रम्प के वकीलों ने बीबीसी को कानूनी नोटिस भेजा है, जिसमें कहा गया है कि अगर संस्था ने अपने 'पैनोरमा डाक्यूमेंट्री' पर माफी नहीं मांगी, तो उस पर मुकदमा किया जाएगा।

वकीलों ने न सिर्फ माफी की मांग की है, बल्कि आर्थिक मुआवजे की भी बात कही है। दरअसल, अक्टूबर 2024 में रिलीज बीबीसी की इस डाक्यूमेंट्री में 6 जनवरी 2021 की ट्रम्प की दो अलग-अलग स्पीच के हिस्सों को जोड़कर एक साथ दिखाया गया, जिससे ऐसा लगा कि उन्होंने यह सब एक ही बार में कहा था। ट्रम्प की कानूनी टीम का कहना है कि इसे जानबूझकर इस तरह एडिट किया गया था, जिससे ट्रम्प की इमेज को नुकसान पहुंचा। उन्होंने बताया कि यह केस फ्लोरिडा में दाखिल किया जाएगा, जहां कानून के मुताबिक पीड़ित इंसान दो साल के भीतर मुकदमा दर्ज कर सकता है। इस विवाद के बाद बीबीसी के डायरेक्टर जनरल टिम डेवी और न्यूज सीईओ डेबोरा टर्नेस ने अपने पदों से इस्तीफा दे दिया है। बीबीसी के चेयरमैन समीर शाह ने इस गलत फैसले के लिए माफी मांगी है और कहा है कि संगठन ने सुधार के लिए कदम उठाए हैं। 6 जनवरी 2021 को जब अमेरिकी कांग्रेस जो बाइडेन की जीत की पुष्टि करने वाली थी उसके पहले ट्रम्प ने अपने समर्थकों से कहा था कि हम शांति से और देशभक्ति के साथ अपनी आवाज बुलंद करेंगे। इसके बाद अगले बयान में उन्होंने यह भी कहा था अगर तुम जमकर लड़ाई नहीं करोगे तो तुम्हारा देश नहीं बचेगा। बीबीसी की डाक्यूमेंट्री ने ट्रम्प के बयान के इन दोनों अलग-अलग हिस्सों को ऐसे जोड़ा, जैसे ये एक ही लाइन में बोले गए हों। इससे ऐसा लगा कि ट्रम्प सीधे तौर पर अपने समर्थकों को हिंसा के लिए उकसा रहे थे। इस 'कट-एंड-जाइन एडिटिंग' से यह धारणा बनी कि ट्रम्प ने जानबूझकर कैपिटल हिल हमले को उकसाया, जबकि असली स्पीच में उन्होंने शांति से विरोध की बात भी कही थी।

# फलस्तीनी राजदूत ने की भारत को यूएनएससी में शामिल करने की मांग

■ अब्दुल्ला अबू शावेश बोले: हमारी सुरक्षा के लिए यह जरूरी भारतीय नेताओं ने फलस्तीन की हिमायत की है

**नई दिल्ली।** फलस्तीन के राजदूत को उम्मीद है कि स्वतंत्र फलस्तीन राष्ट्र के गठन और खाड़ी क्षेत्र में स्थाई शांति में भारत और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बड़ी भूमिका निभा सकते हैं। फलस्तीनी राजदूत अब्दुल्ला अबू शावेश के मुताबिक भारत हमारा बड़ा भाई है और 1930 में महात्मा गांधी से लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तक हर भारतीय नेताओं ने फलस्तीन की हिमायत की है।

शावेश ने यह बातें अमर उजाला से विशेष बातचीत में कहीं। शावेश ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में अमेरिका इजरायल के पक्ष में वीटो करता है इसलिए भारत का वहां होना जरूरी है और अगर भारत सुरक्षा परिषद का स्थाई सदस्य बन जाए तो सौ फीसदी फैसला फलस्तीन के पक्ष में होगा, ऐसा हमें विश्वास है। उन्होंने कहा कि शर्मलशेख में हुए शांति प्रस्तावों के बाद भी अभी गाजा में हालात जस के तस बने हुए हैं। हम पर ये प्रस्ताव थोपे गए हैं लेकिन हम निराश नहीं हैं और हम राख के ढेर से भी उठ खड़े होंगे। अब्दुल्ला अबू शावेश ने कहा कि हालांकि गाजा में जंग नहीं चल रही है बल्कि इजरायल न हमला किया है। यह एकतरफा कार्रवाई है जो दो साल से जारी है। इसमें 67 हजार से ज्यादा निर्दोष फलस्तीनियों की मौत हुई है, जिसमें बच्चे, बूढ़े, महिलाएं और मरीज तक शामिल हैं। शावेश के मुताबिक अभी भी गाजा में सात हजार टन विस्फोटक पड़ा हुआ है जो वहां के जनजीवन के लिए सबसे बड़ा खतरा है। बच्चे भुखमरी के शिकार हो रहे हैं। स्कूल अस्पताल नष्ट हो चुके हैं।

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ

पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108